e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 38
गुरुवार
08.02.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

यदि आप अपने ऊपर विश्वास रखते हैं, तो आप किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

ताजा खबरों के लिए देखें

## मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के राजस्व प्राप्ति और व्यय को लेकर की बैठक

# उपभोक्ताओं को मुफ्त मिलेगा 125 यूनिट बिजली : सीएम

**सभी विभागों को कार्यों में तेजी लाने और जनहित से जुड़ी योजनाओं को समय पर पूरा करने का मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश**

### सीएम ने बिजली सब्सिडी में बढ़ोतरी को लेकर ऊर्जा विभाग को प्रस्ताव तैयार करने का दिया निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि बिजली सब्सिडी में जल्द बढ़ोतरी की जाएगी। बिजली उपभोक्ताओं को अब 100 यूनिट की बजाय 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने के साथ सभी वंचित टोलों में बिजली पहुंचाई जाएगी। इस संबंध में ऊर्जा विभाग को प्रस्ताव तैयार करने का उन्होंने निर्देश दिया। मुख्यमंत्री झारखंड मंत्रालय में वित्तीय वर्ष 2023-24 के राजस्व प्राप्ति और व्यय को लेकर विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव व सचिव के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न विभागों के बजटीय प्रावधान और वास्तविक प्राप्ति तथा खर्च की जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की भी समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### वित्तीय प्रबंधन को करें बेहतर

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को वित्तीय प्रबंधन को और भी बेहतर बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति में अब दो महीने से कम का समय बचा है। ऐसे में सभी विभाग अपने बजट की राशि के खर्चे में तेजी लाएं ताकि जो लक्ष्य निर्धारित है, उसे पूरा कर सकें।

### आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मिले आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करें

मुख्यमंत्री ने आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर पिछले वर्ष 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक आयोजित शिविरों में विभिन्न योजनाओं से संबंधित जो आवेदन मिले हैं।उसकी अद्यतन जानकारी ली. इस क्रम में निष्पादित, अस्वीकृत और लंबित आवेदनों के बारे में भी जाना। उन्होंने कहा कि आवेदन लंबित नहीं रहे, इसे हर हाल में सुनिश्चित करें और जिस आवेदन को अस्वीकृत किया गया है उसकी वजह भी बताई जानी चाहिए।

### केंद्र प्रायोजित योजनाओं की भी जानकारी ली

मुख्यमंत्री ने बैठक में विभागवार केंद्र प्रायोजित योजनाओं के उपलब्धियां की जानकारी ली। वित्त विभाग ने मुख्यमंत्री को बताया कि केंद्र सरकार से केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए जो राशि मिली है, उसे खर्च करने के लिए सभी विभागों को आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस राशि के खर्च के बाद अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा ।

### मुख्यमंत्री ने दिए ये अहम निर्देश

- ◎अबुआ आवास योजना की स्थाई प्रतीक्षा सूची बने। इस योजना के तमाम विसंगतियों को तुरंत दूर करने का निर्देश। इसके साथ इस योजना के दुरुपयोग और गलत इस्तेमाल किए जाने पर कार्रवाई का भी प्रावधान किया जाए।
- ◎सभी सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश।
- ◎सरकार द्वारा धान क्रय को लेकर किसानों को समय पर राशि का भुगतान सुनिश्चित करें।
- ◎हरा राशन कार्डधारियों को हर महीने अनाज देने और पीडीएस डीलरों के कमीशन बढ़ाने की प्रक्रिया जल्द पूरी करें।
- ◎जनजातीय भाषाओं के लिए शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द पूरी हो।
- ◎12वीं कक्षा के सभी छात्रों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने की पहल शुरू होनी चाहिए।
- ◎5 वर्ष से पुराने सभी सड़कों की मरम्मत कराने का भी मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश।
- ◎मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री ग्रामीण गाड़ी योजना को तुरंत चालू करने का भी निर्देश दिया।

### कार्यों में तेजी लाने का निर्देश

मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को विभिन्न योजनाओं के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया, ताकि यहां की ज्यादा से ज्यादा जनता को इसका लाभ दे सकें। मुख्यमंत्री ने जनहित से जुड़ी तमाम योजनाओं को समय पूरा करने को भी कहा। उन्होंने स्वीकृत योजनाओं का कार्य जल्द शुरू करने और लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का भी निर्देश दिया।

# हेमंत सोरेन की रिमांड अवधि पांच दिन और बढ़ी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्रवर्तन निदेशालय एक बार फिर से अगले पांच दिनों तक पूछताछ करेगी. बुधवार को ईडी की विशेष अदालत ने ईडी की दलील सुनने बाद पूछताछ के लिए एक बार फिर से रिमांड मुकर्रर कर दिया.

ईडी दूसरी बार पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से पांच दिनों तक पूछताछ करेगी. 5 दिन की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद एजेंसी के अधिकारियों ने कड़ी सुरक्षा के बीच पूर्व मुख्यमंत्री को विशेष अदालत में पेश किया. जहां ईडी के अधिकारियों ने अदालत को बताया कि अभी भी रांची जमीन घोटाले मामले में हेमंत सोरेन से काफी कुछ जानना बाकी है.

ऐसे में एक बार फिर से 7 दिनों की रिमांड दी जाए. हालांकि तमाम दलीलों को सुनने के बाद अदालत में 5 दिनों की रिमांड एक बार फिर से मंजूर कर दी. इससे पूर्व पांच दिनके रिमांड पर हेमंत और उनके कुछ करीबियों से ईडी पूछताछ कर चुकी है. मंगलवार को ईडी ने रांची जमीन घोटाले में बड़गाई की 8.50 एकड़ जमीन के कब्जे व मनी लॉन्ड्रिंग के केस में ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूरे दिन पूछताछ की थी, वहीं पूछताछ और जांच में आए तथ्यों के आधार पर ईडी ने मंगलवार दोपहर में पूर्व सीएम के करीबी दोस्त आर्किटेक्ट विनोद सिंह को भी अचानक तलब किया था.

ईडी ने दोपहर एक बजे के बाद तकरीबन पांच घंटे तक विनोद सिंह से पूछताछ की थी. अवैध खनन और गवाहों को प्रभावित करने से जुड़े केस में छापेमारी के बाद विनोद सिंह पहली बार ईडी की रडार पर आए थे. इस केस के बाद अब जमीन घोटाले में विनोद सिंह का बयान ईडी ने लिया गया है.

इधर बुधवार सुबह 7 बजे ईडी की टीम कोलकाता के एक कारोबारी के घर पहुंची. सीजीओ कॉम्प्लेक्स के सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने सुबह दक्षिण कोलकाता के मुदियाली में प्रतिष्ठित व्यवसायी के घर पर छापा मारा. इससे पहले भी इस मामले में दो कारोबारियों से पूछताछ की जा चुकी है.

## क्विक न्यूज

### उत्तराखंड में कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत के घर ईडी ने की छापेमारी

**नई दिल्ली :** उत्तराखंड में कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत और अन्य लोगों के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापेमारी की है. जानकारी के मुताबिक, मनी लॉन्ड्रिंग मामले से जुड़ी ये रेड उत्तराखंड और दिल्ली-एनसीआर में एक दर्जन से अधिक ठिकानों पर हुई.इससे पहले दिल्ली जल बोर्ड में भ्रष्टाचार के मामले में ईडी ने कार्रवाई की थी. केंद्रीय एजेंसी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार और राज्यसभा सांसद एनडी गुप्ता समेत आम आदमी पार्टी के कई नेताओं के यहां छापेमारी की थी.

### बक्सा टाइगर प्रोजेक्ट के जंगल में छोड़े गए 52 चीतल हिरण

**अलीपुरद्वार :** बक्सा टाइगर प्रोजेक्ट के राजाभातखावा जंगल में बुधवार को 52 चीतल हिरणों को छोड़ा गया है। वन विभाग के अनुसार पिछले तीन वर्षों में सैकड़ों चीतल हिरणों को बक्सा के जंगल में छोड़ा जा चुका है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, बाघों की भोजन आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बक्सा टाइगर प्रोजेक्ट में 52 चीतल हिरणों को छोड़ा गया है। इन हिरणों को बेथुदाहारी वन्यजीव अभयारण्य से बक्सा लाया गया है। दरअसल, बक्सा के जंगल में सांभर जाती के कई हिरण है। इनमें से चीता हिरण बाघों का मुख्य आहार है। जिसकी संख्या बक्सर में बहुत कम है। वन विभाग ने कमी को पूरा करने के लिए राज्य के विभिन्न अभयारण्यों से बक्सा में चीतल हिरणों को लाने की योजना बनाई गई। जिसके बाद बुधवार को वन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में 52 चीतल हिरणों को बक्सा टाइगर प्रोजेक्ट के राजाभातखावा जंगल के कोर एरिया में छोड़ा गया।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक सत्यनारायण पंचतत्व में विलीन

**जयपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक सत्यनारायण बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। यहां के चांदपोल मोक्षधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनका मंगलवार रात को 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। पिछले दो महीने से उनका सवाई मानसिंह अस्पताल में उपचार चल रहा था। राष्ट्रीय स्वयंससेवक संघ के जयपुर विभाग प्रचार प्रमुख अशोक शर्मा ने बताया कि सत्यनारायण 1947 में स्वयंसेवक बने और 1961 में प्रचारक बने। गंगानगर, सवाईमाधोपुर, सीकर, टोंक में प्रचारक रहे। देश में आपातकाल के समय जयपुर संघ कार्यालय प्रमुख के नाते काम संभाला। इस दौरान हजारी लाल छद्म नाम से पुलिस की गिरफ्त से दूर रहते हुए आपातकाल के विरुद्ध जनजागरण के काम में सक्रिय रहे।सत्यनारायण की अंतिम यात्रा भारती भवन से चांदपोल मोक्षधाम पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में संघ के वरिष्ठ प्रचारक शंकर लाल, क्षेत्र संघचालक डॉ रमेश चन्द्र अग्रवाल, क्षेत्र प्रचारक निंबाराम, प्रांत कार्यवाह गेंदालाल, प्रांत प्रचारक बाबूलाल सहित कई गणयमान्य शामिल हुए। श्रद्धांजलि सभा गुरुवार (8 फरवरी) को शाम 4 बजे आदर्श विद्यामंदिर अंबाबाड़ी में आयोजित की गई है।

### सड़क हादसे में दुल्हन की मौत, दूल्हे की हालत गंभीर

**सीकर :** जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र में शादी करके लौट रहे दूल्हे-दुल्हन की कार का बुधवार सुबह फतेहपुर-सालासर हाईवे पर जोरदार एक्सीडेंट हो गया। हादसे में दुल्हन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूल्हे समेत दो लोग घायल हो गए। हादसा मरडाटू गांव के पास हुआ। नवदंपती की कार सामने आ रहे डंपर से टकरा गई, जिसके बाद चीख पुकार मच गई। लक्ष्मणगढ़ तहसील में बाटडानाउ गांव के निवासी 25 वर्षीय नरेंद्र पुत्र रघुवीर सिंह की शादी हरियाणा की हिसार में मंगलवार रात हुई थी।

शादी कर बुधवार सुबह वे वापस लौट रहे थे। इस दौरान फतेहपुर सालासर हाईवे पर पहुंचे थे कि तभी उनकी क्रेटा गाड़ी सामने से आ रहे डंपर से जा टकराई। इसके बाद क्रेटा गाड़ी में सवार दूल्हा नरेंद्र पुत्र रघुवीर सिंह निवासी लक्ष्मणगढ़, दुल्हन 24 वर्षीय खुशबू पत्नी नरेंद्र निवासी हिसार हरियाणा और ड्राइवर 32 साल के नितिन पुत्र नेमीचंद निवासी बाडूसर लक्ष्मणगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए।

### किसान सम्मान दिवस पर सम्मानित होंगे अन्नदाता

**मीरजापुर :** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन 23 दिसंबर को किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर अन्नदाता किसानों का पुरस्कृत किया जाता है। इसके लिए अबतक 31 किसानों ने आवेदन किया है। आवेदन की तिथि 15 फरवरी तक ब?ा दी गई है।उप कृषि निदेशक विकेश पटेल ने बताया कि किसान सम्मान दिवस योजना के तहत वर्ष 2024-25 में किसानों को पुरस्कृत किया जाता है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26⁰ |
| न्युनतम | 12⁰ |

### तमिलनाडु में बढ़ा बीजेपी का कुनबा

# 15 पूर्व विधायक और 1 पूर्व सांसद हुए शामिल



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव से पहले तमिलनाडु में बीजेपी के कुनबे में इजाफा हुआ है. 15 पूर्व विधायक और 1 पूर्व सांसद आज बीजेपी में शामिल हो गए. केंद्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर की मौजूदगी में आज सभी नेताओं ने बीजेपी जॉइन की. इस दौरान उन्होंने सभी नेताओं का स्वागत करते हुए कहा, विश्व की सबसे बड़ी पार्टी में आपका स्वागत है. इसके साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि लोकसभा चुनाव में इस बार बीजेपी की 370 और एनडीए की 400 सीटें आएंगी. वहीं विपक्षियों पर निशाना साधते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जंतर मंतर पर बैठे नेता ड्रामा कर रहे हैं. बीजेपी में जॉइन करने वालों की लिस्ट सामने आई है.लिस्ट में पूर्व एडीएमके विधायक के वाडीवेल, चैलेंजर दुरैसामी, पीएस कंडासामी, आर चिन्नासामी, पूर्व मंत्री गोमती श्रीवासन, वीआर जयारमण, एसएम वासन, पीएस अरुल, एस गुरुनाथन, आर राजेंद्रन, सेल्वी मुरुगेसन, ए रोकिनी, के तमिललागन, एसई वेंकटाचलम, मुथू कृष्णण और पूर्व डीएमके सांसद वी कुलदैवेलु के नाम शामिल हैं.बता दें कि लोकसभा चुनाव करीब आ रहे हैं, ऐसे में बड़ी संख्या में पूर्व विधायकों और सांसद का बीजेपी में शामिल होना दक्षिण में पार्टी की बढ़ती साख को दिखाता है. इस मौके पर केंद्रीय मंत्री राजीव चंदशेखर ने खुशी जाहिर कर लोकसभा चुनाव में बीजेपी की 370 सीटें जीतने का विश्वास जताया.

# उत्तराखंड विधानसभा में यूसीसी बिल पास

**समान कानून लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना उत्तराखंड**




**एजेंसी**

**देहरादून :** उत्तराखंड ने इतिहास रच दिया है. बुधवार को विधानसभा सत्र के दौरान चर्चा के बाद समान नागरिक संहिता बिल यानी यूसीसी ध्वनिमत से पास हो गया. इसकी के साथ उत्तराखंड समान कानून लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है. प्रस्ताव पारित होने से पहले बिल पर बोलते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारे संविधान निर्माताओं ने जो सपना देखा था, वह जमीन पर उतरकर हकीकत बनने जा रहा है. हम इतिहास रचने जा रहे हैं. देश के अन्य राज्यों को भी उसी दिशा में आगे बढ़ना चाहिए. यूसीसी बिल पास होने के बाद अब इसे राज्यपाल के पास भेजा जाएगा. राज्यपाल के दस्तखत होते ही ये कानून बन जाएगा. इससे राज्य के सभी लोगों पर समान कानून लागू हो जाएंगे. हालांकि, अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लोगों पर इसके प्रावधान लागू नहीं होंगे. समान नागरिक संहिता का वादा बीजेपी ने 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान किया था. धामी की सरकार बनने के बाद इसे लेकर समिति बनाई गई थी. इस समिति ने ढाई लाख से ज्यादा सुझावों के बाद यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार किया था. उत्तराखंड पहला ऐसा राज्य होगा जहां समान नागरिक संहिता का कानून लागू होने जा रहा है. इससे पहले गोवा में समान नागरिक संहिता लागू है, लेकिन वहां पुर्तगाल के शासन काल से ही ये लागू है.

# चतरा में मुठभेड़, 2 जवान शहीद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** चतरा जिले के जोरी थाना बॉर्डर इलाके के बेरियो थाना क्षेत्र में नक्सली और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मी शहीद हो गए. प्राथमिक सूचना के अनुसार पेट्रोलिंग पर निकली पुलिस की मुठभेड़ नक्सलियों से हो गई, जिसमें दो जवानों के शहीद होने की सूचना है. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मुख्यालय से अतिरिक्त बल के साथ घायल सिपाही को इलाज के लिए भेजने की व्यवस्था किया गया. प्राथमिक जानकारी के अनुसार सुरक्षाकर्मी अफीम की फसल नष्ट कर लौट रहे थे. इसी दौरान टीपीसी नक्सली संगठन के दस्त ने अचानक पुलिस बल पर हमला कर दिया. नक्सलियों ने फायरिंग में दो पुलिसकर्मी सिकंदर सिंह और सुकन राम शहीद हो गए. वहीं तीन जवान कृष्णा, आकाश और संजय घायल हैं. आनन-फानन में घायल जवानों को सदर अस्पताल लाया गया जहां उनकी गंभीर अवस्था देखते हुए रांची रेफर कर दिया गया. इस एनकाउंटर में नक्सलियों को भी गोली लगी है. शहीद सिकंदर राम गया के रहने वाले थे. वहीं, सुकन राम पलामू के रहने वाले थे. एसडीपीओ संदीप सुमन ने घटना की पुष्टि की है, साथ ही कहा कि पूरे मामले की जानकारी ली जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है. एसडीपीओ ने कहा कि क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है.

### सीएम ने जताया शोक

रांची : मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने चतरा जिले के जोरी और बेरियो थाना के सीमा क्षेत्र में नक्सली मुठभेड़ में दो जवानों के शहीद होने पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से नक्सलियों ने इस घटना को अंजाम दिया है, वह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मुठभेड़ में शहीद दोनों जवानों के परिवार के साथ सरकार खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन जवानों की शहादत बेकार नहीं जाएगी। नक्सली गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए सरकार सभी जरूरी कदम उठा रही है। नक्सलियों के खिलाफ पुलिस का ऑपरेशन लगातार जारी रहेगा। किसी भी हाल में सुरक्षा बलों के मनोबल को गिरने नहीं दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने गृह विभाग और पुलिस महानिदेशक को नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई करने और इस मुठभेड़ में घायल जवान के समुचित और बेहतर इलाज सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

# संसद में पीएम मोदी ने पढ़ी नेहरू की चिट्ठी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए बुधवार को राज्यसभा में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने एक बार फिर देश के पहले प्रधानमंत्री नेहरू का जिक्र किया. लेकिन इस बार नेहरू का जिक्र आरक्षण के संदर्भ में किया. प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यसभा को संबोधित करते हुए कहा कि एक बार नेहरू जी ने एक चिट्ठी लिखी थी और ये उस समय देश के मुख्यमंत्रियों को लिखी गई चिट्ठी है. मैं इसका अनुवाद पढ़ रहा हूं. मोदी इसी चिट्ठी का अनुवाद पढ़ते हुए कहा, मैं किसी भी आरक्षण को पसंद नहीं करता और खासकर नौकरी में आरक्षण तो कतई नहीं. मैं ऐसे किसी भी कदम के खिलाफ हूं, जो अकुशलता को बढ़ावा दे और दोयम दर्जे की तरफ ले जाए. ये पंडित नेहरू की मुख्यमंत्रियों को लिखी चिट्ठी है.पीएम मोदी ने कहा कि इसलिए मैं कहता हूं कि ये जन्मजात आरक्षण के विरोधी हैं. नेहरू कहते थे कि अगर एससी-एसटी-ओबीसी को नौकरियों में आरक्षण मिला तो सरकारी कामकाज का स्तर गिर जाएगा. आज ये लोग जो आंकड़ें गिनाते हैं ना, उसका मूल यहां हैं. उस समय इन लोगों ने इसे रोक दिया था. अगर उस समय सरकार में भर्ती हुई होती और वो प्रमोशन करते-करते आगे बढ़ते तो आज यहां पर पहुंचते. बता दें कि यहां पीएम मोदी ने 27 जून 1961 को नेहरू द्वारा देश के मुख्यमंत्रियों को लिखी चिट्ठी का जिक्र किया था. इस चिट्ठी में नेहरू ने पिछड़े समूहों को जाति के आधार पर नौकरियों में आरक्षण की पैरवी ना कर उन्हें अच्छी शिक्षा देकर सशक्त करने पर जोर दिया था. बता दें कि बीते तीन दिनों में पीएम मोदी ने दूसरी बार नेहरू और कांग्रेस पर हमला बोला है. पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने ओबीसी को कभी भी पूर्ण आरक्षण नहीं दिया इसलिए उन्हें सामाजिक न्याय पर ज्ञान नहीं देना चाहिए.



### चम्पाई सोरेन मंत्रिमंडल का विस्तार 16 फरवरी को

**रांची (प्रभातम मंत्र संवाददाता)** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार 16 फरवरी को दोपहर तीन बजे होगा। यह जानकारी बुधवार को राजभवन ने दी।पांच फरवरी को विधानसभा में फ्लोर टेस्ट पास करने के बाद आठ फरवरी को दिन के 2.30 बजे शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन की तैयारी की गयी थी लेकिन अब समय बदल दिया गया है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने तारीख आगे बढ़ाने के लिए राजभवन से आग्रह किया है।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद
अब हृदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है
78083 68888 | www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## नवोदय में नामांकन के लिए परीक्षा दस को



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2024-25 में वर्ग नवम और 11वीं में नामांकन को लेकर 10 फरवरी को परीक्षा का आयोजन किया गया है। स्कूल के प्राचार्य भुवनेश्वर साह ने कहा की 10 फरवरी को होने वाली पार्श्व चयन प्रवेश परीक्षा नवम एवं एकादश में नामांकन के लिए सम्बंधित अभ्यर्थियों का परीक्षा केन्द्र जवाहर नवोदय विद्यालय अन्नराज, नवाडीह में बनाया गया है। उन्होंने कहा कि नवम वर्ग में कुल 129 परीक्षार्थी और 11वी के लिए 104 अभ्यर्थी परीक्षा में बैठेंगे। परीक्षा प्रभारी शिक्षक अजीत कुमार को बनाया गया है। सभी परीक्षार्थी 10 बजे पूर्वाह्न तक परीक्षा केंद्र पर पहुँचना सुनिश्चित करेंगे।

## ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय पर किया बिरोध प्रदर्शन

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विशुनपुरा प्रखंड के पिपरी खुर्द के ग्रामीणों ने अबुआ आवास योजना में घोर अनियमितता को लेकर प्रखंड कार्यालय पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया.ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के विरुद्ध घोर अनियमितता को लेकर नाराजगी जताई है.वार्ड सदस्य सुनीता देवी ग्रामीण सरस्वती देवी, जितनी कुंवर, छठनी कुंवर, मालती देवी, सबिता देवी, एतवरिया देवी, चंपा देवी, प्रमिला देवी, मैना देवी, कुंती देवी, जितनी देवी, शिला देवी, राजकुमारी देवी, राजवंती देवी, ललिता देवी राधा भुइया, रामनाथ भुइयाँ, झाऊल भुइयाँ, संतोष भुइयाँ बलराम साव, मिथलेश कुमार रवि सहित कयी ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि हम सभी का मिट्टी का घर होते हुए भी आवास में नाम नहीं आया है. वही बताया कि अबुआ आवास में घोर लापरवाही बरती जारही है. ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन के मिली भगत से अबुवा आवास में बाबुओं का बोलबाला चल रहा है.ग्रामीणों ने बताया कि अबुआ आवास योजना में कर्मियों के माध्यम से घर-घर जाकर सत्यापन ना करते हुए एक जगह बैठकर कर ही लाभुकों का चयन कर लिया गया है.इस दौरान योग लाभुकों का नाम सूची से हटा दिया गया है.ग्रामीणों ने बताया कि प्रखंड कार्यालय के पदाधिकारी से जानकारी लेने पर हम सभी लोगों को डांट फटकार कर भगा दिया गया है. जिसको लेकर हम सभी प्रखंड प्रमुख दीपा कुमारी को अबुआ आवास में सूची दुरुस्त करने को लेकर मांग पत्र शौपा है. ग्रामीणों ने अबुआ आवास योजना के योग्य लाभुकों का चयन करने का आग्रह किया है.वही इस सम्बंध में पूछे जाने पर प्रखंड प्रमुख दीपा कुमारी ने बताया कि ग्रामीणों का आवेदन मिला है. जिसको लेकर उपायुक्त से समस्या को निदान करने हेतु आग्रह करेंगे. वैसे बीडीओ को सूचनार्थ कर दिया गया है.

## उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने बुधवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार मे चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गुरहा निवासी विधवा सुमित्रा देवी ने उपायुक्त से जीवन निर्वाह हेतु मुआवजा एवं सरकारी नौकरी देने का निवेदन की। विधवा सुमित्रा देवी के पति स्व संतोष यादव उर्फ सत्यप्रकाश यादव की हत्या अगस्त 2023 में नक्सलियों द्वारा कर दी गई थी। इसी तरह रेहला थाना क्षेत्र के ग्राम डंडिकला निवासी मो. आशिक अंसारी ने उपायुक्त से अंचल कार्यालय विश्रामपुर द्वारा एक ही भूमि को दो बार अलग-अलग नाम से दाखिल खारिज करने की शिकायत किया। इसी तरह लेस्लीगंज प्रखण्ड क्षेत्र के स्मृति दुबे, पांडु थाना क्षेत्र के नीलम देवी, ऊंटारी रोड थाना क्षेत्र के हसबुन खातून सहित कई लोगो ने उपायुक्त से अबुआ आवास योजना का लाभ देने का अनुरोध किया। इसी तरह पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सकलदीप निवासी जितेंद्र कुमार पांडेय ने उपायुक्त से शिकायत किया कि अंचलाधिकारी पाटन द्वारा मेरे जमीन को गलत तरीके से दूसरे व्यक्ति के नाम से ऑनलाइन कर दिया गया है। इसी तरह लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम इटहे निवासी विक्रम सिंह ने उपायुक्त से लगान रशीद ऑनलाइन करवाने का अनुरोध किया।आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, अबुआ आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने,वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## जग नारायण राम की श्रद्धांजलि कार्यक्रम मे शामिल हुए राजद के पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय राम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के विशुनपुर गांव के टोला इमलियाटांड के समाज सेवी अजय कुमार के पूजनीय दादा स्व जग नारायण राम के श्रद्धा कार्यक्रम मे राजद के पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय राम , रविदास विकास समिति के अध्यक्ष श्री राम गोविंद राम शिक्षक , पंचायत के मुखिया श्री जितेंद्र कुमार भारती, राजद के प्रखंड अध्यक्ष लवलेश यादव, उपाध्यक्ष श्री गोपाल राम शिक्षक,सचिव कृष्णा कुमार रवि,पूर्व विधान सभा के अध्यक्ष रामबाबु , रामजी राम शिक्षक , रामनदन राम शिक्षक, लक्ष्मण राम , संतोष ठाकुर , पत्रकार विश्वप्रेम कुमार रंजन ने जग नारायण राम के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया । इस कार्यक्रम मे बौद्ध पद्धति से एक दिवसीय बौद्धाचार्य अजय राम ने कार्यक्रम संपन्न करायी गई।वही पर रविदास विकास समिति के अध्यक्ष श्री राम गोविंद राम शिक्षक ने सम्बोधन करते हुए कहा कि रुढवादियों की विचार- धाराओं पर विशेष बल दिया है,और हम सबों की अनुपालन करने की जरूरत है। मौके पर पूर्व मुखिया पति सुकन राम,श्याम सुंदर देहाती, जनेश्वर राम शिक्षक, जगदीप कुमार राम शिक्षक, रामव्रत यादव, विंदेश्वर राम शिक्षक,सुनील कुमार समेत जन प्रतिनिधिगण व काफी संख्या मे गणमान्य लोग मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण में प्रमुख को मिली गड़बड़ी

### मनमानी की वजह से आंगनबाड़ी केंद्रों से छोटे बच्चें को नहीं मिल रहा लाभ




प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर(पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बोड़ी पंचायत में प्रमुख गायत्री देवी ने आंगनबाड़ी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-04 का सेविका सहनाज खातून का केंद्र पर बच्चा था लेकिन बच्चों ने जानकारी दिया की खाने के लिए कुछ भी सेविका द्वारा अभी तक कुछ नहीं दिया गया है। वहीं दूसरी और आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-02 का सेविका शोभावती देवी का केंद्र में बच्चों की संख्या जांच के दौरान तीन ही पाया गया। जिसपर प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि जांच के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-04 का सेविका सहनाज खातून आंगनबाड़ी केंद्र पर थी और बच्चे भी थे लेकिन बच्चे को कुछ खाने के लिए उसके द्वारा नही दिया गया था और वहीं केंद्र संख्या-02 का सेविका शोभावती देवी केंद्र पर मौजूद नहीं थी और बच्चे की संख्या भी तीन थीं और बच्चें खेलते नज़र आए और जब सेविका के बारे में बच्चें से पूछा तो बच्चों ने बताया कि मैडम घर गई हैं। यह जांच का विषय है इसकी शिकायत हम उच्च अधिकारियों से इसके बारे में लिखित शिकायत करेंगे। और उन्होंने कहा कि जांच के दौरान किसी भी आंगनबाड़ी केंद्र पर सेविका से पूछे जाने पर उन लोगो ने बताया की अक्टूबर माह से पोशाहार नहीं आ रहा हैं जिसके कारण गर्भवती महिलाओं के बीच हम लोगो वितरण नही कर पा रहे हैं। इस संबंध मे सुपरवाइजर अमिता कुमारी ने कहा कि सेविका लोग कई बार जांच के दौरान मुझे भी नही मिली हैं अब ऐसे लोगो पर जांच कर त्वरित कारवाई की जाएगी और उन्होंने बताया कि पोशाहार तीन माह पीछे चल रहा हैं जिसके कारण आंगनबाड़ी केंद्रों पर देखने को नहीं मिला हैं।

## कदाचारमुक्त मैट्रिक की परीक्षा हुई संपन्न, एसडीएम ने किया परीक्षा केंद्र की औचक निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नौड़ीहा बाजार (पलामू):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के राजकीय कृत मध्य विधालय नामुदाग परीक्षा केंद्र पर बुधवार के माध्यमिक वार्षिक परीक्षा 2024 की गृह विज्ञान की पेपर की परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न हुई। गृह विज्ञान की विषय मे कुल 169 विधार्थी ने परीक्षा फार्म भरें थे जिसमें चार विद्यार्थी ने अनुपस्थित थे। राजकीय कृत मध्य विधालय नामुदाग मे अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार ने परीक्षा केंद्र कीऔचक निरीक्षण किया है और परीक्षा केंद्र पर तैनात दंडाधिकारी पंकज कुमार व केंदाधीक्षक डा माहिम कुमार शर्मा के शांतिपूर्ण वातावरण और कदाचार मुक्त परीक्षा कराने के लिए निर्देश दिया और परीक्षा केंद्र के बाहर 100 मीटर की परिधि में परीक्षा अवधि तक 144 धारा लागु रहेगा । परीक्षा केंद्र पर मौजूद केंद्राधीक्षक डा माहिम कुमार शर्मा, दंडाधिकारी पंकज कुमार, सहायक अवर निरीक्षक टुनटुन कुमार राय समेत सभी वीक्षक मौजूद थे।

## एआईएमआईएम प्रभारी डा. एमएन खान ने किया रमकंडा प्रखंड का दौरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** एआईएमआईएम पार्टी के पलामू सह गढ़वा-रंका विधानसभा प्रभारी डॉ एमएन खान ने गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के रमकंडा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का दौरा किया। दौरा के पश्चात डॉ. एमएन खान ने रमकंडा प्रखंड अंतर्गत रमकंडा, बिचला टोला, शिशवा, बिराजपुर, मगराही, मुरली, एवं गंगा टोली आदि स्थानों पर बैठक किया।बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ. खान ने कहा कि एआईएमआईएम पार्टी गरीब, शोषित और वंचितों की पार्टी है। आज भी पार्टी की प्रति लोकप्रियता कम नहीं हुई है। हमें बस पार्टी के विचारधाराओं को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 का विधानसभा चुनाव, निश्चित तौर पर गढ़वा विधानसभा एआईएमआईएम लड़ने का काम करेगी जिसका सभी लोगों ने एआईएमआईएम में आस्था व्यक्त करते हुए पूर्ण समर्थन किया। डॉ. खान ने कहा कि वर्तमान झारखंड की सरकार एवं मंत्री जो बड़े-बड़े वादे कर आपका वोट लेकर गए इसका आपके बीच भरपाई नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम पार्टी पिछड़ी, आदिवासी, दलित व दबे-कुचले लोगों का हक अधिकार के बारे में आवाज उठाती रही है। उन्होंने कहा कि अब गढ़वा- रंका विधान सभा क्षेत्र के लोग किसी राजनीतिक पार्टी के झांसे में नहीं आने वाले हैं। यहां की जनता सिर्फ एआईएमआईएम पार्टी को समर्थन देने का मन बना ली है। लोग लगातार इस पार्टी से जुड़ रहे हैं। इस अवसर पर एआईएमआईएम पार्टी के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक, जिला उपाध्यक्ष आशिक मंसूरी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मजहर हुसैन रजवी, रंका प्रखंड अध्यक्ष इबरान अंसारी, रंका प्रखंड सचिव सुदामा कुमार रवि, प्रखंड युवा सचिव कामेश कुमार रवि, जिला युवा सचिव डॉ आफताब आलम आदि उपस्थित थे।

## केतात के कांग्रेसी नेता बिजय चौबे राहुल गांधी के साथ लगातार कर रहे मंच साझा

### - विश्रामपुर विधानसभा के हो सकते हैं संभावित प्रत्याशी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर पलामू :** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कांग्रेस प्रदेश कमेटी के बिजया चौबे शामिल हुए। साथ हीं रांची, रामगढ़ आदि जिलों में निकाली गई यात्रा में राहुल गांधी के साथ मंच साझा किया। जहां कार्यकताओं की ओर से सम्मानित किया गया। वहीं वर्तमान राजनैतिक परिदृश्य पर श्री चौबे पर प्रकाश डाला।? राहुल गांधी के कार्यक्रम में लगातार बढ़चढ़ भाग लेना व मंच साझा करना यह बताता है कि पार्टी में बिजया चौबे स्थान रखते हैं।? राहुल गांधी के साथ आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने व मंच संचालन को लेकर विश्रामपुर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। इसकी जानकारी देते हुए चौबे ने बताया कि आगामी विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के बीमोड़, विश्रामपुर, नावाबाजार क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम ऐतिहासिक होगी। इसकी सफलता को लेकर वे कार्य कर रहे हैं। बीमोड़ पर हजारों कार्यकर्ताओं के साथ राहुल गांधी के स्वागत होगा। विदित हो कि कांग्रेसी नेता बिजया चौबे विश्रामपुर प्रखंड के केतात गांव के निवासी हैं। विश्रामपुर विधानसभा के प्रथम विधायक सह स्वतंत्रता सेनानी भुनेश्वर चौबे के परिवार से आते हैं। पूरा परिवार पार्टी के प्रति सदैव तत्पर होकर समर्पित भाव से कार्य करते हैं। लोकसभा व राज्य के अलग अलग विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित होने वाले चुनाव में बतौर प्रभारी नियुक्त कर चुनाव की जिम्मेवारी दी जाती है। ऐसे में बिजय चौबे विश्रामपुर विधानसभा के लिए मजबूत प्रत्याशी के रूप में देखे जा रहे हैं। लगातार पार्टी के कार्यक्रम में भाग लेना व बढ़चढ़ कर भागिदारी स्थापित करना बताया है कि चौबे विश्रामपुर से कांग्रेस प्रत्याशी होने की संभावना बढ़ गई है।

## सिगसिगी में श्री हरि कथा आठ फरवरी से होगा शुरू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू):** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत सिगसिगी ग्राम पंचायत स्थित गढ़टोला देवी धाम स्थल पर आगामी आठ फरवरी से आचार्य विष्णुचित जी महाराज हरिकथा का श्रवण करायेंगे.इसकी जानकारी आयोजक पंकज कुशवाहा और भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से दी.श्री चौधरी ने बताया कि प्रवचन आठ फरवरी से दस फरवरी तक 12 बने दिन से शाम पांच बजे चलेगा.उन्होंने धर्मप्रमी लोगों से कथा में शामिल होने का आग्रह किया है. मौके पर राजा बाबू, नरेश सिंह,राहुल गुप्ता, सन्तोष गुप्ता, अवधेश गुप्ता, धीरज गुप्ता, श्याम नारायण सोनी,संजय मेहता, पृथ्वी साह, सत्यनारायण चंद्रवंशी, सुनिल तिवारी, बबलू साह, विक्रांत कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## आयोजित प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन में किया गया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक को विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा विगत 02 -05 फरवरी तक सरस्वती विद्या मंदिर ललमटिया(गिरीडीह) में आयोजित प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन में सम्मानित किया गया.यह सम्मान उन्हें सत्र 2022-23 में आयोजित माध्यमिक परीक्षा में शत-प्रतिशत प्रथम श्रेणी से भैया-बहनों के उतीर्ण होने के लिये दिया गया.सम्मेलन में प्रधानाचार्य रविकांत पाठक को शॉल एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया. प्रधानाचार्य को सम्मानित किये जाने पर विद्यालय परिवार में हर्ष व्याप्त है तथा बधाईयों का तांता लगा है. विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ धर्मचन्दलाल अग्रवाल, राजकुमार प्रसाद, सचिव रविप्रकाश, सह सचिव अनिल कुमार विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष विद्या भास्कर, अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार, समिति सदस्या शशिकला, नीरज पाण्डेय, सदस्य अशोक कुमार सिंह आदि ने बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान प्रधानाचार्य, आचार्य, अभिभावक एवं भैया-बहनों के परिश्रम का फल है।

## प्रज्ञा केंद्र का ताला तोड़कर लैपटॉप का चोरो ने कर लिया चोरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** मेराल थाना के गेट के बगल में सोमवार की रात्रि मैं अज्ञात चोरों ने प्रज्ञा केंद्र का ताला तोड़कर लैपटॉप की चोरी कर ली। घटना को लेकर प्रज्ञा केंद्र संचालक सलीम अहमद पिता शकील अहमद ने मेराल थाने में लिखित आवेदन देकर कहा है कि बीती रात्रि वह सीएससी प्रज्ञा केंद्र में शाम 5 बजे तक काम करने के बाद ताला बंद कर घर चला गया था। जब वह सुबह दुकान पर आया तो देखा कि दुकान का गुलाबा काटा हुआ है। अंदर देखा तो दुकान में रखा लैपटॉप गायब है साथ ही कुछ कागज एवं अन्य सामान तीतर बीतर किया हुआ है। जानकारी मिलने पर अगल-बगल के लोग वहां जमा हो गए तथा थाना के बगल में हुई चोरी की घटना से लोगों में रोष व्याप्त है। बता दें कि थाना मुख्यालय में यह चोरी की दूसरी घटना है। जनवरी में ही चारका पत्थर में शिक्षक आरिफ अंसारी के यहां अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था जिसका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है।

### एनसीपी अजीत गुट की घड़ी बरकरार, प्रदेश अध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी बधाई

## सच्चाई की हुई जीत : कमलेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद,पलामू :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजीत गुट को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ चुनाव चिन्ह घड़ी बरकरार रहने का निर्णय मंगलवार को चुनाव आयोग के निर्णय का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने स्वागत किया है। उन्होंने अपनी खुशी का इजहार करते हुए कहा कि सच्चाई की हमेशा जीत होती है। उन्होंने पार्टी को मान्यता मिलने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत पवार व झारखंड प्रभारी प्रफुल्ल पटेल को दूरभाष पर बधाई दी। उन्होंने इस निर्णय की खुशी में एनसीपी के प्रदेश कार्यालय समेत राज्य के विभिन्न जिलों व प्रखंडों में कार्यक्रम आयोजित कर आम जनता व कार्यकर्ताओं को इससे अवगत कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पार्टी एनडीए के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगी। केंद्र में नरेंद्र भाई मोदी को झारखंड से 14 की 14 सीटें देने का काम पार्टी करेगी। साथ ही झारखंड विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की सरकार बनाकर राज्य में स्वच्छ और जनता के भरोसे वाली सरकार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है।

# डालटनगंज में दिनदहाड़े महिला की गोली मारकर हत्या



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पलामू :** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के सद्दीक चौक से सटे इलाके में बुधवार की दिनदहाड़े एक अधेड़ महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गयी. घटना सद्दीक चौक से शाहपुर जाने वाली सड़क पर स्थित मुकेश भोजनालय में हुई. महिला की पहचान 55 वर्षीय नमिता देवी के रूप में हुई है. नमिता इसी थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर-भट्ठी मुहल्ला की निवासी थी.बता दें कि करीब तीन दशक पहले नमिता के पूर्व पति श्यामबिहारी चन्द्रवंशी की भी नावाहाता इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी. इधर कुछ वर्ष पूर्व मुख्य बाजार एरिया में नमिता के पुत्र छोटू पासवान की भी गोली मारकर मौत की नींद सुला दी गयी थी.जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर करीब दो बजे नमिता देवी हर दिन की तरह सद्दीक चौक से दो सौ मीटर दूर शाहपुर जाने वाली सड़क पर स्थित मुकेश भोजनालय मं बैठी हुई थी. नमिता के साथ उसके पुत्र विक्की पासवान भी बैठा हुआ था. बातचीत दोनों में हो रही थी. इसी क्रम में भगवा गमछा ओढे दो युवक वहां पहुंचे और दुकान में घुसकर नजदीक से सटाकर नमिता देवी की कनपटी में गोली मार दी.लहुलुहान स्थिति में नमिता को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती किया गया. यहां उसे डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. हालांकि इसके बाद भी परिजन उसे इलाज के लिए नारायण मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में ले गए. यहां भी उसे मृत पाया गया. शव को पोस्टमार्टम के लिए पुनः एमआरएमसीएच ले जाया गया. डीएसपी मणिभूषण ने जानकारी दी कि अपराधियों की संख्या दो थी।

## धुरकी में नि:शुल्क जांच शिविर का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** धुरकी प्रखंड अंतर्गत कदवा उर्फ लिखनी धौरा चौपाल में निशुल्क जाँच शिविर का आयोजन किया गया।जिससमें डॉ. रत्नेश कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को मेडिकल टीम ने आंखों की जांच के साथ जरूरी परामर्श दिए। विधायक प्रतिनिधि रामप्रवेश गुप्ता ने बताया कि शिविर में 118 लोगों की आंखों की जांच की गई। जिसमे 37 मरीजों को मोतियाबिंद से पीड़ित पाया गया । मौके भाजपा नेता लालू प्रसाद गुप्ता, शुभाष प्रसाद गुप्ता, भुवनेश्वर प्रसाद गुप्ता, शंभू प्रसाद गुप्ता सहित काफी लोग मौजूद थे।

# अपराध पर नियंत्रण करने के लिए जरूरी है थाना पर नियंत्रण : केवी रमण

**परवेज़ कुरैशी @ प्रभात मंत्र**

**रांची।** लोकसभा चुनाव से पहले रांची जिला में कई थानेदारों और पुलिस उपाधीक्षकों का तबादला किया गया है। इसी प्रक्रिया के तहत रांची शहर पुलिस उपाधीक्षक दीपक कुमार को धनबाद विधि व्यवस्था में पुलिस उपाधीक्षक बनाकर भेजा गया है , तो वहीं दीपक कुमार के स्थान पर अब रांची शहर पुलिस उपाधीक्षक के पद पर स्पेशल ब्रांच सुरक्षा में पदस्थापित रहे पुलिस उपाधीक्षक कुमार वी. रमण 2 फरवरी 2024 को रांची शहर पुलिस उपाधीक्षक के पद पर अपना पदभार ग्रहण कर लिये हैं। प्रभात मंत्र संवाददाता परवेज कुरैशी से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि अपराध पर नियंत्रण और विधि व्यवस्था पर कंट्रोल करना प्राथमिकता में शामिल है और काम में कोताही बरतने वाले पसंद नहीं हैं।

## अपराध नियंत्रण के लिए कार्रवाई जरूरी

पुलिस उपाधीक्षक के वी रमण ने बताया कि अपराध नियंत्रण करने के लिए कड़ाई और कार्रवाई दोनों जरूरी है। टीम वर्क है सभी का सहयोग जरूरी है। साथ ही मेरे कार्य क्षेत्र में चुटिया थाना, लोअर बाजार थाना ,लालपुर थाना शामिल है। इन थानों पर भी नियंत्रण की जरूरत है। क्योंकि इन थाना क्षेत्रों में आबादी बहुत अधिक है। इसलिए समय-समय पर थानेदारों के साथ बैठक करना और थाना क्षेत्र की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करना जरूरी है। सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है कि थानेदार के अलावा सिपाही, मुंशी, पीसीआर वैन, गस्ती दल में तैनात पुलिसकर्मियों पर भी नियंत्रण जरूरी है। ताकि पुलिस उपाधीक्षक को यह पता रहे कि हमारे थाने के गस्ती दल, सिपाही, पीसीआर वैन की पुलिस कब कहां और क्या कर रहे हैं।

## पुराने अपराधियों को चिन्हित करना

मेरे कार्य क्षेत्र में आने वाले सभी थाना क्षेत्र के सभी थानेदारों को टास्क दिया जाएगा कि जितने भी पुराने अपराधी हैं, किन-किन मामलों में भी जेल जा चुके हैं , ऐसे बदमाशों की सूची तैयार करें। वर्तमान में इनकी क्या गतिविधियां हैं, इसकी भी जानकारी रखें , कोशिश करें कि ऐसे बदमाशों पर न सिर्फ नजर रखें बल्कि इन्हें थाने पर हाजिरी के लिए भी बुलाये। असामाजिक व विवादित व्यक्तियों से पुलिसकर्मी सांठगांठ न रखें, यदि ऐसी सूचना मिलती है तो कार्रवाई सुनिश्चित है।



## पुराने फाइलों का निष्पादन करें

पूर्व में जितने भी फाइलें पेंडिंग है उसका निष्पादन कराना, पुराने वारंटी,लाल वारंटी , कुर्की जब्ती और फरार चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कराना। हत्या,लूट, छीनताई,डकैती,चोरी, चेन स्नेचर, रंगदारी, छेड़ खानी, जमीन विवाद जैसे अन्य मामले पर कोई फरार है गिरफ्तारी जल्द किया जायेगा। अपराध वाले स्थान को चिन्हित करना और सीसीटीवी कैमरे लगवाने, इन जगहों पर पुलिस की गतिविधियां बढ़ाने की पहल करेंगे। खासकर बैंक, ज्वेलर्स दुकान, कॉलेज , कोचिंग सेंटर, ऑटो स्टैंड और ऐसे फुटपाथ जहां पर चाय,चौमिन के लिए भीड़ लगती है। बेवजह देर रात तक अड्डे बाजी वाले जगहों पर पाबंदी लगेगी।

### कौन हैं के.वी रमण

रांची शहर के पुलिस उपाधीक्षक के पद पर पदस्थापित हैं के वी रमण मूल रूप से बिहार के वैशाली जिला के रहने वाले हैं । वहीं से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की है। पिता शिक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए हैं, एक भाई, एक बहन हैं। 2013 फोर्थ जेपीएससी बैच के हैं । इसके अलावा 2002 से 200 7 तक पुणे से लॉ किए जिसमें गोल्ड मेडलिस्ट भी रहे हैं। इतना ही नहीं एलएलएम की शिक्षा फ्रांस पुर्तगाल से प्राप्त किए हैं और यरुसमुस मुंडूस युरोपीयन युनियन फेलोशिप पाने वाले छात्रों में से हैं। इस फेलोशिप के लिए भारत देश के दो या तीन छात्रों का ही चयन हो पाता है।

## पीड़ित का आवेदन तुरंत लिया जायेगा

कभी कभी ऐसा सुनने को मिलता है की कोई पीड़ित महिलाएं या पीड़ित परिवार अपना आवेदन लेकर थाना पहुंचते हैं तो उन्हें टालमटोल किया जाता है, लेकिन मेरे कार्यकाल में इस तरह का नहीं होने दिया जाएगा, जो भी पीड़ित आवेदन लेकर थाना आते हैं तुरंत रजिस्टर्ड कर आगे की कार्रवाई शुरू होगी। यदि यह पता चला कि पीड़ित आवेदन लेकर थाना आये थे लेकिन उसे थाना में घंटों बैठाए रखा और उसका आवेदन भी नहीं लिया ऐसे पुलिसकर्मी पर कार्रवाई करने की अनुशंसा तुरंत वरीय पुलिस अधीक्षक से की जाएगी। किसी तरह की सूचना देने या मदद चाहिए हो तो इस नंबर पर 9431706139 फोन करें।

## झूठे एफआईआर करने वाले सावधान रहें

कभी-कभी आपसी रंजीश या फिर पैसे के बल पर झूठे एफआईआर कराने का भी मामला प्रकाश में आता है। यदि इस तरह का मेरे कार्यकाल में मामला आएगा तो वैसे लोग सावधान रहेंगे । झूठ बोलकर एफआईआर कराता है और जांच के क्रम यह पाया गया कि पैसे और पैरवी के बल पर झूठा एफआईआर करवाया गया है तो झूठे एफआईआर कराने वाले और इसका साथ देने वाले दोनों पर एफआईआर दर्ज होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### विनोद सिंह के व्हाट्सएप चैट से हड़कंप

**रांची ।** बुधवार को विनोद सिंह के व्हाट्सएप चैट का मैटर वायरल किया गया है। जिसमें बताया जा रहा है कि ईडी की टीम ने विनोद सिंह के व्हाट्सएप चैट चेक किया है। जिसमें कई नेता व आईएएस अधिकारी की चर्चा है। चैट में किसी को डीसी तो किसी को जेएसएससी में पदस्थापित करने की बात है। ट्रांसफर पोस्टिंग भी करवाने की जिक्र है। चैट चैट 539 पन्नों का है। बता दें कि ईडी ने आर्किटेक्ट विनोद सिंह को ईडी ऑफिस में पूछताछ के लिए बुलाया था। दस्तावेजों की जांच और पूछताछ करने के बाद ईडी ने उन्हें वापस भेज दिया था। इस साल तीन जनवरी को आर्किटेक्ट विनोद सिंह के घर पर ईडी ने छापेमारी की थी। इसके बाद 15 जनवरी को ईडी ने विनोद सिंह को अपने जोनल ऑफिस में पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन वह पूछताछ के लिए नहीं पहुंचे थे। अब इस वायरल चैट में कितनी सच्चाई है ये आने वाले समय में ही पता चल सकेगा।

### हेमंत सोरेन ने बेरोजगारों के अरमानों की हत्या की : मरांडी

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को फिर एक बार हेमंत सोरेन पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मांड-भात खाकर तैयारी करने वाले गरीब बेरोजगारों के अरमानों की हेमंत सोरेन ने हत्या की है। आज ईडी ने न्यायालय में हेमंत सोरेन की रिमांड अवधि बढ़ाने के लिए दिए गए आवेदन में चौकाने वाले दस्तावेज जमा किए। हेमंत सोरेन के करीबी मित्र एवं आर्किटेक्ट विनोद सिंह के मोबाइल चैट का प्रिंटआउट जमा करते हुए ईडी ने बताया कि हेमंत सोरेन पर लगने वाले सारे आरोप की परतें खुल रही हैं।

# साकेत ने झारखंड को गौरवान्वित कर पूरे विश्व में नाम रौशन किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** महज़ 24 की उम्र में ही एशिया यूथ इंटरनेशनल माडल संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में चयनित होकर एक कीर्तिमान स्थापित कर दिया। एशिया यूथ इंटरनेशनल के सचिव जोनास ब्रंस ने साकेत को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। 26 जनवरी से 29 जनवरी मलेशिया के कुआलालंपुर में एशिया यूथ इंटरनेशनल माडल संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसमें भारत से कुल 28 युवा प्रतिभागी भाग लिये थे। यह संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन का एक प्रारूप होता है जिसमें पूरे विश्व से प्रतिभाशाली युवा प्रतिभागियों को सीखने और समझने के लिए एक मंच दिया जाता है। रांची में पले बढ़े साकेत पिता रवींद्र सिंह एवं माता संजू सिंह हैं।

# आरपीएफ ने 39 किलो गांजा ट्रेन से किया बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन के ट्रेन से 39 किलो गांजा बरामद किया है। आरपीएफ से बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल में आरपीएफ मंडल सुरक्षा आयुक्त इंचार्ज पवन कुमार के निर्देश पर शराब और गांजा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे लगातार अभियान के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर( ट्रेन संख्या 18309) जम्मूतवी एक्स्प्रेस में हटिया पहुंचने पर ट्रेन के अंदर तीन ट्रॉली बोगी संदेहास्पद अवस्था में पाया गया। आसपास उसका कोई मालिक न मिलने पर उसे खोलकर देखा तो उसके अंदर गांजा मिला। बरामद गांजा का वजन करीब 39 किलो पाया गया। गांजा जा अनुमानित मूल्य तीन लाख नब्बे हज़ार आंका गया है। तत्काल मामले की सूचना सहायक सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ रांची को दी गईद्य बाद मे सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह की ओर से गांजा को ज़ब्त कर तमाम कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करने के बाद उसे राजकीय रेल पुलिस हटिया को सौंप दिया गया।



# एमपीडब्लू कर्मचारी संघ 12 फरवरी से करेंगे चरणबद्ध आंदोलन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड एमपीडब्लू कर्मचारी संघ ने 12 फरवरी से चरणबद्ध आंदोलन का घोषणा की है, यह चरणबद्ध आंदोलन नौ दिवसीय होगा। जिसमे राज्य भर के सभी जिलों से एमपीडब्लू स्वास्थ्य कर्मी शामिल होंगे। उक्त जानकारी झारखंड एमपीडब्लू कर्मचारी संघ के महासचिव मंगल हेंब्रम और प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार ने दी। झारखंड एमपीडब्लू कर्मचारी संघ 12 से 14 फरवरी तक राज्य भर के सभी एमपीडब्लू स्वास्थ्य कर्मी काम करते हुए काला बिल्ला लगाकर विरोध दर्ज करेंगे । 15 से 18 तक सभी कर्मी अपने अपने शरीर पर स्थाई समायोजन की मांगपत्र का बैनर/तख्ती लगाकर कार्य करते हुए विरोध दर्ज करेंगे। 19 फरवरी को सभी कर्मी एक दिन का उपवास करते हुए भूख हड़ताल पर रहकर काम करेंगे और 20 फरवरी को सभी जिलों मे एमपीडब्लू स्वास्थ्य कर्मी अपना स्थाई समायोजन हेतु अपने अपने सिविल सर्जन को मांगपत्र सौंपेंगे । यह घेराव झारखंड एमपीडब्लू कर्मचारी संघ एवं झारखण्ड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के बैनर तले किया जाएगा, जिसके महामंत्री सुनील कुमार साह है । इस अवसर पर झारखंड एमपीडब्लू कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पवन कुमार, महासचिव मंगल हेम्ब्रम, कोशाध्यक्ष कृष्णा महतो, उपाध्यक्ष सुजीत कुमार,जावेद अंसारी, प्रभाकर पाठक, कार्यालय सचिव अमरेंद्र कुमार भी उपस्थित थे ।

# राजभवन उद्यान की खूबसूरती देखने दो दिनों में पहुंचे 12,813 लोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राजभवन के उद्यान को दो दिनों में 12 हजार 813 लोगों ने दीदार किया। मंगलवार को 3469 लोगों और बुधवार को 9344 लोगों ने राजभवन को दीदार किया। साथ ही लोगों ने फूलों की सुंदरता का आनंद उठाया। राजभवन में प्रवेश करने से पहले सुरक्षा की दृष्टिकोण सभी की जांच की गई। इस बार करीब 400 किस्म के गुलाब उद्यान में लगे हैं। साथ ही 17 हजार से ज्यादा पौधे राजभवन के उद्यान में लगे हुए हैं। राजभवन घूमने आए आम लोगों ने कहा कि इस बार राजभवन उद्यान और भी ज्यादा खूबसूरत दिख रहा है। इस बार एमआईजी 21 विमान को राजभवन के उद्यान में प्रदर्शित किया गया है। इसके अलावा राजभवन उद्यान में लगा चरखा हमारी पुरानी संस्कृति की याद दिलाता है। आजादी के समय युद्ध में उपयोग हुए तोप भी राजभवन उद्यान घूमने आए आम लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अलावा लोग झूले, फाउंटेन, झरना और फलदार वृक्ष और औषधीय पेड़-पौधे के साथ मोबाईल से सेल्फी और तस्वीर लेते देखे गये। उल्लेखनीय है कि राजभवन आम नागरिकों के भ्रमण के लिए छह फरवरी से 12 फरवरी तक खोला गया है। उद्यान भ्रमण का समय पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक है। उद्यान में प्रवेश राज भवन के गेट न. 2 से जांच के बाद एक बजे अपराह्न तक दिया जायेगा।



# उपन्यास एक छलि मैना, एक छल कुम्हार का लोकार्पण

**प्रभाम मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के हरमू स्थित झारखंड मैथिली मंच के विद्यापति दलान पर हिंदी के वरिष्ठ रचनाकार हरि भटनागर के उपन्यास के मैथिली अनुवाद एक छलि मैना, एक छल कुम्हार का लोकार्पण बुधवार को हुआ। इसमें हिंदी और मैथिली के विशिष्ट रचनाकारों की उपस्थिति रही। हरि भटनागर के इस उपन्यास का मैथिली में अनुवाद कथाकार सुस्मिता पाठक ने किया है। लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए सुप्रसिद्ध साहित्यकार और रांची दूरदर्शन के पूर्व निदेशक डॉ प्रमोद कुमार झा ने कहा कि इस उपन्यास में कथाकार ने समाज के निचले पायदान पर जीने वाले लोगों के संघर्ष की कथा को बहुत ही मार्मिक एवं कलात्मक रीति से प्रस्तुत किया है। इस शानदार उपन्यास का उत्कृष्ट अनुवाद सुस्मिता पाठक ने किया है। मैं मूल उपन्यासकार हरि भटनागर एवं अनुवादिका सुस्मिता पाठक को बधाई देता हूं। साथ ही आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने इसे मैथिली पाठकों के लिए उपलब्ध कराया। भारती मंडन पत्रिका के संपादक एवं साहित्यकार केदार कानन ने कहा कि समाज के निम्नवर्गीय लोगों को सभी बहलाते-फुसलाते रहते हैं। वह दमनकारी सत्ता प्रतिष्ठान की क्रूरता के आगे वह बार-बार पराजित होता रहता है। यही नहीं, उसके अपने समाज के लोग भी उसकी खिल्ली उड़ाते हैं लेकिन बहुत थोड़े से लोग जरूर उनके सुख-दुख में सहभागी होते हैं। इस उपन्यास की कथा वस्तु, शिल्प संरचना अनूठी है और मैना एवं गदहे के माध्यम से यह उपन्यास एक बड़े विमर्श को पाठकों के सामने रखने में सफल है।



# आईपीएम ओरियंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** केंद्र सरकार के अंतर्गत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र की ओर से रांची जिले के रातु प्रखंड अंतर्गत चितरकोटा ग्राम में बुधवार को दो दिवसीय आईपीएम ओरियंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम के क्रम में प्रभारी अधिकारी प्रीति कुमारी, सहायक निदेशक द्वारा आईपीएम के महत्व, आईपीएम के सिद्धांत एवं उसके विभिन्न आयामों के बारे में बताया। इसके विधि को अपनाने का अनुरोध किया। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के उप निदेशक एसएस पूर्ति द्वारा बागवानी संबंधित विषयों के बारे में एवं कालेन खालको, कनीय पौध संरक्षण अधिकारी रांची द्वारा विभिन्न फसलों में कीट व्याधि की पहचान के बारे में विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम के दौरान केंद्र की प्रियंका मालाकार, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी द्वारा ट्राईकोडर्मा से बीज उपचार का प्रदर्शन, मित्र एवं शत्रु कीटों की पहचान के बारे में तथा कीटनाशकों के लेवल एवं कलर कोड के बारे में तथा फसलों में लगने वाले विभिन्न कीट रोग व्याधि के बारे में विस्तार से बताया गया। प्यारी सांगा, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी द्वारा यांत्रिक विधियों जैसे येलो स्टीकी, ब्लू स्टीकी, फेरो मैन ट्रैप, फल मक्खी जाल, लाइट ट्रैप के उपयोग के विषय में, नीम आधारित एवं अन्य वानस्पतिक कीटनाशक के महत्व तथा भारत सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा विकसित किए गए एनपीएसएस ऐप के उपयोग एवं महत्व के विषय में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र के अधिकारियों द्वारा आईपीएम प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें आईपीएम के विभिन्न आयामों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र के उमेश कुमार शर्मा, तकनीकी सहायक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में 50 से अधिक प्रगतिशील किसानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री बनने के बाद चम्पाई सोरेन पहली बार पहुंचे पैतृक गांव

**रांची:** मुख्यमंत्री का पद संभालने के के बाद चम्पाई सोरेन का बुधवार को सरायकेला-खरसावां के गम्हरिया प्रखंड स्थित अपने पैतृक गांव जिलिंगगोड़ा में पहली बार पहुंचे। इस अवसर पर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री का पारंपरिक तरीके से अभिवादन और स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने यहां अमर वीर शहीद डीबा-किशुन जी व जागेश्वर टुडू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने सरना पूजा स्थल-जाहेरस्थान में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य की उन्नति और राज्यवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

# देशभर से 617 बाल खिलाड़ी, 74 कोच और 63 मैनेजर लेंगे प्रतियोगिता में भाग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग एवं झारखंड राज्य शिक्षा परियोजना परिषद की मेजबानी में आयोजित हो रही 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता 2023-24 के तहत 8 फरवरी से 12 फरवरी तक रांची के खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अंडर 14/17/19 बालक-बालिका वर्ग साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता आयोजन के सचिव सह विभागीय पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग और झारखंड साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव शैलेंद्र पाठक ने बुधवार को खेलगांव में संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता कर यह जानकारी दी। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में झारखंड से 44 प्रतिभागी शामिल होंगे।




**रोड इवेंट और ट्रैक इवेंट दोनों शामिल:** अंडर-14/17/19 बालक-बालिका वर्ग साइकिलिंग प्रतियोगिता में रोड इवेंट रिंग रोड के नेवरी चौक से पांच किलोमीटर आगे न्यू टोल प्लाजा तक होगा। प्रतियोगिता का ट्रैक इवेंट 8 फरवरी की सुबह 8 बजे से मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए देशभर से प्रतिभागी रांची पहुंच चुके हैं। प्रतियोगिता की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। पत्रकार वार्ता में खेल कोषांग के शशांक भूषण सिंह, समीर कुमार, प्रवीण कुमार सिंह, प्रभात रंजन तिवारी, रणवीर कुमार, सुरजीत कुमार समेत अन्य खेल पदाधिकारी मौजूद थे।

# सीएम चंपई सोरेन और दिशुम गुरु शिबू सोरेन को राजद नेता ने दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** राजद के वरिष्ठ नेता व पूर्व महासचिव सह प्रवक्ता कैलाश यादव ने बताया कि जेएमएम के अध्यक्ष दिशूम गुरु राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन से राजद के पूर्व अध्यक्ष गौतम सागर राणा,कैलाश यादव,आबिद अली ने मोराबादी उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया ।

मुलाकात के दौरान गुरुजी शिबू सोरेन ने गौतम सागर राणा को कहा कि केंद्र से बीजेपी सरकार द्वारा संविधान को तहस नहस करने एवं सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर तमाम विपक्षी पार्टियों के बड़े नेताओं को टारगेट कर परेशान करने के खिलाफ एकजुट होकर उखाड़ फेंकने का संकल्प लेने की जरूरत है ।

राज्य में भाजपा ने नफरत भरी नकारात्मक राजनीति का परिचय देते हुए झारखंड में हो रहे तेजी से विकास को बाधित कर रही है। इसलिए महागठबंधन के तमाम नेताओं को ध्रुवीकरण करने वाली बीजेपी के अन्याय के खिलाफ झारखण्ड के कुल 14 लोकसभा सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करना एक मात्र लक्ष्य होना चाहिए।



मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से राजद प्रतिनिधिमंडल मुलाकात के दौरान कहा की महागठबंधन सरकार सदन में बहुमत साबित कर लोटस कमल ऑपरेशन के मंसूबे पर पानी फेर दिया है।

इसके लिए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सहित तमाम सत्तारूढ़ विधायकों को बधाई ।

मुलाकात के दौरान साथ में प्रणय कु बबलू , डॉ मनोज कुमार ,सुधीर गोप ,लक्ष्मण यादव ,शबर फातमी, मोहसिन अंसारी, चंद्रशेखर भगत, लाली साहू ,रामनाथ चंद्रवंशी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# रुहानी मर्कज़ ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को गरीब नवाज अवार्ड से नवाजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन को रुहानी मर्कज की ओर से ख्वाजा गरीब नवाज अवार्ड से नवाजा गया। मर्कज के अध्यक्ष पूर्व विधायक हसन रिजवी ने उन्हें अजमेरी साफा पहना कर नवाजा गरीब नवाज अवार्ड पेश किया। साथ ही उनके नाम से दरगाह अजमेर शरीफ में पेश की जाने वाली चादर मुबारक का अनावरण मुख्यमंत्री के कर कमलों से किया गया। विधायक मंगल कालिंदी, पूर्व विभायक गौतम सागर राणा, प्रदेश अकलियत कांग्रेस के उपाध्यक्ष गुलरेज , सचिव डा शादाब हसन, शोहदार कमला कमेटी के महासचिव अब्बास अंसारी , आबिद अली सहित कई लोग उपस्थित थे। रिजवी ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई के लिए ख्वाजा गरीब नवाज के दर पर दुआ करेंगे।



# पिपरवार के कल्याणपूर मे तेज रफ्तार ट्रक ने बाईक को लिया चपेट में





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपूर स्थित महादेवगढ़ा पुल के समीप बुधवार की सुबह कोल वाहन ने एक मोटरसाईकिल सवार को अपने चपेट मे ले लिया।इस घटना मे बाईक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे मे घायल युवक की पहचान टंडवा प्रखण्ड क्षेत्र के मंडेर गांव के चिरवा निवासी राहुल गंझू पिता नगेन्द्र गंझू के रूप मे की गई है।घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार कोयला लदा ट्रक जेएच 02एडब्लु-4652 टंडवा के आम्रपाली से कोयला लेकर पिपरवार के रास्ते जा रहा था,वही दुसरी ओर मोटरसाईकिल संख्या जेएच 01डी-7132 से राहुल गंझू कल्याणपुर से मंडेर की ओर जा रहा था,इसी बीच तेज रफ्तार ट्रक ने महादेवगढ़ा पुल के समीप बाईक को अपनी चपेट मे ले लिया,वही बाईक को बचाने के दौरान तेज रफ्तार ट्रक बगल के खेत मे पलट गया। इस घटना के बाद बाइक सवार युवक सड़क पर गिर गया,जिसके बाद मौके पर स्थानीय ग्रामीणों की काफी भीड़ जुट गई और ग्रामीणों की मदद से घायल युवक को बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक को बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया।डॉक्टरो के मुताबिक राहुल के सर में गंभीर चोट लगने से स्थिति गंभीर है।वही खेत मे ट्रक पलटनेसे ट्रक चालक को भी हाथ और छाती में चोटे आई है।इधर घटना की सूचना पाकर पिपरवार और टंडवा थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी लिया।वही पुलिस ने दोनो वाहनो को कब्जे मे लेकर आगे की कारवाई शुरू कर दी है।इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में भी आक्रोश देखा जा रहा है।

# इंडियन ओवरसीज बैंक महिलोंग शाखा का स्थापना दिवस मना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के महिलोंग शाखा का 10वाँ स्थापना दिवस महिलोंग शाखा में मनाया गया । बतौर अतिथि सरला बिरला विश्वविद्यालय के नरहरि दास मुख्य रूप से उपस्थित हुए । इस अवसर पर शाखा प्रबंधक नवदीप नाग, अमित चरण, सतीश कुमार, प्रतीक श्रीवास्तव, राजीव राकेश राव, रवि चौधरी, संदीप कुमार, आभा रोज तिर्की, कुमुद एक्का एवं गीता लकड़ा मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

# 16 फरवरी से होने वाले बचरा साइडिंग बन्द को लेकर असंगठित मजदूरों ने की गेट मीटिंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा साइडिंग में यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में असंगठित मजदूरों ने गेट मीटिंग किया। इस गेट मीटिंग में असंगठित मजदूरों की विभिन्न मांगों को लेकर 16 फरवरी से बचरा साईडिंग में होने वाले हड़ताल को सफल बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।बैठक के दौरान सभी असंगठित मजदूरों ने एक स्वर में इस हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया।बैठक मे हड़ताल को सफल बनाने को लेकर मजदूरों ने आगे की रणनीति बनायी।बैठक को संबोधित करते हुए मजदूरों ने कहा कि हाई पावर कमेटी के अनुशंसा के बावजूद बचरा साइडिंग में काम करने वाले असंगठित मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी नहीं मिल रही है।

असंगठित मजदूरों को उनके हक और अधिकार से वंचित रखा जा रहा है।कई सुविधा मजदूरों को नहीं मिल रही है,जिसके कारण मजदूरों की परेशानी बढ़ गई है।प्रबंधन को मांग पत्र देने के बाद प्रबंधन द्वारा मजदूरों के साथ वार्ता किया गया,जिसमें प्रबंधन के द्वारा समय मांगा गया था,बावजूद तय समय बीत जाने के बाद भी अभी तक मजदूरों की मांगों को पूरा नहीं किया गया है।जिससे मजदूरों में आक्रोश देखा जा रहा है और मजदूरों ने 16 फरवरी से बचरा साइडिंग में बंदी की घोषणा की है।बैठक के दौरान असंगठित मजदूरों ने जमकर नारेबाजी की।इस बैठक में मुख्य रूप से मुंशी महतो, भोला महतो,टीकू कुमार, विशेश्वर गंझु,मनकु महतो, कोलेश्वर ठाकुर, जयशंकर चौधरी,चमन महतो,जितेंद्र महतो,कमला महतो,बुटन महतो सहित काफी संख्या में असंगठित मजदूर उपस्थित थे।

# जिले में अफीम की अवैध खेती को चिह्नित कर विनष्टिकरण की कार्रवाई तेज



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला प्रशासन, खूंटी द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए मुरहू प्रखंड के गोराटोली ग्राम में लगभग 2.5 एकड़ में अफीम की खेती को नष्ट किया गया। उपायुक्त ने निर्देशित किया है कि सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा जिले में हो रही अफीम की खेती को चिह्नित कर नष्ट करने का अभियान को तीव्र किया जाना चाहिए। जिले में उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर छापामारी कर अवैध अफीम का विनष्टीकरण करने की गति में तेजी आई है एवं अफीम की खेती में संलग्न व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

# पूर्व अंचलाधिकारी शंकर कुमार विधार्थी को दी गई विदाई





**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अंचल कार्यालय के सभा भवन मे एक कार्यक्रम आयोजित कर पूर्व अंचलाधिकारी शंकर कुमार विधार्थी को विदाई दी गई, साथ ही वर्तमान ष्टह्न का स्वागत भी किया गया.. इस दौरान प्रखंड क्षेत्र से आये समाजसेवी, नेताओ व जनप्रतिनिधियों द्वारा शॉल ओढ़ाकर व बुके देकर अंचलाधिकारी शंकर कुमार को विदाई दी, वहीं नए अंचलाधिकारी सच्चिदानंद वर्मा का स्वागत भी बुके देकर किया गया. इस दौरान अधिकारियो सहित जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने अनुभव शेयर की.मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी धीरज कुमार प्रमुख सत्यनारायण मुंडा , उप प्रमुख हरदेव साहू के अलावे सर जे सी अकादमी स्कूल के डाइरेक्ट अखिलेश चतुर्वेदी, भाजपा कार्यकर्त्ता , जेएमएम कार्यकर्त्ता, कांग्रेस कार्यकर्त्ता व आसपास के ग्रामीण, प्रखंड कार्यालयकर्मी सहित गन्यमान्य लोग मौजूद थे.।

# प्रधानाध्यापक के ऊपर प्रबंधन समिति ने लगाया मनमानी करने का आरोप

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के करांजी गांव स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अब्दुल जब्बार अंसारी द्वारा विद्यालय में मनमानी करने का आरोप स्कूल प्रबंधन समित ने लगाया है। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का आरोप है कि विद्यालय में शिक्षक कई सालों से पदस्थापित है, जिस कारण इनका विद्यालय में आने जाने का कोई समय निर्धारित नहीं है। प्रधानाध्यापक निर्धारित समय से विलंब आते हैं जबकि समय से पहले चले जाते हैं। समिति के सदस्यों का कहना है कि विद्यालय राजकीय उत्क्र उर्दू मध्य विद्यालय करॉजी, के प्रधानाध्यापक अपना निजी बीएड कॉलेज चलाते हैं। जिसके कारण विद्यालय में शिक्षण व्यवस्था चौपट हो गयी है साथ ही ढंग से पढ़ाई नहीं हो रही है। विद्यालय में प्रधानाध्यापक जहां अपनी मनमानी कर शिक्षा की हवा निकाल रहे है। वहीं मामले की जानकारी मिलने पर बुधवार को प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष साहबान अंसारी विद्यालय में जाकर प्रधानाध्यापक से पूछने पर कहा कि आप पूछने वाले कौन होते है। आपको जांच करने का अधिकार नहीं है। केवल आप बैठक के दिन आ सकते है। इस तरह प्रधानाध्यापक की दादागीरी से प्रबंधन समिति परेशान है।

# जिला अंतर्गत डेंटल, सिकल सेल स्क्रीनिंग व आई केयर वाहन का हो रहा संचालन विशेषज्ञ/चिकित्सक द्वारा इलाज एवं उचित परामर्श



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में डेंटल, सिकल सेल स्क्रीनिंग व आई केयर वाहन के माध्यम से चिकित्सकों के द्वारा सम्बन्धी समस्याओं के लिए जांच कर विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। डेंटल जांच के दौरान किसी मरीज के दाँत कमजोर और खराब हो गए हों,मसूढ़ों के जड़ से दाँतों की पकड़ कमजोर और ढीली पड़ गई हो सम्बन्धी समस्याओं के लिए दंत चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। इसके अतिरिक्त आई केयर वाहन के मध्यम से लोगों के आंखों की जांच की गई एवं उन्हें चिकित्सकों द्वारा उचित परामर्श भी उपलब्ध कराया गया। मोबाइल केयर वाहन में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। साथ ही चिकित्सकों के देख-रेख में उचित स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखा गया है। अड़की प्रखंड के पुरनानगर में स्वास्थ्य जाँच हेतु जिले में संचालित मोबाईल वैन द्वारा शिविर लगाए गए। इसमें डेंटल -34 व सिकल सेल स्क्रीनिंग - 71 की गई। मोबाइल वाहन स्थानीय स्तर पर पहुंचकर सुगम रूप से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। इसके अतिरिक्त विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उचित परामर्श भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी ने तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत बुंडू अनुमंडल क्षेत्र और खुंटी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत दूरस्थ मतदान केंद्रों में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग तोपनो तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के कई अति संवेदनशील और संवेदनशील इलाकों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया इस दौरान खास तौर अनुमंडल पदाधिकारी ने देखा कि उन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों के भवन की कैसी स्थिति है मतदान केंद्रों तक पहुंचने के लिए सड़क की स्थिति कैसी और दूरी कितनी है पेयजल की व्यवस्था शौचालय की उपलब्धता मोबाईल नेटवर्क सुरक्षा के विषय जैसी जरूरी सुविधाओं पर गौर फरमाया गया।इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग तोपनो ने तमाड़ के प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष प्रजापति को भी तमाम सुविधाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी सह दंडाधिकारी संदीप अनुराग तोपनो ने कहा कि हमारी प्राथमिकता भयमुक्त वातावरण में लोकसभा का चुनाव संपन्न कराना है साथ ही आमजन को आम चुनाव के प्रति जागरूक कर उनके मताधिकार के महत्व को समझना है ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाता चुनाव में भाग लें और अपने महत्वपूर्ण अधिकार अपने मत का प्रयोग करें और भारत के संविधान के अनुरूप लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।उन्होंने आगे बताया की अनुमंडल प्रशासन लोकसभा चुनाव की तैयारीयों में पुरी तरह जुट गया है चुनाव की तैयारीयों से संबंधित सभी आवश्यक दिशा-निर्देश अनुमंडल क्षेत्र के सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों को दिया जा चुका है।

# प्रखंड स्तरीय सिद्धू कान्हु युवा खेल क्लब को लेकर बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड में मुख्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखंड स्तरीय सिद्धू कान्हु युवा खेल क्लब के सदस्य चयन को लेकर बैठक किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि लॉटरी सिस्टम के माध्यम से प्रखंड स्तरीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया जाएगा जिसके अंतर्गत लॉटरी सिस्टम किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए दिघिया पंचायत से अमित लकड़ा, उपाध्यक्ष पद के लिए नेहालु पंचायत से मुकेश माली एवं सचिव पद के लिए तुतलो पंचायत से मोती उरांव का चयन किया गया।

साथ ही कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अभिषेक उरांव, विशेश्वर भगत, अमित लकड़ा, सुरेश वाड़ा, विजय उरांव, दिलीप केरकेट्टा, जितेंद्र उरांव,कुलदीप उरांव,महताब अंसारी व विष्णु उरांव का चयन किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू, धनंजय राय, करमा उरांव, अनमोल टोप्पो सहित पंचायत के मुखिया, जनप्रतिनिधि व पंचायत से आए अध्यक्ष उपाध्यक्ष, सचिव उपस्थित थे।

## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा

बीर बुद्धू भगत भवन, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा

E-mail Id- lohardagadaho@gmail.com

### आम सूचना

माह–फरवरी 2024 में विभिन्न पंचायतों के पंचायत भवनों एवं पशु अस्पतालों में **"दो दिवसीय विशेष पशुचिकित्सा शिविर"** आयोजन हेतू सूची एवं कार्यक्रम विवरण तिथिवार :–

| क्र. स. | प्रखण्ड | पंचायत | शिविर आयोजन की तिथि | शिविर स्थल का नाम | उत्तरदायी पदाधिकारी का नाम/पदनाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुडू | जीमा | 08.02.2024 | पंचायत भवन | डा0 शकुन्तला सुरेन, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कुडू लोहरदगा 9934038731 / 9431361554 |
| | | | 09.02.2024 | पंचायत भवन | |
| 2 | | कोलसिमरी | 12.02.2024 | उमरी | |
| | | | 13.02.2024 | उमरी | |
| 3 | | लावागांई | 15.02.2024 | ननतिलो | |
| | | | 16.02.2024 | ननतिलो | |
| 4 | | उडूमुडू | 19.02.2024 | मेरले | |
| | | | 20.02.2024 | मेरले | |
| 5 | | जिंगी | 22.02.2024 | तान | |
| | | | 23.02.2024 | तान | |
| 6 | | चन्दलासो | 26.02.2024 | राजरोम | |
| | | | 27.02.2024 | राजरोम | |
| 7 | | पण्डरा | 28.02.2024 | जिलिंग | |
| | | | 29.02.2024 | जिलिंग | |
| 8 | | सलगी | 16.02.2024 | कटई टोली | डा0 राहित कुमार भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कंडरा लोहरदगा 9709095993 |
| | | | 17.02.2024 | रोचो | |
| 9 | | सुन्दरू | 21.02.2024 | ओपा | |
| | | | 22.02.2024 | सुकुमार | |
| 10 | | चीरी | 28.02.2024 | बरवाटोली | |
| | | | 29.02.2024 | सरना टोली | |
| 11 | | चाँपी | 09.02.2024 | छोटकी चांपी | |
| | | | 10.02.2024 | होटवार | |
| 12 | लोहरदगा | जोरी | 09.02.2024 | ओसा | डा0 अभिषेक उराँव, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा 9431528212 |
| | | | 10.02.2024 | जोरी | |
| 13 | | हरमु | 12.02.2024 | नदिया | |
| | | | 13.02.2024 | हरमु | |
| 14 | | हिरही | 16.02.2024 | हेन्दलासो | |
| | | | 17.02.2024 | बराटपुर | |
| 15 | | हेसल | 19.02.2024 | कारीटोली, हेसल | |
| | | | 20.02.2024 | कुज्जी | |
| 16 | | मन्हो | 22.02.2024 | बक्सी | |
| | | | 23.02.2024 | कैमो, महुआ टोली | |
| 17 | | बाघा | 26.02.2024 | ऐने | |
| | | | 27.02.2024 | बाघा | |
| 18 | | निंगनी | 28.02.2024 | बमनडीहा | |
| | | | 29.02.2024 | गंगुपारा | |
| 19 | | जुरिया | 09.02.2024 | करमटोली | डा0 मनीषा लकडा भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी लोहरदगा 8969860976 |
| | | | 10.02.2024 | सोबरन टोली | |
| 20 | | अरकोसा | 12.02.2024 | नवाटोली | |
| | | | 13.02.2024 | भक्सो | |
| 21 | | तिगरा | 16.02.2024 | बेजवाली | |
| | | | 17.02.2024 | अंबाटोली | |
| 22 | | भटखिजरी | 19.02.2024 | मुन्दो | |
| | | | 20.02.2024 | इरगांव | |
| 23 | | रामपूर | 26.02.2024 | रामपूर | |
| | | | 27.02.2024 | रूगडी टोली | |
| 24 | सेन्हा | मुर्की तोडार | 12.02.2024 | मुर्की तोडार | डॉ0 मनोज कुमार प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सेन्हा 7004141738 |
| | | | 13.02.2024 | बंसरी | |
| 25 | | अरू | 15.02.2024 | अरू | |
| | | | 16.02.2024 | जोगना | |
| 26 | | बदला | 19.02.2024 | बदला | |
| | | | 20.02.2024 | चन्दलासो | |
| 27 | | डाडू | 21.02.2024 | डांडू | |
| | | | 22.02.2024 | एकागुडी | |
| 28 | | झालझमीरा | 27.02.2024 | झालझमीरा | |
| | | | 28.02.2024 | घाटा | |
| 29 | | अलौदी | 12.02.2024 | अलौदी | डॉ0 रोहित कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कण्डरा 9709095993 / 8809426652 |
| | | | 13.02.2024 | हेसवे | |
| 30 | | बुटी | 15.02.2024 | बुटी | |
| | | | 16.02.2024 | कंडरा | |
| 31 | | उगरा | 19.02.2024 | उगरा | |
| | | | 20.02.2024 | कोराम्बे | |
| 32 | | भडगांव | 12.02.2024 | भडगांव | डा0 अमर दीपक तिग्गा भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, सेन्हा 7250757243 |
| | | | 13.02.2024 | कुन्दगडी | |
| 33 | | सेन्हा | 15.02.2024 | सेन्हा पंचायत | |
| | | | 16.02.2024 | उराँव टोली | |
| 34 | | तोडार | 27.02.2024 | तोडार | |
| | | | 28.02.2024 | बरही | |
| 35 | भण्डरा | भण्डरा | 10.02.2024 | प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय भण्डरा | डा0 अंजिला श्रद्धा तृप्ति कुजूर भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, भण्डरा 8974749989 |
| | | | 11.02.2024 | आंगनबाडी | |
| 36 | | गडरप्पो | 12.02.2024 | पंचायत भवन/ गडरप्पो | |
| | | | 13.02.2024 | पंचायत भवन/आंगनबाडी | |
| 37 | | मसमानो | 15.02.2024 | पंचायत भवन/मसमानो | |
| | | | 16.02.2024 | पंचायत भवन/मसमानो | |
| 38 | भण्डरा | भौरों | 07.02.2024 | पंचायत भवन, भौरों | डा0 मनोज कुमार, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, भण्डरा 7903325460 |
| | | | 08.02.2024 | आंगन बाडी भौरों | |
| 39 | | उदरंगी | 15.02.2024 | पंचायत भवन | |
| | | | 16.02.2024 | पंचायत भवन | |
| 40 | | आकाशी | 21.02.2024 | पंचायत भवन | |
| | | | 22.02.2024 | पंचायत भवन | |
| 41 | | भीठा | 12.02.2024 | धोबाली | डा0 संजय उरांव भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चट्टी , भण्डरा 9905411330 |
| | | | 13.02.2024 | नगडी | |
| 42 | | बडागांई | 15.02.2024 | खिजरी | |
| | | | 16.02.2024 | कांजो | |
| 43 | | जमगाई | 17.02.2024 | कोटा | |
| | | | 19.02.2024 | डुमरी | |
| 44 | किस्को | खरकी | 05.02.2024 | सेमरडीह, | डा0 सत्यजय केरकेट्टा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी खरचा, 9430190718 |
| | | | 06.02.2024 | छेछरा नवाडीह | |
| 45 | | परहेपाट | 07.02.2024 | जनवल | |
| | | | 08.02.2024 | नगडाटोली | |
| 46 | | नवाडीह | 09.02.2024 | फटेयाटोली | |
| | | | 10.02.2024 | नीनी | |
| 47 | | पाखर | 12.02.2024 | हुटाप | |
| | | | 13.02.2024 | नागपुर | |
| 48 | | बेटठ | 15.02.2024 | पतगच्छा | |
| | | | 16.02.2024 | लावांगाई | |
| 49 | | देवदरिया | 20.02.2024 | खरचा | |
| | | | 21.02.2024 | जोबांग | |
| 50 | | आरेया | 10.02.2024 | निरहू | डा0 बिरसा उराँव, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, पतरातू 7488660969 / 9798078205 |
| | | | 11.02.2024 | चरहू | |
| 51 | | हिसरी | 12.02.2024 | जोगियारा | |
| | | | 13.02.2024 | अगरडीह | |
| 52 | | बगडू | 14.02.2024 | बगडू | |
| | | | 15.02.2024 | उपर बगडू | |
| 53 | पेशरार | पेशरार | 06.02.2024 | नवाटोली | डा0 बिरसा उराँव, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, पतरातू 7488660969 / 9798078205 |
| | | | 07.02.2024 | कानीटोली | |
| 54 | | रोरद | 04.02.2024 | रोरद स्थल टोली | |
| | | | 05.02.2024 | लटकी टोड | |
| 55 | | हेसांग | 08.02.2024 | पंचायत भवन हेंसांग | |
| | | | 09.02.2024 | गढकसमार | |
| 56 | | तुईमू | 16.02.2024 | सिंदूर | |
| | | | 17.02.2024 | टूडूरडीपा | |
| 57 | | सिरम | 22.02.2024 | सिरम | डा0 सत्यजय केरकेट्टा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी खरचा, 9430190718 |
| | | | 23.02.2024 | मौंची | |
| 58 | कैरो | कैरो | 09.02.2024 | विराजपूर | डॉ0 अमर दीपक तिग्गा, प्रभारी, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कैरो |
| | | | 10.02.2024 | जामुनटोली | |
| 59 | | गजनी | 17.02.2024 | चालहो | |
| | | | 19.02.2024 | उलटी | |
| 60 | | नरौली, | 20.02.2024 | चरीमा | |
| | | | 21.02.2024 | 1पंचगाई | |
| 61 | | सढावे | 22.02.2024 | डुमरटोली | |
| | | | 23.02.2024 | सढ़ावे | |
| 62 | | गुड़ी | 28.02.2024 | चीपो | |
| | | | 29.02.2024 | गुडी | |

**नोटः**– 1. लोहरदगा जिलान्तर्गत सभी पंचायतों के स्थानीय जनप्रतिनिधि/मुखियागणों को सभी विशेष पशुचिकित्सा शिविरों में सादर आमंत्रित किया जाता है एवं पशुपालकों से अनुरोध है कि शिविर में अपने पशुओं को बीमाररियों से बचाव हेतु टीकाकरण/औषधियाँ अवश्य दिलाएँ।

2. विशेष परिस्थिति में शिविर आयोजन की तिथि एवं शिविर स्थल में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

**जिला पशुपालन पदाधिकारी**
**लोहरदगा**

PR 318183 Lohardaga (23-24)_D

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## आयकर विभाग ने टांगराईन स्कूल में किया पौधारोपण



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आयकर विभाग जमशेदपुर की ओर से उत्क्रमित मध्य विद्यालय , टांगराईन, पोटका में पौधारोपण किया गया। बाल संसद एवं इको क्लब के बच्चों ने टांगराईन स्कूल के प्रांगण में पौधारोपण अभियान चलाया। इसके पहले आयकर विभाग, जमशेदपुर हेड क्वार्टर के आयकर अधिकारी विजय कुमार ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी को 50 पौधा विभाग की ओर से सौंपा। इस अवसर पर मुख्य आयकर अधिकारी कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी प्रीतम सिंह भी उपस्थित थे।

## यूनियन एएमसी का रांची में खुला शाखा कार्यालय



**जमशेदपुर/रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी क्षेत्र में विस्तार योजना के अंतर्गत यूनियन एएमसी ने रांची में एक शाखा कार्यालय खोला हैं, जिसका उद्घाटन जी प्रदीप कुमार सीईओ और उनके साथ नवीन शर्मा, रीजनल हैड ऑफ सेल्स-ईस्ट तथा नंद किशोर प्रसाद, क्लस्टर हैड ने संयुक्त रूप से किया। यूनियन एएमसी ने पूर्वी क्षेत्र में भी तेजी से प्रगति की है। झारखंड में यूनियन एएमसी के पास 2018 में जहां 4,972 फोलियो हुआ करते थे वहीं 2023 में 15,956 फोलियो जुड़ गए। झारखंड में यूनियन एएमसी का एयूएम 2018 के रु. 44 करोड़ से बढ़कर 2023 में रु. 262 करोड़ हो गया। उद्घाटन समारोह में यूनियन एएमसी के सीईओ जी प्रदीप कुमार ने कहा कि रांची शहर में अपना कार्यालय आरंभ करते हुए हम बहुत उत्साहित हैं।

## अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौके पर मौत, ग्रामीणों ने रोड किया जाम

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के रुगड़ी बाजार के पास बुधवार को एक अनियंत्रित ट्रक के चपेट में आने से एक वृद्ध महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला की पहचान रूगड़ी गांव निवासी 65 वर्षीय बीनंदेवी के रूप में हुई। वहीं उग्र ग्रामीणों ने करीब दो घंटे तक सड़क जाम कर मुआवजा देने व जन बहुल क्षेत्र में कम गति से वाहन चलाने के लिए निर्देश देने का मांग कर रहे थे। घटना कि सुचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे व उग्र ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया और लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों ने ट्रक को पकड़ कर ईचागढ़ पुलिस को सौंप दिया। मौके पर आइएएस लाल बाबू राम, वार्ड सदस्य सुकलाल सिंह मुण्डा, कृष्ण सिंह मुण्डा, रमाकांत माझी,बुलु रानी सहित कई समाजिक कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

## राजस्थान से लौटे खिलाड़ियों का तिरुलडीह में भव्य स्वागत

**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय पांड्रा के दो छात्रों को राजस्थान के जयपुर में आयोजित 67वीं अंडर 14 राष्ट्रीय स्कूल खेल योगासन प्रतियोगिता से लौटने पर तिरूलडीह रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। मामनी महतो और प्रवीण कुमार महतो दोनों ही कुकरू प्रखंड के मध्य विद्यालय पांड्रा का विद्यार्थी है। कुकरू प्रखंड खेल संयोजक प्रेमाशीष महतो ने बताया कि इन दोनों बच्चो का चयन खेलो झारखंड राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता से हुआ था। इंडियन वेटरनरी एक्सटेंशन फॉम पांडुचेरी के पूर्व सदस्य सह भारत विकास विद्यापीठ तिरुलडीह के निदेशक डॉ वरुण कुमार महतो ने बताया कि आजकल यहां के बच्चे राष्टीय और अंतर्राष्टीय स्तर के प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं जो गर्व का विषय है। मौके पर तिरुलडीह थाना के एएसआई रंजीत प्रसाद, मध्य विद्यालय पांड्रा के शिक्षक रविंद्रनाथ मछुआ, शिक्षक खेलाराम बेदिया, डॉक्टर गोबिंद चंद्र महतो, प्रशिक्षक दामोदर जामूदा, पुष्पा सिंह मुंडा, अमित महतो एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## नम आंखों से गुरदीप ने स्वीकार किया पिता गुरदयाल सिंह के लिए पंथ सेवा रत्न सम्मान



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** साकची गुरुद्वारा साहिब में 40 वर्षों तक कीर्तन गायन की निष्काम करने वाले दिवंगत गुरदयाल सिंह के लिए पंथ सेवा रत्न सम्मान स्वीकार करते वक्त पुत्र गुरदीप सिंह पप्पू अपने आंसुओं पर काबू नहीं पा सके। नम आँखों से गुरदीप सिंह पप्पू ने अपने पिता स्वर्गीय गुरदयाल सिंह के लिए विशिष्ट सम्मान साकची गुरुद्वारा साहिब के प्रधान निशान सिंह के हाथों से ग्रहण कर सर माथे पर लगाते हुए गर्व से स्वीकार किया। बुधवार को साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) दिवंगत सरदार गुरदयाल सिंह को मरणोपरांत पंथ सेवा सम्मान से नवाजा गया। इस सम्मान की घोषणा करते हुए साकची गुरुद्वारा के प्रधान सरदार निशान सिंह ने गुरदयाल सिंह को गुरुघर का सच्चा सेवक करार दिया। गुरदीप सिंह पप्पू ने सम्मान प्राप्त करने के बाद कहा कि उन्हें अपने पिता पर गर्व है, जिन्होंने अपने जीते जी सिख समाज और गुरुघर की खूब सेवा की। सम्मानस्वरूप उन्हें शॉल ओढ़ाकर स्मारिका भेंट की गई। साकची गुरुद्वारा में उनकी अंतिम अरदास पर जमशेदपुर के कई गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर संवेदना प्रकट की।

## चुहाड़ विद्रोह के महानायक गंगा नारायण सिंह का मना शहादत दिवस

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चुहाड़ विद्रोह के महानायक वीर शहीद गंगा नारायण सिंह की शहादत दिवस बुधवार को पटमदा के बामनी स्थित गंगा नारायण सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए आदिवासी संगठन के द्वारा मनाई गई। संगठन के युवा नेता अमर सिंह सरदार के नेतृत्व में बारी- बारी से मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया। इस दौरान अमर सिंह सरदार ने कहा कि वीर शहीद गंगा नारायण सिंह ने कहा कि सबको संकल्प लेना है कि अपनी अस्मिता की लड़ाई के लिए जल, जंगल व जमीन की रक्षा करते हुए वीर शहीद गंगा नारायण सिंह के बताए मार्ग पर चलना है। इस दौरान जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, मुखिया कृष्णपद सिंह, भक्तरंजन भूमिज, अमर सिंह सरदार, चंद्रमोहन सिंह,भूषण सिंह, राखहरी सिंह, सत्रुघन सिंह, चंदन सिंह, कैलाश सिंह, कालीराम सिंह, झरीलाल हांसदा व रेंगटु सिंह आदि उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री चंपई सोरेन पहुंचे अपने पैतृक आवास झिलिंगगोड़ा, स्वागत को उमड़ी भीड़, बोले

# हेमंत सरकार का विकास कार्य देख विपक्ष के पेट में हुआ दर्द, इसलिए उन्हें फंसा दिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** मुख्यमंत्री बनने के बाद बुधवार को चंपई सोरेन गम्हरिया प्रखंड के झिलिंगगोड़ा स्थित अपने पैतृक आवास पहुंचे। इस दौरान उनके स्वागत के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। पैतृक आवास पहुंचने पर उनकी पत्नी, बहु समेत परिजनों ने आदिवासी रीति-रिवाज के साथ पांव धोकर उनका स्वागत किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने सिद्धू -कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा घर के पास बने जाहेरथान में जाकर आदिवासी वेश भूषा धारण कर पूजा पाठ किया। इस मौके पर मीडिया से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें मिली है, उसका शत प्रतिशत निर्वहन करेंगे। कहा कि हेमंत सोरेन के अधूरे कार्य को पूरा कर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है।



उन्होंने कहा कि युवा मुख्यमंत्री रहे हेमंत सोरेन की सोच आदिवासी मूलवासियों के उत्थान और विकास को लेकर बनी योजनाओं को अमली जामा पहनाया जाएगा। आदिवासियों और मूलवासियों के धार्मिक स्थलों जाहेरथान का सौंदर्यीकरण कर विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के प्रयास से गांव तक विकास योजनाओं को पहुंचाने का कार्य शुरू किया गया है जो आगे भी जारी रहेगा। मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन ने कहा कि बहुत जल्द ही मन्त्रिमण्डल का विस्तार भी कर लिया जाएगा। विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए उन्होंने कहा कि हेमन्त सोरेन द्वारा किए जा रहे विकास कार्य को देखकर विपक्ष के पेट मे दर्द होने लगा। इसलिए उन्हें फंसा दिया है। अपने पैतृक आवास आने के दौरान मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन अपने आप्त सचिव गुरु प्रसाद महतो के पिता के निधन होने पर उनके गम्हरिया के तिरुलडीह गांव भी गए, जहां उन्होंने आप्त सचिव के पिता राधा गोविंद महतो के शव का अंतिम दर्शन कर माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कोल्हान आयुक्त मनोज कुमार, डीआईजी अजय लिंडा, जिला उपायुक्त रविशंकर शुक्ला, एसपी डॉ विमल कुमार समेत जिला व पुलिस प्रशासन के सभी आला अधिकारी मौजूद रहे।

## दलमा माकुलाकोचा में बने केनोपी वॉक में प्रशिक्षण शुरु




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल के दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी माकुलाकोचा में बने केनोपी वॉक (चांदवा झूला) पर्यटको को लुभाने के लिए वन विभाग द्वारा दलमा क्षेत्र के ग्रामीणों को प्रशिक्षण दे रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त के बाद पर्यटकों को गाइडर द्वारा सुरक्षा ब्लेट लगाकर प्रकृति से दीदार कराया गया। झारखंड में इस तरह का प्रोजेक्ट पहली बार आया है केनोपी वॉक (चांदवा झूला) दलमा में का पहला झुला है जो पर्यटकों को अपनी और खींच रहा है। इस झुले का आंनद पर्यटक को एक अलग एहसास मिलेगा। झुला के उपर से पर्यटक पक्षी, घोंसला,आदि देख सकते हैं एवं गाइडर द्वारा पर्यटकों को जानकारी भी दी जाएगी। प्रशिक्षक ने कहा कि इसमें सुरक्षा ब्लेट के साथ पर्यटक लुत्फ उठायेगा। वन प्रमंडल पदाधिकारी डॉ.अभिषेक कुमार ने बताया कि केनोपी वॉक से क्षेत्र में बसे परिवार को रोजगार मिलेगा एवं पर्यटकों को भी इसकी लाभ मिलेगा।

## जमशेदपुर मैनेजमेंट एसोसिएशन ने शेपिंग यंग माइंड्स प्रोग्राम की मेजबानी की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर मैनेजमेंट एसोसिएशन (जेएमए) ने ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (एआईएमए) के सहयोग से 6 फरवरी, 2024 को एक्सएलआरआई ऑडिटोरियम में शेपिंग यंग माइंड्स प्रोग्राम (एसवाईएमपी) 2024 का आयोजन किया। इसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों से अंतर्दृष्टि प्रदान करके युवा पेशेवरों को प्रेरित और सशक्त बनाना है। इच्छुक पेशेवरों को प्रतिष्ठित आइकनों के साथ बातचीत करने, मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त करने और व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के रास्ते तलाशने के लिए एक गतिशील मंच प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टाटा स्टील के सीईओ और प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन ने युवा प्रतिभाओं के पोषण और समुदाय के भीतर नेतृत्व विकास को बढ़ावा देने के लिए टाटा स्टील की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। इस कार्यक्रम




में सम्मानित वक्ता में राजदूत गुरजीत सिंह, जर्मनी, इंडोनेशिया, इथियोपिया, आसियान, अफ्रीकी संघ में पूर्व भारतीय राजदूत और लेखक, लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रत साहा (सेवानिवृत्त) पीवीएसएम, यूवाईएसएम, वाईएसएम, वीएसएम, पूर्व उप सेना प्रमुख और सदस्य, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (एनएसएबी)। सुनील अलघ- अध्यक्ष, एसकेए एडवाइजर्स, और ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड के पूर्व प्रबंध निदेशक और सीईओ और डॉ. शिखा नेहरू शर्मा- न्यूट्रीवेल हेल्थ इंडिया लिमिटेड की संस्थापक शामिल हुए।

## राशन वितरण में अनियमितता को ले कार्डधारियों ने प्रखंड मुख्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रखंड अंतर्गत कांड्रा पंचायत के राशन डीलर द्वारा राशन वितरण में अनियमितता बरते जाने से आक्रोशित कार्डधारियों और ग्रामीणों द्वारा गम्हरिया प्रखंड मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के पश्चात ग्रामीणों ने प्रखंड खाद्य आपूर्ति विभाग को एक शिकायत पत्र सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की। खाद्य आपूर्ति विभाग को सौंपे गए शिकायत पत्र के माध्यम ने ग्रामीणों ने बताया कि उंक्त गांव के पीडीएस दुकानदार खेरवाल काजल महिला विकास समिति द्वारा विगत तीन



महीनों से कार्डधारियों से पंचिंग करवाकर चावल का वितरण नही किया जा रहा है। इससे कार्डधारी भुखमरी के कगार पर है। बताया गया है कि इस बाबत जब दुकानदार से इसकी शिकायत की जाती है तो उसके द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है। इस संबंध में पूर्व में आपूर्ति विभाग को शिकायत की गई थी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने विभाग से मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## वनांचल ग्रुप व लॉयन्स क्लब का पाटा हेंसल में जरूरतमंदों के बीच कम्बल वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** राजनगर के पाटा हेंसल में स्थापित वनांचल फार्मेसी कॉलेज एवं लॉयन्स क्लब जमशेदपुर के तत्वावधान में बुधवार को जरूरत मंदो के बीच कम्बल का वितरण किया गया। इस मौके पर वनांचल ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के डायरेक्टर आरडी सिंह एवं लायंस क्लब का जमशेदपुर के सचिव उपेंद्र प्रसाद, फार्मेसी कंसल्टेंसी ऑफ इंडिया के एक्जीक्यूटिव मेम्बर धर्मेंद्र सिंह समेत वनांचल फार्मेसी कॉलेज के पदाधिकारी एवं शिक्षकगण उपस्थित थे। उपेंद्र प्रसाद ने बताया कि हमारी संस्था सामाजिक कार्य में हमेशा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेती है। आगे भी इसी प्रकार के कार्य करती रहेगी।

### शिंदे सरकार का कानून धार्मिक आजादी पर हमला : कुलबिंदर

# प्रधानमंत्री व गृह मंत्री हस्तक्षेप कर भरोसा जीतें

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सिखों के पांच महान तत्वों में शुमार तख्त श्री हजूर साहिब अबचलनगर नांदेड़, महाराष्ट्र के प्रबंधन को लेकर बनाए गए नए कानून की आलोचना अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने की है और इसे धार्मिक आजादी पर हमला बताया है। उनके अनुसार तख्त के प्रबंधन पर काबिज होने के लिए 1956 कानून का संशोधन किया गया है। पहले महाराष्ट्र सरकार 7 सदस्यों को मनोनीत करती थी जिसे बढ़ाकर 12 कर दिया गया है। जबकि निर्वाचन क्षेत्र कर को घटाकर तीन कर दिया



गया है। वहीं सिख सांसद शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अधिकारों में भी कटौती कर दी गई है। पहले वह चार सदस्यों को बोर्ड के लिए भेजती थी जिसे घटाकर दो कर दिया गया है। वहीं नांदेड़ ऐतिहासिक स्थल का दान सिखों को हैदराबाद के निजाम ने दिया था और हैदराबाद और सिकंदराबाद से भी एक प्रतिनिधि चुनकर आता था जिसे खत्म कर दिया गया है। सिख बुद्धिजीवियों की संस्था, चीफ खालसा दीवान, हजूरी खालसा दीवान और सिख पार्लियामेंट्री बोर्ड का प्रतिनिधित्व खत्म कर दिया गया है। अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह एवं राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा से इस मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। नए कानून के अनुसार तख्त हजूर साहब प्रबंधन कमेटी का प्रबंधन एवं प्रशासन और 17 सदस्य करेंगे। जिसमें 12 सदस्यों का मनोनयन महाराष्ट्र सरकार करेगी और तीन सदस्यों का चुनाव नांदेड़ के सिखों के बीच से होगा तथा दो सदस्य को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी मनोनीत करेगी। इस व्यवस्था से आप तय हो गया है कि महाराष्ट्र सरकार जिसे चाहेगी वहीं अब वहां का प्रेसिडेंट, महासचिव और अन्य पदाधिकारी बनेंगे। इस अधिवक्ता के अनुसार ऐसे फैसलों के कारण ही अल्पसंख्यकों का विश्वास भारतीय जनता पार्टी के प्रति जम नहीं पाता है।

## राहुल गांधी से मिलकर सपना हुआ साकार : बबलू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बुधवार को डॉ अजय कुमार के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष (नगर) धर्मेंद्र सोनकर एवं जिला उपाध्यक्ष बबलू झा शमिल हुए। राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा झारखंड-उड़ीसा बॉर्डर पहुंचा। यात्रा में झारखंड से चलते हुए रामपाल कैंप में पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर, जिला उपाध्यक्ष बबलू झा उड़ीसा पहुंचे। राहुल गांधी ने अजितेश उज्जैन के पुत्र आश्रीवाद उज्जैन के तस्वीर पर



अपना ऑटोग्राफ दिया। इस दौरान बब्लू झा को राहुल गांधी ने अपने पास बुलाया और कहा की सहो मत, डरो मत। वही बबलू झा ने कहा की आज मेरा सपना पूर्ण हुआ। धर्मेंद्र सोनकर ने राहुल गांधी को अंगवस्त्र एवम पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। श्री गांधी ने कांग्रेस पार्टी को पूर्वी सिंहभूम को और मज़बूत करने को कहा। राहुल गांधी के कैंप में मिलने वालो में धर्मेंद्र सोनकर,बब्लू झा ज़िला उपाध्यक्ष, प्रोफेशनल कांग्रेस जिला अध्यक्ष अफसर इमाम, जिला महासचिव शशि भूषण, अजीतेश उज्जैन ,करण सोनकर एवम अन्य।

## लोकसभा व विधानसभा चुनाव में फिर से खिलाएंगे कमल : सुधांशु ओझा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सुधांशु ओझा ने भाजपा जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष पद पर बुधवार को भारतीय संस्कृति एवं सनातन रीति रिवाज से पदभार ग्रहण किया। साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय के समक्ष आयोजित पदभार ग्रहण समारोह में निवर्तमान जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा को विधिवत पदभार ग्रहण कराया। समारोह में झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व विधायक मेनका सरदार, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू समेत पार्टी के तमाम वरीय नेतागणों के साथ हजारों कार्यकर्ता इस पल के साक्षी बने। पदभार ग्रहण करने के पश्चात सुधांशु ओझा ने निवर्तमान जिलाध्यक्ष गुंजन यादव एवं अन्य कार्यकर्ताओं के संग पैदल मार्च करते



हुए साकची गोलचक्कर के समीप स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। वहीं, जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि पार्टी संगठन को और अधिक विस्तार देते हुए पार्टी को नई उचाईयों पर ले जाने के लिए मैं आप सबके सहयोग से पूरी ईमानदारी से काम करूंगा।

## आयकर प्रावधानों व संबंधित अन्य मामलों के बारे में करदाताओं को किया गया जागरुक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** आयकर विभाग जमशेदपुर अंचल की ओर से बुधवार को सरायकेला मारवाड़ी धर्मशाला में चेंबर ऑफ कॉमर्स में व्यापारियों के जागरुकता हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता चेंबर ऑफ कॉमर्स सरायकेला के अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने किया। मौके पर आयकर विभाग के अधिकारी संजय कुमार पांडे ने बताया केंद्रीय कार्य योजना 2023-24 के अनुसार




विभाग को आयकर प्रावधानों और इससे संबंधित अन्य मामलों के बारे में करदाताओं के बीच जागरूकता फैलाने के लिए आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया है। सत्येन्द्र कुमार, आईटीओ ने नियमित तौर पर इनकम टैक्स रिटर्न भरने का अनुरोध किया। एक से अधिक पैन जारी करने, डुप्लीकेट पैन जारी करने के खतरों, पैन और आधार को जोड़ने के दौरान ई-मित्र केंद्रों द्वारा की जाने वाली गलतियों के बारे में भी जानकारी दी। चैंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव मनोज कुमार चौधरी ने कहा लोगों में विभिन्न प्रकार के भ्रांतियां हैं जागरूकता कार्यक्रम से आयकर विभाग के प्रति लोगों के विचार बदलेंगे। इस प्रकार के कार्यक्रम पंचायत स्तर पर भी आयोजित करने की उन्होंने आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने किया।

## जुस्को स्कूल साउथ पार्क का वार्षिक स्नातक समारोह हुआ संपन्न, छात्र सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कदमा कुडी मोहंती सभागार में आज जुस्को स्कूल साउथ पार्क के बारहवीं कक्षा सत्र 2023-24 के निवर्तमान छात्रों के लिए वार्षिक स्नातक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, स्कूल की प्रिंसिपल मिली सिन्हा ने स्कूली जीवन के 15 वर्षों पर प्रकाश डाला। समारोह के मुख्य अतिथि प्रशासक जेईएम फाउंडेशन के ए एफ मैडन और वरिष्ठ प्रबंधक जेईएम फाउंडेशन जीजू थॉमस थे।

### विभिन्न श्रेणी में पुरस्कार से सम्मानित छात्र

अनुशासित छात्रः खुशी चौधरी, वागीशा अवस्ती, सिद्धार्थ घोषाल, अभिषेक महतो, शुभम मनोचा, नंदिनी रे। लीडर्स ऑफ़ टुमॉरोः सुमित रॉय, संजना महता, निशांत कुमार, कुमारी मुस्कान, एरम फातिमा, आयुष कुमार नायक, स्वास्तिका त्रिवेदी, कोपल राय, पी. वेद श्रुति, कुमार अक्षत, भव्या गोयल, एस. एन दिव्या। प्रिंसिपल च्वाइस अवार्ड- अक्षत, ज़ोया अहमद, संजना महता और कोपल राय। कार्यक्रम का समापन निवर्तमान स्कूल अध्यक्ष सुमित रॉय और संजना महथा और स्कूल कैप्टन कुमारी मुस्कान के समापन भाषण के साथ हुआ।

# नियत समय पर होगा लोकसभा का चुनाव

लोक सभा चुनाव को लेकर कहा जा रहा है कि तय समय से पहले दिसंबर-जनवरी में करवाए जा सकते हैं। क्योंकि पूरे देश को नया जनादेश देना है। हालांकि सरकार और भाजपा के भीतर संकेत ऐसे नहीं है, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी कई बार दोहरा चुके हैं कि वह जनादेश का सम्मान करते हैं। लिहाजा वह पूरी अवधि तक प्रशासन में रहेंगे और चुनाव तय वक्त पर ही कराए जाएंगे। लेकिन विपक्ष के बड़े नेताओं नितेश कुमार और ममता बनर्जी ने मध्यावधि चुनाव की आशंका जताई है। दोनों क्रमश = बिहार और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री है। खुफिया सूचनाएं उन तक भी पहुंचती है। दोनों नेताओं ने इंडिया गठबंधन को जल्द ही एकजुट करने और साझा राजनीति तय करने की आगरा किए है। ममता बनर्जी का इतना दावा भी है कि चुनाव प्रचार के लिए भाजपा ने हेलिकॉप्टर भी बुक कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीति हो सकती है कि विपक्षी गठबंधन आकार भी न लेने पाए और चुनावों का शंखनाद कर दिया जाए । विपक्षी नेताओं की दलीलें है कि जिस तरह मोदी सरकार ने रसोई गैस का सिलेंडर 200 रुपए सस्ता किया है और उज्जवल योजना वालों को 400 रुपए सस्ता सिलेंडर मिलेगा । इसी के साथ यह भी घोषणा की गई है कि 75 लाख महिलाओं को उज्जवल योजना के तहत मुफ्त गैस कलेक्शन और भरा गैस सिलेंडर भी दिए जाएंगे। इससे लाभार्थियों की कुल संख्या 10.35 करोड़ हो जाएगी। यह मोदी सरकार का ही दावा है इन घोषणाओं को राखी का तोहफा प्रचारित किया जा रहा है। बहरहाल भारत में रसोई गैस का सिलेंडर इस्तेमाल करने वालों की कुल संख्या 33 करोड़ से कुछ अधिक है, लिहाजा उज्जवल के लाभार्थियों की संख्या बेहद महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, भाजपा नेतृत्व ने मध्यप्रदेश और राजस्थान में पराजित सीटों पर अभी से उम्मीदवार घोषित कर दिया है। वे चुनाव प्रचार में भी जुट गए हैं। दलीलें ये भी दी जा रही है कि भाजपा नेतृत्व ने अपनी पार्टी काडर को अलर्ट भी कर दिया है और बूथ स्तर के असंख्य कार्यकर्ताओं को गृह मंत्री अमित शाह संबोधित कर रही है।उनसे फोन पर भी संवाद किए जा रहे हैं। दरअसल यह भाजपा की पुरानी राजनीति रही है कि वह चुनाव के लिए हमेशा तैयार रहती है। इनसे मध्यावधि चुनाव के आसार स्पष्ट नहीं होते, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण सूचना यह है कि जनवरी में मकर संक्रांति के आसपास प्रधानमंत्री मोदी को अयोध्या के भव्य राम मंदिर के एक हिस्से का उद्घाटन करना है। यहीं राम लला की मूर्तियां स्थापित की जानी है, लिहाजा वे प्राणवंत मानी जाएगी।भाजपा इस संवेदनशील और आस्थामय मुद्दे को व्यापक स्तर पर भूनाना चाहेगी,लिहाजा चुनाव अप्रैल-मई के तय वक्त पर ही होंगे। दरअसल इंडिया गठबंधन अभी तक एक निश्चित आकार और ताकत ग्रहण नहीं कर सकता है। मुंबई में 31 अगस्त और 1 सितंबर को इंडिया की बैठकें होनी है। देखते हैं कि गठबंधन का अध्यक्ष, संयोजक तय होने के साथ-साथ सचिवालय और सीटों के बंटवारे का शुरुआती फैसला होता है अथवा नहीं।गठबंधन का साझा न्यूनतम कार्यक्रम भी बेहद जरूरी है। प्रधानमंत्री पद का चेहरा फिलहाल तो तय नहीं होगा, क्योंकि अपने-अपने प्रभाव के क्षेत्रों में प्रधानमंत्री पद के लिए अपने-अपने नेता के शोर मचाए जा रहे हैं। संभव है कि नीतीश और ममता चुनाव का हव्वा खड़ा कर दबाव देने की कोशिश कर रहे हों, ताकि तमाम निर्णय जल्द हो जाएं और इंडिया का साझा चुनाव प्रचार आरंभ किया जा सके। बहरहाल कारण कुछ भी हों, लेकिन राजनीतिक गलियारों में एक बहस छिड़ गई है कि क्या मध्यावधि चुनाव हो सकते हैं।ऐसे चुनाव कई अभूतपूर्व और अप्रत्याशित नहीं होते, क्योंकि 1971, 1980, 1984, 1991, 1998, 1999 और 2004 में तत्कालीन प्रधानमंत्री विभिन्न कारणों से मध्यावधि चुनाव करा चुके है। उनकी जीत भी हुई और उनके दल पराजित भी हुए।बहरहाल मौजूदा परिदृश्य बिल्कुल भिन्न है ।हम सरकार के निर्णय पर निगाहें रखे रहेंगे। जहां तक विपक्षी गठबंधन में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवारों का सवाल है, इस विषय में अभी वहां एकता नहीं हो पाई है।कोई कह रहा है कि अरविंद केजरीवाल को पीएम बनना चाहिए, कोई राहुल गांधी को बनाना चाहता है, तो कोई ममता अथवा नीतीश का नाम भी ले रहा है।

### नए अंतरिम बजट से ऐसे विभिन्न जरूरतमंद वर्ग जो तत्काल रियायतों की अपेक्षा कर रहे थे

# विकसित भारत के पक्के इरादों का बजट

डा. जयंतीलाल भंडारी

**यकीनन** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किया गया वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट आम आदमी की खुशहाली और देश के तेजी से विकास के दावों, वादों, इरादों और वित्तीय अनुशासन का आदर्श गुलदस्ता है। इस बजट में गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं, ग्रामीण विकास और बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए जो अहम घोषणाएं की गई हैं, उनसे विकास और आर्थिक कल्याण का नया अध्याय लिखा जा सकेगा। साथ ही यह अंतरिम बजट विकास का ऐसा रोडमैप भी है, जिससे अगले तीन वर्षों में देश पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनकर दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक दुनिया का विकसित देश बनने की डगर पर आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे सकेगा। यदि हम वित्तमंत्री सीतारमण के द्वारा अंतरिम बजट में प्रस्तुत किए गए वर्ष 2023-24 के आय-व्यय से संशोधित अनुमान की स्थिति देखें तो पाते हैं कि उधार को छोडक़र कुल प्राप्तियों का संशोधित अनुमान 27.56 लाख करोड़ रुपए है जिसमें से कर प्राप्ति 23.24 लाख करोड़ रुपए है। कुल व्यय का संशोधित अनुमान 44.90 लाख करोड़ रुपए है। 30.03 लाख करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति बजट अनुमान से अधिक रहने की उम्मीद है, जो अर्थव्यवस्था में मजबूत विकास दर और इसके औपचारीकरण को दर्शाता है। इसी तरह वर्ष 2024-25 के बजट के तहत उधारी से इतर कुल प्राप्तियां और कुल व्यय क्रमशः 30.80 लाख करोड़ रुपए और 47.66 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है।

> वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट आम आदमी की खुशहाली और देश के तेजी से विकास के दावों, वादों, इरादों और वित्तीय अनुशासन का आदर्श गुलदस्ता है। इस बजट में गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं, ग्रामीण विकास और बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए जो अहम घोषणाएं की गई हैं, उनसे विकास और आर्थिक कल्याण का नया अध्याय लिखा जा सकेगा।

कर प्राप्तियां 26.02 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। निःसंदेह देश की आजादी के बाद से अब तक जितने अंतरिम बजट आए हैं, उन सभी बजटों में वित्तीय अनुशासन के मद्देनजर वित्तमंत्री सीतारमण का यह बजट चमकता हुआ दिखाई दे रहा है। खासतौर पर वर्ष 2000 के बाद प्रस्तुत हुए तीन अंतरिम बजटों में लोकलुभावन घोषणाएं की गई थी और कर उपायों की अनदेखी की गई थी। साथ ही पिछले लोकसभा चुनाव के पहले कार्यवाहक वित्तमंत्री पीयूष गोयल के वर्ष 2019-2020 के अंतरिम बजट में किसान सम्मान निधि व आयकर राहत देने जैसे जरूरी प्रावधान शामिल किए थे। लेकिन लोकसभा चुनाव 2024 के पूर्व प्रस्तुत किए गए इस अंतरिम बजट में वित्तमंत्री सीतारमण ने वैसी छोटी-बड़ी लोक लुभावन योजनाओं और रियायतों के कोई तोहफे नहीं




दिए हैं। सीतारमण ने कहा कि मोटे तौर पर अंतरिम बजट लेखानुदान की तरह ही है। अंतरिम बजट में नई सरकार बनने तक की व्यय जरूरतों को पूरा करने का उद्देश्य ही प्रमुख है। पूर्ण बजट जुलाई 2024 में संभावित है जो कि विकसित भारत का रोडमैप होगा। निःसंदेह अंतरिम बजट 2024-25 की तस्वीर में यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं, ग्रामीण विकास बुनियादी ढांचा विकास के सशक्तिकरण और प्रगति के अध्याय को आगे बढ़ाया है। कहा गया है कि कोविड संबंधी चुनौतियों के बावजूद पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत तीन करोड़ मकानों का लक्ष्य जल्द ही हासिल किया जाएगा। अगले पांच वर्षों में 2 करोड़ अतिरिक्त मकानों का लक्ष्य लिया जाएगा। छत पर सौर प्रणाली लगाने से 1 करोड़ परिवार हर महीने 300 यूनिट तक निशुल्क बिजली प्राप्त कर सकेंगे। इससे हरेक परिवार को सालाना 15000 से 18000 रुपए की बचत होने का अनुमान है। आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सेवा सुरक्षा में सभी आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को भी शामिल किया जाएगा। रक्षा उद्देश्यों के लिए डीप-टेक प्रौद्योगिकी को मजबूती देने और आत्मनिर्भरता में तेजी लाने के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी। बुनियादी ढांचा के विकास और रोजगार सृजन के लिए पूंजीगत व्यय के परिव्यय को 11.1 प्रतिशत बढ़ाकर..... करोड़ रुपए किया जा रहा है। यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.4 प्रतिशत होगी। लॉजिस्टिक्स कुशलता को बेहतर करने और लागत घटाने के लिए पीएम गतिशक्ति के तहत तीन प्रमुख आर्थिक गलियारा कार्यक्रमों की पहचान की गई है। ऊर्जा, खनिज एवं सीमेंट गलियारा पत्तन संपर्कता गलियारा, अधिक यातायात वाला गलियारा, 40000 सामान्य रेल डिब्बों को 'वंदे भारत' मानकों के अनुरूप बदला जाएगा।

वर्ष 2030 तक 100 मीट्रिक टन की कोयला गैसीकरण और तरलीकरण क्षमता स्थापित की जाएगी। परिवहन के लिए कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) और घरेलू प्रयोजनों के लिए पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) में कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) के चरणबद्ध अधिदेशात्मक मिश्रण को अनिवार्य किया जाएगा। राज्यों को प्रतिष्ठित पर्यटक केन्द्रों का संपूर्ण विकास शुरू करने. उनकी वैश्विक पैमाने पर ब्रांडिंग और मार्केटिंग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस समय जब दुनिया में भारत पर्यटकों के नए आकर्षक देश के रूप में आगे बढ़ा रहा है, तब अंतरिम बजट पर्यटन को बड़े प्रोत्साहन देते हुए दिखाई दे रहा है। देश के पर्यटन केन्द्रों को वहां उपलब्ध सुविधाओं और सेवाओं की गुणवत्ता के आधार पर रेटिंग देने के लिए एक फ्रेमवर्क बनाया जाएगा। इस प्रकार की गतिविधियों का वित्त पोषण करने के लिए राज्यों को मैचिंग के आधार पर ब्याजमुक्त दीर्घावधि ऋण दिया जाएगा। 'विकसित भारत' के लिए राज्यों में सुधार के तहत राज्य सरकारों द्वारा विभिन्न पड़ावों से जुड़े सुधार के लिए 50 वर्ष के ब्याजमुक्त ऋण के रूप में 75000 करोड़ रुपए के प्रावधान का प्रस्ताव है। ब्लू इकोनॉमी 2.0 के लिए नई जलवायु गतिशील योजना आरंभ की जाएगी। डेयरी किसानों की सहायता के लिए व्यापक कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई जाएगी। नए मेडिकल कॉलेजों के विभिन्न विभागों में वर्तमान अस्पतालों की बुनियादी सुविधाओं को उपयोग में लाया जाएगा। मौजूदा अस्पतालों की बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण करने और मेडिकल कॉलेज खोलने के बारे में सिफारिश के लिए समिति का गठन किया जाएगा। सरकार माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए विभिन्न योजनाओं में तालमेल स्थापित करेगी। डिजिटल इंडिया पहल को और मजबूती देने के लिए नया यू-विन प्लेटफॉर्म शुरू होगा। सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 9 से 14 वर्ष की आयु की बालिकाओं के लिए टीकाकरण कार्यक्रम चलाया जाएगा। बेहतर पोषण उपलब्ध कराकर प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख एवं विकास के लिए 'सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0' के अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्रों के उन्नयन में तेजी लाई जाएगी।

दृष्टि कोण

# जवानी के खिलाफ चल रहा खामोश युद्ध

**अतीतकाल** से नशा एक चर्चित लफ्ज रहा है। नशे के प्रचलन की तारीख चश्मदीद है कि जिस आंगन में नशे का शजर उग जाए वहां इबादत के चिराग व मन्नतों के धागे भी बेअसर हो जाते हैं, केवल नाशादगी भरा तमस छा जाता है। नशा इनसान की जिंदगी में कई रूपों में दस्तक देता है। नशा चाहे धन दौलत का हो, सरकारी पद का हो, सियासी कद का हो, आब-ए-तल्ख का हो या फरोग-ए-हुस्न का हो, नशा जब सिर चढक़र बोलता है तो नशे में मदहोश शख्स को कुछ नजर नहीं आता। मगर नशा इनसान के असल चरित्र को बेनकाब जरूर करता है। देश पर हुक्मरानी करने वाले सियासी रहनुमाओं पर इक्तदार के रसूख का नशा हावी रहता है। लेकिन सबसे तशवीशनाक पहलू यह है कि किसी भी क्षेत्र में इंकलाब लाने की सलाहियत रखने वाला मुल्क का युवावेग स्मैक के धुएं में सुलग रहा है। नशीले व मादक पदार्थों की आंधी में यौवन मफलूज हो रहा है। नशे के अजाब से अभिभावक दुश्वारियों के दौर से गुजर कर अपनी गर्दिश-ए-तकदीर को कोस रहे हैं। अभिभावकों के अरमान होते हैं कि उनके बच्चे अच्छे शिक्षण संस्थानों से तालीम हासिल करके उनकी अपेक्षाओं को साकार करें, परंतु निजी शिक्षण संस्थानों की महंगी फीस ने अभिभावकों के अर्थतंत्र का तवाजुन बिगाड़ दिया है। छात्रों के भविष्य को बेहतर बनाने



वाले कई शिक्षण संस्थान ड्रग्स माफिया के राडार पर आ चुके हैं। नशाखोरी की गर्त में जा रही प्रतिभाओं के हुनर का नाश हो रहा है। नशीले पदार्थों के व्यसन व जहरीली शराब के सेवन से हो रही अकाल मौतों से कई परिवार उजड़ रहे हैं। नशे के दर्द से उपजे अश्कों का हिस्सेदार कोई नहीं बनता। घरों के चश्मो-चिराग बुझने पर गम-ए-हिज्र अभिभावकों को ही झेलना पड़ता है। नशे के कारण अभिभावकों के सपने टूट रहे हैं। देश के लिए दुर्भाग्य की बात यह है कि आतंक की परवरिश तथा नशीले पदार्थों की अवैध तिजारत का मुख्य सरगना विश्व का सबसे बड़ा बेगैरत मुल्क पाकिस्तान भारत का हमसाया है। दहशतगर्दी की दारुल हुकूमत बन चुके पाकिस्तान में आतंक व नशे का चोली-दामन का साथ रहा है। पाकिस्तान के मजहबी रहनुमाओं की आग उगलती तकरीरों ने युवाओं को जन्नत में बहत्तर हूरों का ख्वाब दिखाकर उनके जहन में मजहबी कट्टरवाद का नशा इस कदर भर दिया कि पाक आतंक तथा नशे के लिए दुनिया में कुख्यात हो गया। पाकिस्तान से सटे देश के कुछ राज्यों की सरहदें हिमाचल प्रदेश से भी लगती हैं। नतीजतन आस्था के धरातल हिमाचल की वादियों में ड्रग्स तस्करों ने पनाह लेकर नशे के अवैध धंधे को अंजाम देकर पहाड़ की जवानी के खिलाफ खामोश युद्ध का आगाज कर दिया। नशीले पदार्थों की तस्करी में गैर हिमाचली व विदेशी लोगों की गिरफ्तारियां तस्दीक करती हैं कि राज्य में नशा नेटवर्क के तार विदेशों तक जुड़े हैं। मौजूदा दौर में पहाड़ की भोली-भाली विरासत के लोगों के लिए नशा परेशानी का सबब बन चुका है। पहाड़ी राज्य में अंधाधुंध तरीके से फैल रहा नशे का जहरनुमा कारोबार तथा नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त की आसानी से उपलब्धता चिंताजनक सूरतेहाल है। मादक पदार्थ निषेध अधिनियम के तहत दर्ज होने वाले मामलों में वृद्धि हो रही है। पर्यटन व धार्मिक स्थलों के लिए विख्यात राज्य में नशे का यह खतरनाक तनाजुर पहाड़ की रुसवाई का अस्बाब बन रहा है। नशाखोरी के खिलाफ विश्व भर में कई जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। नशे की लत को छुड़ाने के लिए नशा मुक्ति केन्द्र चल रहे हैं। कई निजी संस्थाएं देश में नशामुक्त समाज के निर्माण में काम कर रही हैं, मगर नशा माफिया के इख्तिलाफ में कोई भी हिकमत कारगर साबित नहीं हो रही, बल्कि युवतियां भी नशे की तलबगार बन रही हैं। दूसरी विडंबना यह है कि युवा पीढ़ी ज्यादातर मायानगरी के अदाकारों को अपना आदर्श मानती है। नशाखोरी जैसी बुराई को सिल्वर स्क्रीन के जरिए बेनकाब करके दुनिया को नशे के दुष्परिणाम से मुखातिब कराने वाली मनोरंजन जगत की नगरी बॉलीवुड के दामन पर भी ड्रग्स की इल्लत के बदनुमां दाग लग चुके हैं। नशे के लिए बदनाम हुक्का बार व रेव पार्टियों में सितारों की मदहोशी का मजहर कई न्यूज चैनलों की सुर्खियां बनता है। बीड़ी-सिगरेट व भांग से आगाज करने वाला नशा मौजूदा वक्त में चिट्टा, हेरोइन, स्मैक, कोकीन व ब्राउन शुगर जैसे घातक नशीले पदार्थों की बुलंदी पर पहुंच चुका है। इनसानी शरीर में फैलने वाली बीमारियां तथा समाज में हो रहे फसाद के पीछे ज्यादातर पसमंजर नशे का है। नशाखोरी के दर्दनाक अंजाम का इल्म होने के बावजूद मौत की इबारत लिखने वाले नशीले पदार्थों से तौबा नहीं की जा रही। स्मरण रहे बुराई को यदि समय पर रुखसत न किया जाए, तो बुराई कयामत का सबब बनकर इनसान के सुनहरे वक्त को जुल्मत के दौर में तब्दील करके आखिरत के सफर को जहन्नुम की तरफ मोड़ देती है।

कुछ अलग

# बदल रहा है उच्च शिक्षा का माहौल

**एक** वक्त था, जब विश्वविद्यालयों में ज्यादातर राजनीतिक नियुक्तियां होती थीं और दूसरे पदों पर नियुक्तियों में भी काफी पैसा चलता था। ऐसे में अजा/अजजा जैसे कमजोर वर्गों के लोगों का शैक्षिक पदों में समावेश बेहद मुश्किल था, क्योंकि उनके पास इतने आर्थिक संसाधन नहीं थे, कि वे नियुक्ति के सपने देख सकें। जाहिर है कि इन पदों पर कमजोर वर्गों का प्रतिनिधित्व भी तकरीबन शून्य ही हुआ करता था। अर्हता के मानक और व्यवस्था की नकारात्मक दृष्टि के कारण करोड़ों की आबादी वाले ये समुदाय एक फीसदी भी समावेश पाने से वंचित थे। किसी को पता भी नहीं चलता था, और बगैर किसी शैक्षिक मूल्यांकन के चोर दरवाजे से विश्वविद्यालय रूपी मंदिर में उच्च पदों पर नियुक्तियां होती थीं। नतीजा यह होता था कि कमजोर वर्गों के छात्र व छात्राएं काफी हतोत्साहित रहते थे और उच्च शिक्षा के प्रति काफी उदासीन भी। लेकिन अब तस्वीर बदल रही है। आज बाकायदा पदों के विज्ञापन छपते हैं। सर्च कमेटियां बैठती हैं। रिसर्च एडमिनिस्ट्रेटिव अनुभव और बौद्धिक विकास की संकल्पना को साकार करते सत्यनिष्ठ आचार्यों की उपलब्धियों से विश्वविद्यालयों के उच्चतम पदों की गरिमा में वृद्धि की संभावनाएं बढ़ रही हैं। अब राजनीतिक प्रतिबद्धता से मुक्त, अपने अकादमिक दायित्वों, विद्या-विकास के प्रति निष्ठा और सामूहिकता की भावना जैसे गुणों को नियुक्ति के वक्त तरजीह दी जाती है। उल्लेखनीय है कि शिक्षा, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र की समृद्धि राष्ट्र की सामाजिक समृद्धि की रीढ़ होती है। उन आचार्यों को प्रमुखता दी जा रही है, जिनके पास अपेक्षित उच्च स्तरीय उपाधियां हों, जिन्होंने उच्च स्तरीय रिसर्च किया हो, जिनकी कला-विज्ञान या मीडिया विषयक पुस्तकें विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल हों, जिनके अनुवाद देशी-विदेशी भाषाओं में हों और जिनके रचना कर्म को लेकर देश के अनेक विश्वविद्यालयों में दर्जनों एम.फिल., पीएच.डी. के रूप में शोध कार्य हो चुके हों। हाल ही में आरक्षित श्रेणी के फर्जी प्रमाण पत्र जारी करने और उनका इस्तेमाल पश्चिम बंगाल के चिकित्सा महाविद्यालय में किए जाने के संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता उच्च न्यायालय की कार्यवाही पर रोक लगाई है। फर्जी जाति प्रमाण पत्र ऐसा भ्रष्टाचार है, जिससे अजा/अजजा के शिक्षा क्षेत्र में समावेश की संभावना को न्यूनतम किया जाता रहा है। निराशा और नाउम्मीदी को परास्त कर सभी के लिए आशाजनक खबर आई, कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के 'अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण' के अनुसार, देश में नामांकन बढ़कर 4.33 करोड़ हुआ है। 2014 के बाद हुई 26.5 फीसदी की वृद्धि आशातीत है। 2014-2015 से अब तक 341 विश्वविद्यालय स्थापित हुए हैं। आंकड़ों की मानें, तो 2021-22 में सकल नामांकन अनुपात 28.4 तक पहुंच गया है। समानांतर रूप से स्थापित प्राइवेट सेक्टर की शिक्षा व्यवस्था में एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों/शिक्षकों, कुलसचिवों, कुलगुरुओं में राजकीय और निजी क्षेत्र का समावेशी अनुपात कितना संतोषजनक है, इसका कोई ब्योरा नहीं है। निजी क्षेत्र की अंग्रेजी माध्यम की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पाना कमजोर वर्गों के लिए दुर्लभ होता जा रहा है। वहां सामान्य वर्ग की तुलना में आरक्षित वर्ग के छात्रों का अनुपात नगण्य है। परंतु राजकीय शिक्षा में पहले से स्थिति बेहतर हुई है। मीडिया में जारी आंकड़े बताते हैं, 2014-15 में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों का नामांकन 46.07 लाख था, जो 2021-22 में बढ़कर 66.23 लाख हो गया है। अर्थात 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

देश दुनीया से

# जहां प्रकृति के बीच से गुजरता है खुदको जानने का रास्ता

> बारिश की बूंदे जमीन को हरा-भरा बनाकर फिर वापस ओस बन जाती हैं। ऐसा लगता है यह कौन वास्तुकार है जो बिना रुके, बिना किसी प्रयास के सहजता से चलता रहता है। प्रकृति को और नज़दीक से जानने के लिए मैं शहर में स्थित एक 'नेचर वॉक' ग्रुप के साथ जुड़ गई। 'नेचर वॉक' ग्रुप हर शहर में प्रकृति प्रेमी लोगों के समूह होते हैं जो कि शहर के भीतर और शहर से बाहर हरित स्थानों (ग्रीन स्पसे से) का भ्रमण करते हैं, उनका अवलोकन करते हैं और साथ में मिलकर प्रकृति और प्राकृतिक स्थानों को बचाने का सतत प्रयास करते हैं।

**शहर** के बीच हरित स्थान प्रकृति की खली पाठशाला है। अगर इन स्थानों में समय गुज़ार कर हम प्रकृति की स्वचालित पद्दति को देखें कि किस तरह प्रकृति में कुछ भी व्यर्थ नहीं हैं। पेड़ के पत्ते नीचे गिरकर खाद बन जाते हैं। चिड़यि और भवरें एक जगह से दूसरी जगह बीज गिराकर एक नए फूल को जन्म देते हैं। बारिश की बूंदे जमीन को हरा-भरा बनाकर फिर वापस ओस बन जाती हैं। ऐसा लगता है यह कौन वास्तुकार है जो बिना रुके, बिना किसी प्रयास के सहजता से चलता रहता है। प्रकृति को और नज़दीक से जानने के लिए मैं शहर में स्थित एक 'नेचर वॉक' ग्रुप के साथ जुड़ गई। 'नेचर वॉक' ग्रुप हर शहर में प्रकृति प्रेमी लोगों के समूह होते हैं जो कि शहर के भीतर और शहर से बाहर हरित स्थानों (ग्रीन स्पसे से) का भ्रमण करते हैं, उनका अवलोकन करते हैं और साथ में मिलकर प्रकृति और प्राकृतिक स्थानों को बचाने का सतत प्रयास करते हैं। नेचर वॉक' ग्रुप के साथ शहर में कंक्रीट जंगल के बीचों-बीच एक ऐसे ग्रीन स्पसे से परिचय हुआ, जिसकी कशिश ही अलग थी, उसकी सौंधी-सौंधी महक हर किसी को आकर्षित कर रही थी। उस स्थान का नाम था 'सावित्री अर्बन फ़ूड फॉरेस्ट'। यहां पर न केवल पड़े-पौधे और घूमने की जगह थी, बल्कि हर फल के एक या दो वृक्ष लगे हुए थे। तने पर लटके हुए केले, अंगुर की बेल से बातें कर रहे थे। रात की रानी, मोगरा, रजनीगंधा, तलुसी, और लमेन ग्रास की महक, चिड़यिों, तितलियों और भवरों को आमंत्रण दे रही थी। इस अर्बन फ़ूड फॉरेस्ट में 90-100 तक अलग-अलग तरह के फल-फूल , घास, वृक्ष सब्ज़ियां और बेल लगी हुई थी। वहां पर एक छोटी सी 'आयर्वेदिक डिस्पसेंरी' भी थी जिसमें तलुसी, अडूसी, शतावरी, ब्राह्मी, इन्सलिुलिन जैसै अन्य आयर्वेदिक प्लांट लोगों को बरबस अपनी ओर खींच रहे थे। पेड़ों के नीचे पालक, मेथी और सरसो की छोटी-छोटी क्यारियां बनी हुई थीं और साथ में टमाटर और भिंडी की फ़सलें झूमकर अपने होने का एहसास करा रहीं थी। पक्षियों के लिए पानी का छोटा सा पौंड था। उसमें तैरती हुई छोटी-छोटी मछलियां तलाब केऊपर लगे हुए शहततू के पेड़ के साथ अठखलियां कर रही थी। ये खाद्य वन आंखों के लिए एक ट्रस्ट, जीभ के लिए क्षुधा-शांति, और मन के लिए एक अच्छा सुकून था। हरित स्थान एक 'ऑक्सीजन फैक्ट्री' होते हैं जो शरीर और मन, दोनों में रक्त-संचार करते हैं। शहरी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के लिए हरित क्षेत्र फल, फूल और वृक्षों का 'लाइव डेमो होते हैं। मिटटी को छूना और उस पर नंगे पांव चलना, अपने आप में ही एक थेरेपी है। इसके अलावा स्पेशल चिल्ड्रन, 'दिव्यागं ' के लिए भी अर्बनर्ब ग्रीन स्पेस ही एक ऐसा स्थान होते हैं, जहां पर वे सामान्य बच्चों के साथ मिलजुल कर खेल सकते हैं, तथा उनके साथ मित्रता-पूर्ण व्यवहार सीख सकते हैं। इसके अलावा, हरित स्थान में बने 'ससेंरी गार्डन', ऑटिस्म और ADHD के बच्चों की पांचों इंद्रियों को जागृत करके



उनके लिए वरदान साबित होते हैं। बुजुर्ग वर्गों के लिए हरित स्थान अथवा 'अर्बन गार्डन' उनकी उम्र के लोगो के लिए मिलने-जुलने का सबसे अच्छा साधन है। यहां पर इकट्ठा होकर, अपनी उम्र के लोगों के साथ मिल-जुलकर योग और प्राणायाम करना, मिलना-मिलाना, हंसना-हंसाना और गार्डन में अपना बर्थडे मनाना, उन्हें जीने की नई राह दिखाता है। अर्बन गार्डन्स के बाहर बैठे हुए सब्जी बचेने वाले एक तरफ छोटे-छोटे किसानों को रोजगार उपलब्ध कराते हैं तो वहीं दूसरी तरफ शहरी लोगों को ताज़ा फल और सब्ज़ियों का प्राप्त करने का स्त्रोत प्रधान करते हैं। हरित स्थान पर लगे हुए नीम, जामुन, बरगद, पीपल के वृक्ष न केवल हवा को शुद्ध करते हैं बल्कि हरा रंग खुशहाली का भी प्रतीक होता है, जोकि तनाव को कम करके, मसल्स को रिलैक्स करने में मदद करता है। इससे मांसपेशियों को सुकून मिलता है और तनाव का स्तर भी कम होता है, इसलिए मनोवैज्ञानिक तनाव और एंग्जायटी में गार्डन में चलने का सुझाव देते हैं, जिससे सांस हल्की होती है। हरा रंग शान्ति देता है, इसलिए हॉस्पिटल में हरे रंग के पर्दे लगाए जाते हैं। एक प्रसिद्ध अनसुंधान के अनुसार, दुनियाभर में ऐसे कुछ 'ब्लूज़ोन्स' पहचाने गए हैं जहां लोगों की आयु सौ वर्ष से अधिक होती है। 'ब्लूज़ोन्स' में रहने वाले लोगों की लम्बी उम्र के राज़ से जब पर्दा हटाया गया, तो पता चला की यह लोग अपना अधिक से अधिक समय, हरित स्थानों में एक साथ मिलकर व्यतीत करते हैं और ये हरित स्थान ही उनके स्वस्थ जीवन और दीर्घायु का राज़ होते हैं।

आप का नजरीया

# निवेश प्राथमिकताएं

**सिद्ध** होना था कि हिमाचल निवेश के काबिल है और अगर इसी उद्देश्य से अरब हैल्थ एक्सपो से प्रदेश के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन व उनकी टीम परिणाम ला रही है, तो यह सरकार के प्रयत्नों में मील पत्थर साबित होगा। दुबई से कुल 2345 करोड़ के निवेश का अर्थ सर्वप्रथम बल्क ड्रग पार्क का दायरा बढ़ा रहा है, जबकि इससे मेडिकल डिवाइस पार्क का औचित्य भी सलामत हुआ है। ड्रग पार्क के लिए 1100 करोड़ तथा डिवाइस पार्क के 295 करोड़ के अलावा हिमाचल की ग्रीन एनर्जी में आ रहे 350 करोड़ निवेश की प्राथमिकताओं का उदय करते हैं। हैल्थ केयर के लिए 250 करोड़ व पर्यटन व आयुष के तहत 350 करोड़ की डील के मायने हिमाचल में विदेशी निवेश की राहें खोल रहे हैं। हालांकि निवेश के लक्ष्य में छह हजार करोड़ तक पहुंचने की ख्वाहिश अभी बाकी है, फिर भी खबर का उत्साह कहीं तो संसाधन विहीन हिमाचल को आशान्वित करता है। चिन्हित क्षेत्रों में निवेश का सहयोग राज्य को इस तरह परिभाषित भी कर रहा है कि आने वाले समय में पर्वतीय प्रदेश तक इन्हीं राहों से संसाधन पहुंच सकते हैं। हिमाचल में पिछले कुछ दशकों से निजी या अंतरराष्ट्रीय निवेश की जगह ढूंढी जा रही है, लेकिन निरंतरता की कमी के कारण हर सरकार अपने-अपने तौर तरीके आजमाती रही और सियासत के कारण भी परियोजनाएं निरस्त होती रहीं। मसलन फोर्ड कंपनी ने मनाली स्की विलेज की हामी भरी, लेकिन राजनीतिक कारणों से इस महत्त्वाकांक्षी योजना का श्रीगणेश नहीं हो पाया। कई बार एसईजेड के मार्फत संकल्प जोड़े गए या बायोटेक्नालोजी पार्क की स्थापना से निवेश लाने की इच्छा दिखाई दी, लेकिन शून्यता ही हाथ लगी। बहरहाल बल्क ड्रग पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क अपनी ढांचागत सुविधाओं के कारण निवेशक का ध्यान आकृष्ट कर सकते हैं। इसी तरह प्रदेश में आईटी सेक्टर के लिए पार्क स्थापित किए जाते हैं, तो कई नामी कंपनियां यहां आना चाहेंगी। सरकार पहले ही कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार के जरिए कनेक्टिविटी का ऊंचा डग भर चुकी है, जबकि विभिन्न फोरलेन परियोजनाओं के मार्फत हिमाचल का आर्थिक नक्शा उन्नत हो रहा है। ऐसे में निवेशक के लिए जमीन, पानी और बिजली की उपलब्धता के साथ-साथ प्रशिक्षित-शिक्षित मानव संसाधन की आवश्यकता भी रहेगी। हिमाचल में धारा 118 के तहत अनुमतियां तथा पर्यावरणीय दिक्कतों से अगर छूट मिलती है, तो निवेशक के लिए पहाड़ चढना मुश्किल नहीं। होना तो यह चाहिए कि तमाम फोरलेन की परिधि में कम से कम आधा दर्जन निवेश केंद्र विकसित किए जाएं। राज्य में थीम, मनोरंजन पार्क के अलावा फिल्म सिटी, सेटेलाइट टाउन, ट्रांसपोर्ट नगर व साइंस सिटी बसाने जैसी परियोजनाएं सीधे पर्यटन को सशक्त करेंगी, जबकि साहसिक एवं वाटर स्पोट्र्स में भी काफी संभावना है। पैराग्लाइडिंग की दृष्टि से बीड़-बिलिंग का उदय अब एक वैश्विक स्थल के रूप में चर्चित हो रहा है। ऐसे में जबकि हम निवेश के लिए छलांगें मार रहे हैं, प्रदेश को अपने रुचि के क्षेत्र तय कर लेने चाहिएं। बहुत पहले डा. वाईएस परमार ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में परवाणू जैसे औद्योगिक नगर के अलावा कालाअंब से संसारपुर टैरस तक कई परिसर विकसित किए।

# गांव चलो अभियान कार्यक्रम के तहत भाजपा के अड़तीस कार्यकर्ता बुथ पर करेंगे प्रवास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में स्थित बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में भारतीय जनता पार्टी गिद्धौर मंडल की बैठक हूई।बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार व संचालन महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा ने किया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने आगामी गांव चलो अभियान कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न करने का निर्णय लिया। निमित्त सभी बुथों पर अड़तीस कार्यकर्ता चौबीस घंटे प्रवास करेंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में मतदाताओं को जानकारी देंगे। बैठक में मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा लोकसभा चुनाव में अबकी बार चार सौ सीट प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इसलिए हम सभी कार्यकर्ताओं को ग्रामीण आबादी के बीच अपनी पैठ को और भी मजबूत करने की आवश्यकता है।इसे लेकर हम सभी निष्ठा पूर्वक इस कार्यक्रम को सफल बनाएं। बैठक में विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी, पूर्व मंडल अध्यक्ष लखन दांगी, चमारी दांगी, शिवकुमार दांगी, राजेश सिंह, शीला देवी, सुनील राणा, अमिर दांगी, दशरथ दांगी, इंद्रजीत दांगी, लालधारी यादव, रामेश्वर सिंह, सुरेश दांगी, जानकी यादव, ब्रह्मदेव यादव, नीतीश कुमार, दामोदर दांगी, प्रकाश पांडेय, जागेश्वर दांगी, रोहित कुमार समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# हाथियों से प्रभावित क्षेत्र केंदू, मुरवे सोहर कटिया गांव में वन विभाग ने सोलर लालटेन का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया वन प्रक्षेत्र के वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्य भूषण कुमार के द्वारा जंगली हाथियों द्वारा प्रभावित क्षेत्रों के विभिन्न गांव मुरवे, कटिया ,सोहर तथा केंदु में घूम कर ग्रामीणों के बीच सोलर लालटेन तथा पटाखे इत्यादि का वितरण किया गया।वहीं जंगली हाथियों द्वारा किया गया क्षति की क्षतिपूर्ति मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया। यह वितरण इन दिनों जंगली इलाके में जंगली हाथियों का आतंक बढ़ा हुआ है। जिसे लेकर वन विभाग द्वारा यह सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर प्रभारी वनपाल सिमरिया, अजीत कुमार तुरी, वन कर्मी संजय कुमार, पंकज कश्यप, सुनील महतो, चालक कैलाश यादव, गृहरक्षक संतोष कुमार गुप्ता आदि वन कर्मी मौजूद थे। जंगली हाथियों के द्वारा किए गए नुकशान किसान में चौहन भुइयाँ मुरवे, मंजू देवी मुरवे, कलीम अंसारी केंदु, शंभू साहू केंदु, कमल देव राणा केंदु, कम मियां केंदु, केंदु खगेश्वर साव, पगार रामदेव साव सड़मा आदि लोगों का नाम शामिल है।

# जय गुरुदेव के भक्तों ने निकाली शोभायात्रा 200 कलश धारी सम्मिलित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में सुखमय जीवन व जीवन जीने की कला को लेकर जय गुरुदेव के लोगों ने गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली। इस शोभायात्रा में लगभग 200 महिला पुरुष सम्मिलित हुए यह शोभायात्रा ठाकुरबाड़ी से निकल गई।जहां पूरे गिद्धौर भ्रमण करते हुए। स्वस्थ रहने जीवन जीने की कल पर कई नारा लगा रहे थे। उसके बाद कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के बगल मैदान में जय गुरुदेव का कार्यक्रम में स्थापना किया गया। कार्यक्रम बृहस्पतिवार सुबह 10:00 बजे से शुरूआत किया जाएगा। जिसका मुख्य प्रवक्ता पंकज जी महाराज होंगे। इनके साथ ही राष्ट्रीय महामंत्री बाबूलाल महाराज सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम सत्संग का होगा। जहां लोगों के बीच शाकाहारी बने निरोग रहें से संबंधित प्रवचन होगी।

# जल जीवन मिशन स्वच्छ भारत मिशन के तहत करवाया जा रहा है दो दिवसीय प्रशिक्षण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बरियातू पंचायत भवन में जल जीवन मिशन स्वस्थ भारत मिशन को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार से किया गया है। यह कार्य पंचायत मुखिया डेगन गंझु की अध्यक्षता में शुरुआत की गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। जहां रांची से चलकर आए प्रशिक्षण दिलवा रहे। अजीत कुमार सिंह अशोक यादव अजीत कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों को जल सुरक्षित करने की विस्तार पूर्वक जानकारी बताएं। जल का दुरुपयोग नहीं करने की बातें बताई गई। शुद्ध जल का उपयोग करने की बातें बताई गई। तथा कई जानकारियां बताई गई। मौके पर उपस्थित उप प्रमुख प्रीतम यादव एवं पंचायत के वार्ड सदस्य के साथ-साथ अनेकों गण्या मान लो उपस्थित थे।

# सहिया साथी को दिया जा रहा है प्रशिक्षण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में संचालित समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सहीया बीटीटी सहिया साथी का प्रशिक्षण बुधवार को करवाया गया। जहां प्रभारी डाक्टर सुमित कुमार जायसवाल ने चार प्रखंड से उपस्थित लोगों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण, गिद्धौर, पत्थलगडा, मयुरहन्ड ईटखोरी के सहिया साथी व बिटिती को दिया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित सहिया साथी व बिटीटी को टीकाकरण, पुरुष नसबंधी, महिला बन्धियाकर्ण पर विस्तृत जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण में डीपीसी उदय सरण,डॉ राजेश कुमार गुप्ता, डॉ. अंजली कुमारी भगत सहित सहिया साथी व बिटीटी उपस्थित थे।

## बीपीओ पर लगाया गया आरोप निराधार : मुखिया संघ

# बीपीओ निष्ठा पूर्वक प्रखण्ड क्षेत्र में कर रहें है कार्य : मुखिया बिनोद महतो


बिनोद महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष बिनोद महतो ने बन्हे पंचायत के मुखिया सुधीर कुमार सिंह द्वारा लिखित रूप से अनुमण्डल पदाधिकारी सन्नी राज को बीपीओ राजेश पासवान पर लगाए गए आरोप को निराधार और दुर्भावना से प्रेरित बताया है। इस बाबत मुखिया संघ ने अनुमंडल पदाधिकारी को एक आवेदन सौंपा है। आवेदन में कहा गया है कि बन्हे मुखिया निजी स्वार्थ और पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर बीपीओ को बदनाम करने की साज़िश के तहत इस तरह का गलत बयानबाजी कर रहे हैं। जबकी बीपीओ अपने कार्य का निर्वहन निष्ठा और ईमानदारी से कर रहे हैं। उनके कार्य से प्रखंड के मुखिया संघ संतुष्ट हैं और उनका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि बन्हे पंचायत के मुखिया के इस अनर्गल आरोप से मनरेगा का कार्य बाधित हो सकता है। और क्षेत्र पर बुरा असर पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि इस बाबत एक पत्र उप विकास आयुक्त चतरा को भी समर्पित किया गया है जिसमें संघ के बारह मुखिया के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

# चट्टी बरियातू कोल माइंस का कोयला ढुलाई सिमरिया रास्ते रहेगी बन्द : प्रमुख रोहन साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड प्रमुख रोहन साहू ने चट्टी बरियातू का कोयला ढुलाई का कार्य सिमरिया रास्ते बंद करने के लिए सख्त चेतावनी दिया है। प्रमुख ने पत्रकारों को बताया कि जब हजारीबाग जिला के केरेडारी में यह कोल माइंस संचालित है और केरेडारी रास्ते जाने में हजारीबाग प्रशासन और ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से कोयला ढुलाई बन्द किया है। चुकी कोयला वाहनों के चपेट में आने से कितने महिला विधवा और कितने महिला पुत्रविहीन हो चुके हैं। तो हम चतरा जिला वासी और सिमरिया प्रशासन सिमरिया रास्ते चट्टी बरियातू कोल माइंस का कोयला ढुलाई हरगिज नहीं होने देंगे। चुकी धूल गर्दा मौत हमारी और माल तुम्हारी यह कोल कम्पनी का साजिस नहीं चलेगी। आगे कहा है कि चट्टी बरियातू का कोयला खुद कम्पनी अपने सुविधा अनुशार अपना सड़क बना लें। चुकी यह सड़क भारी माल ढुलाई के लिए नहीं है। हमारे क्षेत्र के बच्चे बच्चियों को शिक्षा के लिए हमेशा आना जाना लगा रहता है। कभी भी हमारे क्षेत्र वासियों के साथ उक्त कोल वाहनों से अप्रिय घटना घट सकती है। यदि चट्टी बरियातू कोल परियोजना कोयला ढुलाई का कार्य सिमरिया रास्ते अविलंब बन्द नहीं करती है तो मजबूर होकर उक्त कम्पनी के वाहनों को चक्का जाम कर देंगें। वहीं ढुलाई कार्य वाधित कर देंगे। जिसका जिम्मेवार चट्टी बरियातू कोल कम्पनी खुद होगी।

# बारियातू में इंटर व मैट्रिक की परीक्षा कदाचार मुक्त व शान्तिपुर्ण वातावरण में संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड में बनाये गए परिक्षा केंद्र परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय में मैट्रिक व इंटरमीडिएट के परीक्षा बुधवार को कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय बारियातू में प्रथम पाली में मैट्रिक के वाणिज्य बिषय की परिक्षा में कुल 138 परिक्षार्थीयों में सभी उपस्थित रहे। वहीं दुसरी पाली मे इंटरमिडिएट के बिषय हिन्दी ए, इंगलिश ए, और हिन्दी बी की परिक्षा में कुल 452 मे 447 परिक्षार्थी उपस्थित रहे व 05 परिक्षार्थी अनुपस्थित रहे।। केन्द्राधिक्षक अनिल कुमार कुजुर व दंडाधिकारी आशिस कुमार गुप्ता ने परिक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाए। मौके पर विक्षक अजय बैठा, मिथलेश कुमार मेहता, लालचंद पासवान, सत्येन्द्र राम, इमरेंसिया कुजुर, द्वारिका राम, रामाधार राम सहित कई विक्षक का परिक्षा संपन्न कराने में अहम भुमिका रहा।

# सीआरपीएफ के द्वारा परिचालनिक रेंज स्तरीय अंतर वाहिनी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 11 वीं वाहिनी, सीआरपीएफ के द्वारा परिचालनिक रेंज स्तरीय अंतर वाहिनी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पंकज कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक,सी0आर0पी0एफ0 पलामू रेंज के दिशा-निर्देश के उपरान्त बुधवार को 11वीं बटालियन सीआरपीएफ कमाण्डेन्ट वेद प्रकाश त्रिपाठी द्वारा रेंज स्तरीय अंतर वाहिनी फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।इसी कड़ी में 11 बटालियन सी0आर0पी0एफ0 द्वारा पुलिस लाईन लातेहार में चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। जिसमें पलामू रेंज कि 04 बटालियन (11,112.172 एवं 214 बटा0) भाग ले रही हैं। जिसमें विभिन्न खेल स्पर्धा जैसे फुटबॉल, हॉकी, टग आफ वार, टेनिस एवं राईफल शूटिंग आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ फुटबॉल मैच से किया, जो कि 11वीं बटालियन और 172वीं बटालियन के बीच खेला गया। रेंज स्तरीय अंतर वाहिनी फुटबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में वेद प्रकाश त्रिपाठी, कमाण्डेन्ट-11 बटालियन, विनोद कुमार कनौजिया, द्वितीय कमान अधिकारी, जुगल किशोर जोशी, द्वितीय कमान अधिकारी, डॉ0 अमूल्या कूजूर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रणव आनन्द झा, सुबेदार मेजर राजा सिहं तोमर, निरीक्षक जितेन्द्र कुमार पाण्डेय, उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह और बटालियन के जवान उपस्थित थे। साथ ही साथ प्रतियोगिता को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए मैच रेफरी एवं लाईन मैन रोशन लोहरा, अभिनन्दन सिंह एवं कमलेश भगत भी उपस्थित रहे।

# गरीब व जरूरतमंदों के बीच सीसीएल ने बांटे एक सौ कंबल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड क्षेत्र में संचालित आम्रपाली चंद्रगुप्त कोल परियोजना के द्वारा परियोजना क्षेत्र के विस्थापित मनवा टोंगरी में बुधवार को गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद महिलाओं एवं पुरुषों के बीच 100 कंबल का वितरण किया गया। परियोजना के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने बताया कि बढ़ते शीतलहरी को देखते हुए परियोजना के द्वारा क्षेत्र के विस्थापित एवं प्रभावित गांव में सभी जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण पूर्व में भी किया गया है। कंबल प्राप्त करने वालों ने इस कार्य के लिए सीसीएल के प्रति आभार व्यक्त किया। कंबल का वितरण सुमित कुमार सिन्हा, खान प्रबंधक आम्रपाली परियोजना के द्वारा किया गया द्व

# प्रखंड स्तरीय ओबीसी समाज की मनिका सामुदायिक भवन में हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका सामुदायिक भवन में ओबीसी वर्ग के लोगों की प्रखंड स्तरीय बैठक कि गई। बैठक की अध्यक्षता मंटू प्रसाद के द्वारा किया गया। लोगों को संबोधन करते हुए गढ़वा जिला से आए ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि ओबीसी समाज के लोगों को आरक्षण जीरो है 11 फरवरी को प्रमंडल स्तरीय मेदिनीनगर शिवाजी मैदान में कार्यक्रम कि जा रही है और जब तक सरकार हमारी बात नहीं मानेगी तब तक हमलोग आंदोलन करते रहेंगे। आगे उन्होंने कहा कि ओबीसी समाज के लोगों की जनसंख्या पूरे देश में 52 प्रतिशत है परंतु आरक्षण जीरो है वहीं लोगों को संबोधन करते हुए मदनपाल उर्फ युगल पाल ने कहा कि भारत को अंग्रेज से आजादी दिलाने में ओबीसी वर्ग के 3 लाख लोग बलिदान दिये थे लेकिन ओबीसी समाज कि कहीं बात नहीं होती है उन्होंने कहा कि 1881 में अंग्रेजों के द्वारा पहली बार जाति आधारित जनगणना में ओबीसी समाज के लोगों का आबादी 52 प्रतिशत बताई गई है बीपी सिंह के सरकार में 27 प्रतिशत ओबीसी समाज कि आरक्षण दी गई थी लेकिन अभी वर्तमान में ओबीसी समाज का आरक्षण शून्य कर दिया गया है। आगे उन्होंने कहा कि ओबीसी वर्ग को जागने की जरूरत है ओबीसी समाज के लोगों के बच्चों को शिक्षा फ्री में मिलनी चाहिए जब तक ओबीसी वर्ग के लोग जागेंगे नहीं तब तक उन्हें अपना अधिकार नहीं मिल पाएगा। मौके पर बली प्रसाद यादव, सरफराज अहमद, राज नारायण पटेल, विनोद कुमार, हैदर अंसारी, मंटू प्रसाद, गुलाब अंसारी, कयूम अंसारी, सतनारायण प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

## समाज कल्याण कर्मियों कि लापरवाही, विधवा महिलाएं को नहीं मिल पा रही है विधवा पुनर्विवाह का लाभ : पुनम देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** विधवा पुनर्विवाह को प्रोत्साहित करने के लिए झारखंड सरकार ने विधवा पुनर्विवाह नामक नई योजना शुरू की है। इस योजना के तहत किसी विधवा से शादी करने वाले व्यक्ति को सरकार द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी 7 इस योजना के लाभ उठाने के लिए दुल्हन और दूल्हे दोनों को कुछ कारकों और शर्तें का पालन करना होगा ।राज्य की युवा विधवा महिलाओं के पुनर्विवाह को महत्व देने के लिए इस योजना को शुरू किया गया है। इधर ज़िप अध्यक्षा पुनम देवी ने बुधवार को जिला समाज कल्याण कर्मियों फटकार लगाई है। उन्होंने कहा कि कर्मियों कि लापरवाही कि वजह से विधवा महिलाएं इस योजना का लाभ नहीं ले पा रही हैं।उन्होंने जिला उपायुक्त से आग्रह किया है कि लापरवाह अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई करें। आगे उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी को झारखंड राज्य का निवासी होना चाहिए, लाभार्थी की आयु विवाह योग्य होनी चाहिए।इस योजना का लाभ उन महिलाओं को दिया जाएगा जिनके पुनर्विवाह के बाद उनके पति केंद्र सरकार, राज्य सरकार, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपकरण, राज्य सार्वजनि क्षेत्र के उपकरण में स्थाई रूप से नियोजित अथवा सेवानिवृत्ति नहीं हुए हैं।या इन नियोजनकर्ता से पेंशन, पारिवारिक पेंशन प्राप्त नहीं करते हैं और वह आयकर दाता नहीं है।इससे संबंधित एक स्व-घोषणा पत्र जिला समाज कल्याण कार्यालय में आवेदन करते समय समर्पित करना होगा।

# डीडीसी ने प्रखंड में कई योजनाओं का किया निरीक्षण, बीडीओ को दिए कई निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लातेहार उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह ने बुधवार को बरवाहीह प्रखंड के कुचिला, उकामाड़ छिपादोहर पंचायत में प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज के साथ पंचायत में जलछाजन, मनरेगा समेत अन्य मद से चल रहे कई योजनाओं का बारी बारी से निरीक्षण किया डीडीसी सर्वप्रथम उकामांड़ पंचायत में जलछाजन योजना से निर्माणधीन तालाब निर्माण, मेड़बन्दी रुबान अर्बन मिशन द्वारा कराये जा रहे वेपरब्लॉक सड़क निर्माण आदि विकास योजनाओं का बारी-बारी से निरीक्षण किया। इस दौरान डीडीसी ने जल स्त्रोत बढ़ाने के लिए तालाब निर्माण, मेड़बन्दी, वॉटर स्टारबेरी आदि कामों को अधिक से अधिक करने पर जोर दिया।जिससे जल स्त्रोत को बढ़ाया जा सके।उन्होंने बीडीओ सुश्री मिंज को निरीक्षण के दौरान कई आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए विकास कार्यो में तेजी लाने पर जोर दिया।इसके साथ ही डीडीसी ने कुचिला, छिपादोहर पंचायत में चल रहे कई विकास योजनाओं का बारी बारी से भी निरीक्षण किया। इस दौरान मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी त्रिवेणी राम, पीएम आवास कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार,जल साजन प्रभारी, उकामाड़ मुखिया पूनम देवी, कुचिला मुखिया सत्रोहन सिंह, पंचायत सचिव अरविंद कुमार रवि, निर्माण योजनाओं के लाभुक पंचायत प्रतिनिधियों समेत कई लोग शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीनिवास अस्पताल एवं डेंटल कॉलेज द्वारा आयोजित हुआ निशुल्क दंत परीक्षण शिविर

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह के अवसर पर श्रीनिवास अस्पताल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के द्वारा स्वामी विवेकानन्द स्कूल में बुधवार को निशुल्क दंत जांच शिविर लगाया गया। जिसमें 8 से 12 वर्ष आयु वर्ग के कुल 157 विधार्थियो के दांतो की जांच के पश्चात उन्हे चिकित्सकों द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। साथ हीं उनके बीच टूथ ब्रश एवं टूथ पेस्ट वितरण भी किया गया। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया गया। शिविर के आयोजन में स्वामी विवेकानन्द स्कूल की प्रबंधकीय टीम ने शिविर संचालन में सरहानीय योगदान दिया। शिविर में निष्कर्षण एवं स्केलिंग का उपचार भी निःशुल्क किया गया। हज़ारीबाग़ डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य कम लागत में गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की देखभाल प्रदान करना है। शिविर में जरूरतमंदों का बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। अन्य इलाज में मरीजों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शिविर का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुँच रहा है। बुनियादी उपचार के द्वारा जरूरतमंद लाभान्वित हो रहें हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ निशाद गवली, डॉ सोम्या राज और डॉ मेधा कृष्णन ने विभिन्न बीमारियों और उनके उपचार पर उचित सलाह दी। शिविर का आयोजन राम कृष्णन मिशन हजारीबाग द्वारा किया गया था। मौके पर डॉ महापारा, डॉ परितोष, डॉ रूपेश, डॉ शिवांजलि, डॉ शारिक, डॉ तुमुल, डॉ हर्षिता, डॉ शंकरनद, डॉ शिल्पी, डॉ निदा समेत विभागीय कर्मचारी राजकुमार दास एवं पुष्पा कुमारी ने अपना सरहानीय योगदान दिया।

### यूथ विंग की पहल पर विवेक ने रक्तदान कर बुजुर्ग दिव्यांग महिला को दिया बेहतर स्वास्थ्य का उपहार

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बदलते वक्त के साथ जीवन में हर कुछ बदल रहा है।परोपकार की भावना लुप्त होती जा रही है।ऐसे में हजारीबाग यूथ विंग लोगों की सेवा के लिए तत्पर रहता है। बुधवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के मेरु तरवा निवासी दिव्यांग धन्वा देवी 64 वर्षीय का इलाज शेख भिखारी मेडिकल अस्पताल में चल रहा है। चिकित्सकों के द्वारा परिजनों को संबंधित रक्त उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया इसके बाद परिजन विभिन्न जगहों पर रक्त की खोजबीन में जुट गए,सफलता नही मिलने पर उन्होंने हजारीबाग यूथ विंग से संपर्क किया इसके बाद यूथ विंग के पदाधिकारी संबंधित रक्त की खोजबीन में जुट गए। अंत में जांबाज सैनिक राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित विवेक तिवारी से रक्तदान करने का आग्रह किया गया। इसके बाद विवेक तिवारी ने तत्काल शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक पहुंच कर रक्तदान किया। परिजनों को हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा कुछ घंटे में ही रक्त उपलब्ध करा दिया गया। मौके पर उपाध्यक्ष विकास केसरी, जय प्रकाश खण्डेलवाल, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, विकास तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे। संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने विवेक कुमार तिवारी के जज्बे को सलाम करते हुए कहा कि लोगों को हर तीन माह में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि हर युवाओं को रक्तदान अवश्य करना चाहिए, रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता। मौके पर उपाध्यक्ष विकास केसरी एवं जयप्रकाश खण्डेलवाल ने कहा कि विवेक जैसे परमार्थ की भावना हर किसी में होनी चाहिए। रक्तदाता विवेक तिवारी ने कहा कि हर नौजवान साथियों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए।हजारीबाग यूथ विंग जल्द ही रक्तदान शिविर का आयोजन करने जा रही है।लोगों से आग्रह है कि रक्तदान शिविर में शामिल होकर मानवता के प्रति अपनी सेवा प्रदान करें।

### एक दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला-सह-प्रादर्श प्रदर्शनी का आयोजन

**हजारीबाग :** आत्मा कार्यालय परिसर, शंकरपुर, हजारीबाग में बुधवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला -सह- प्रादर्श प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। किसान मेला का उ?द्घाटन सुलोचना मीणा, प्रशिक्षु आईएएस सह सहायक समाहर्त्ता, हजारीबाग के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। किसान मेला में हजारीबाग जिला के विभिन्न प्रखण्डों से लगभग 1000 किसानों ने भाग लिया। मेला में महिला कृषकों द्वारा बढ़-चढ़ कर भाग लिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी, हजारीबाग द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। संयुक्त कृषि निदेशक, हजारीबाग द्वारा भी कृषकों को संबोधन किया गया।ह हद्धज्ञ रिसर्च संस्था द्वारा नशामुक्ति अभियान तया मिलेट मिशन पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। किसान मेला में कृषि विभाग के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य, उद्यान, भूमि संरक्षण, डी0डी0एम0 नाबार्ड, एल0 डी0एम0, इफको, नेटाफेम एवं अन्य संबंधित संस्थाओं द्वारा स्टॉल लगाकर कृषकों को अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केन्द्र, आई0सी0ए0आर0, मांडू के कृषि वैज्ञानिक डा0 इन्द्रजीत कुमार द्वारा कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें खेती की उन्नत तकनीक की जानकारी तथा कृषकों के खेती संबंधी समस्याओं का निदान किया गया। किसान मेला में कृषकों द्वारा काफी मात्रा में अपने कृषि उत्पाद का प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षु आई0ए0एस0 द्वारा प्रादर्श प्रदर्शनी का उदघाटन एवं स्टॉलों का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा कुछ किसानों के बीच पुरस्कार का भी वितरण किया गया। लगभग 30 प्रादर्शों पर कृषकों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिये गये। पुरस्कार के रूप में स्प्रेयर तथा कृषि टूलकिट कृषकों को वितरित किये गये। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कृषि मेला-सह-प्रदर्शनी की समापन की घोषणा की गई।

## बंदोबस्त कार्यालय कर्मियों का धरना समाप्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** विगत 31 जनवरी से बन्दोबस्त कार्यालय कर्मियों द्वारा संचालित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को आज 7 फरवरी को जिला प्रशासन द्वारा सुलझा लिया गया। उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार एसडीओ अशोक कुमार एवं सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, मुख्यालय के समक्ष विभिन्न मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहें कर्मियों के बीच विभिन्न बिंदुओं पर सहमति बनी। जिसके आलोक में धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को तत्काल स्थगित करने का निर्णय लिया गया। समझौता के विभिन्न बिंदुओं के क्रम में 28 कर्मचारियों का भविष्य निधि लेखा संख्या के आवंटन की प्रक्रिया तत्काल की जा रही है। सभी 28 कर्मियों की सेवापुस्तिका एक सप्ताह के अंदर खोल दी जायेगी।सभी 28 कर्मियों के वेतन भुगतान के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करते हुए आदेशार्थ सक्षम पदाधिकारी के समक्ष संचिका उपस्थापित किया जा रहा है। सक्षम प्राधिकार से आदेश प्राप्त होते ही एक सप्ताह में। उन्हे भुगतान कर दिया जायेगा। धरना अवधि को कार्य अवधि मानी जायेगी। सभी 28 कर्मियों के विरूद्ध किसी प्रकार की दण्डात्मक कार्रवाई नही की जायेगी। जिला सचिव, जिला महासंघ मनीष कुमार पर सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी मुख्यालय, हजारीबाग के पत्रांक 48-11 दिनांक 6 फरवरी को निर्गत पत्र के द्वारा लगाये गये आरोप वापस लिए गए हैं।

## मूकबधिर क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड मुक बधिर क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच हजारीबाग बनाम पश्चिम सिंहभूम के बीच खेला गया। संत कोलंबस ग्राउंड हजारीबाग में आयोजित फाइनल मुकाबले में पश्चिमी सिंहभूम की टीम को हजारीबाग की टीम ने 18 रन से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्ज़ा किया। फाइनल मुकाबले में हजारीबाग की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 125 रन बनाए, जबाबी पारी खेलते हुए पश्चिमी सिंहभूम की टीम ने 10 विकेट के नुकसान पर 107 रन ही बना सकी। हजारीबाग की ओर से निरंजन ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 28 रन की पारी खेली और विपक्षी टीम के तीन विकेट भी झटके।

हजारीबाग की ओर से जीतू ने 27 रनों की पारी खेली। हजारीबाग के संत कोलंबस मैदान में 3 से 6 फरवरी तक आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में हजारीबाग, बोकारो, रांची, पश्चिमी सिंहभूम, धनबाद सहित कुल 8 टीमों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

## जिला परिषद योजना से माण्डू चट्टी में पीसीसी पथ निर्माण का किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** मांडू चट्टी पंचायत के धरानियाटांड़ हरिया पेड़ से धनेश्वर शाह के घर तक पीसीसी पथ निर्माण 400 फीट राशि 6 लाख 21 हजार का है जिला परिषद योजना के तहत किया जा रहा है जिला परिषद सदस्य भोला तूरी मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी के द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप बालेश्वर भुईयां



समाजसेवी धानेसर राजेश शर्मा साहू मनोज महतो भूषी भुईयां मगन भुईयां मदन भैया सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित खो-खो प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने मारी बाजी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय के समीप स्थित आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल में खो-खो इंटर हाउस चैम्पियनशिप के फाइनल मुकाबले का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि दौलत महतो बीएड कॉलेज के सचिव गौरव पटेल ने किया। बताते चलें कि खो- खो प्रतियोगिता में विद्यालय के गंगा,यमुना,सरस्वती तथा गोदावरी हाउस के छात्र-छात्राओं हिस्सा लिया,जिसमे यमुना हाउस के छात्र



समूह और सरस्वती छात्र हाउस की छात्रा समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रनरअप में गोदावरी हाउस के छात्र तथा गंगा हाउस की छात्रा समूह रही।विजेता समूहों को विद्यालय के प्राचार्य दिग्विजय नारायण,प्रबंध निदेशक सागर कुमार,निदेशक इकबाल खान राणा,उप-प्राचार्य राहुल कुमार,सलाहकार तृप्ति दास ने मेडल तथा उपहार देकर पुरस्कृत किया गया।खो-खो प्रतियोगिता का संचालन खेल शिक्षक रवि कुमार ने किया,तथा उदघोषक शिक्षिका सुमन शाह रही। इस मौके पर मुख्य रूप से शिक्षक /शिक्षिका अनिल कुमार,ब्रह्मदेव मंडल,अजित कुमार मिश्रा, सैफुल्लाह अंसारी,ताजुद्दीन अंसारी,राजेश कुमार,प्रीति कुमारी,प्रतिभा अंसारी,अर्चना कुमारी,नीलम कुमारी,उपासना कुमारी,महजबीन आरा,मिनी देवी,महजबी नाज,कुमारी रीता, स्वाति कुमारी,नाजमीन आरा,रेणु कु0प्रसाद,ज्योति टोप्पो,रवि पांडेय, एवं विद्यालय के सभी कर्मचारी शामिल रहे।

## विष्णुगढ़ में छह सियार के झुण्ड ने तीन लोगों समेत एक वृद्ध महिला को किया गंभीर रूप से घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत गोविंदपुर एवं अचलजामो पंचायत के ग्राम लेदी में जंगल से आए सियार के झुंड ने अचानक लोगों पर हमला कर दिया। प्रखंड के गोविंदपुर में यह घटना संध्या 4 बजे की है,जिसमें विकास कुमार पिता जितेंद्र महतो उम्र 14 वर्ष पर सियार ने हमला कर दोनों हाथ को गंभीर रूप से चोटिल कर दिया एवं रात्रि 8ः00 बजे अंचलजामो के लेदी में सियार के झुंड ने एक वृद्ध महिला के ऊपर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया एवं महिला के साथ-साथ तीन अन्य लोगों को शिकार बनाते हुए नोच कर बुरी तरह घायल कर दिया। घायल हुई महिला का नाम कलावती देवी पति किशुन नायक उम्र 62 वर्ष है जो की अचलजामो की निवासी है। घायल हुई वृद्ध महिला की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, सियारों ने चेहरे को नोच कर बुरी तरह चोटिल कर दिया है। हमले के बाद घायल महिला को प्राथमिक उपचार के लिए विष्णुगढ़ स्वास्थ्य सेवा केंद्र लाया गया जहां पर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिक उपचार करने के पश्चात बेहतर इलाज हेतु महिला को हजारीबाग रेफर कर दिया गया। बताया जाता है की हमला करने वाले सियार के झुंड में कुल 6 सियार शामिल थे।

## मडमो में बेलियाटांड तक बन रहे सड़क में गड़बड़ी, ग्रामीणों ने किया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत मडमो पंचायत में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पंचायत भवन के समीप से पीएमजीएसवाई सड़क से बेलियाटांड़ खोंगिया नदी तक करीब दो किलोमीटर तक सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है।जिसमे 235 मीटर तक पीसीसी पथ का निर्माण किया जाना है।सड़क निर्माण में गड़बड़ी को देखते हुए मडमो मुखिया प्रतिनिधि अजय मिर्धा ने बन रहे सड़क का निरीक्षण किया तो सड़क निर्माण में गड़बड़ी पाई गई,जिसपर अजय मिर्धा ने विरोध जताते हुए कहा कि पीसीसी पथ निर्माण में घटिया बालू,तथा तय मात्रा से कम सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है,तथा छह इंच की ढलाई की जगह चार से पाँच इंच की ढलाई की



जा रही। जिसको देखते हुए मेरे साथ ग्रामीणों ने भी इसका विरोध किया परन्तु संवेदक के द्वारा मनमाने ढंग से कार्य जारी है।प्रशासनिक अधिकारियों एवं कनीय अभियंता से आग्रह होगा स्थल पर उपस्थित होकर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाय। इस मौके पर मुख्य रूप से वार्ड सदस्य राजू महतो,टहल महतो,घनश्याम महतो,भेखलाल गोस्वामी सहित दर्जनों की संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

## धनवार पंचायत भवन में विदाई समारोह का आयोजन

# बेदाग छवि होकर सेवानिवृत्ति होना गर्व की बात है : राजेन्द्र प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत भवन में बुधवार को पंचायत की मासिक बैठक सह सेवानिवृत्त पूर्व पंचायत सचिव रामवृक्ष सिंह का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद एवं संचालन वर्तमान पंचायत सचिव राजेंद्र मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में महिला समाजसेवी ममता देवी, पंचायत समिति सदस्या संतोषी देवी, पंचायत के वार्ड सदस्य गण मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मौके पर सभी ने सेवानिवृत पंचायत सचिव रामवृक्ष सिंह के कार्यो की प्रशंसा किया। मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने पूर्व पंचायत सचिव को माला



पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर, साथ ही अंगवस्त्र एवं उपहार देकर सम्मानित। मुखिया ने कहा कि सेवानिवृत्त पंचायत सचिव रामवृक्ष सिंह काफी अच्छे पदाधिकारी थे, जिन्होंने धनवार पंचायत में कम समय में ही काफी उत्कृष्ट कार्य किया है, वह अपने फुर्तीले कार्य एवं स्पष्ट अंदाज के लिए जाने जाते है। उन्होंने धनवार पंचायत के समस्त पंचायत वासियों के तरफ से इनको धन्यवाद देना चाहता हूं कि इन्होंने पंचायत के विकास के लिए उनका काफी सहयोग किया, उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। मौके पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, महिला समाजसेविका ममता देवी, पंचायत सचिव राजेन्द्र मिश्रा, पूर्व रोजगार सेवक रामेश्वर प्रसाद, वॉर्ड सदस्य हसमत अंसारी, रूबीना खातून जेएसएलपीस से संजु कुमारी, वरिष्ठ समाजिक कार्यकर्ता विनोद प्रसाद, ब्रह्मदेव यादव, प्रकाश साव, विकाश यादव, तिलक यादव, उमेश यादव, पुर्व पंचायत सेवक, एनएम प्रतिमा कुमारी,आंगनबाड़ी सहिया शान्ति कुमारी, सीएलएफ ममता कुमारी, रंजना कुमारी, हुमेरा प्रवीण, मालती देवी, आरती देवी, सेवीका किरण कुमारी, अनीता देवी, बेबी देवी, गीता देवी, फरहद जहां, साजिया खातून, मोनिका कुमारी, नीतू कुमारी, ममता कुमारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## चुरचू प्रखंड प्रमुख व बीडीओ ने ग्राम हरद स्कूल का निरीक्षण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रशाद नायक एंव प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित राम ने बुधवार को ग्राम हरहद की उत्क्रमित मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया बीडीओ ललित राम ने विद्यालय में पढ़ रहे हैं छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के संबंध में पूछे जाने पर छात्र एवं छात्राओं ने सही-सही उत्तर दिया इधर चुरचू प्रमुख निरंजन प्रशाद नायक ने विद्यालय का रख रखाव में भी चर्चा किया और सराहा उन्होंने आगे यह भी कहा की ग्रामीण स्तर पर विद्यालय पहले की अपेक्षा अब बहुत दुरुस्त हो चुका है और बच्चे लोग भी पढ़ने में काफी रुचि ले रहे हैं सरकारी विद्यालय का छात्राएं भी अब अंग्रेजी मीडियम से काम नहीं है यहां के बच्चे भी पढ़ने लिखने में काफी तेज तरार देखने को मिल रही है पिछले कुछ दिन पहले ग्राम हरहद के विद्यालय में दो मर्तबा चोरी के भी घटनाएं घाटी है इससे काफी अफसोस जाहिर करते हुए कहा कि इस तरह के ऐसा असमाजिक तत्व लोगों की वजह से गिरे हुए कामों को अंजाम देता है ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है तभी समाज में सुधार आ सकती है। इस इस क्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अंजलूस सोरेन , सहायक शिक्षक कैलाश महतो एवं मासूम अंसारी सहित विद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष समदानी अंसारी उपस्थित रहे।

## स्व. रूपेश पांडेय का प्रतिमा अनावरण सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बुधवार को प्रखंड के दुलमाहा पंचायत के नईटांड़ में स्व. रूपेश पांडेय का प्रतिमा अनावरण सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने किया।



मौके पर पूर्व विधायक सह भाजपा नेता मनोज यादव ने कहा की इतिहास गवाह है की कई लोगो ने सनातन संस्कृति पर हमला किया था, लेकिन कोई खत्म नहीं कर पाया। स्व. रूपेश पांडेय हमेशा सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य करते थे, इसलिए उनकी हत्या जिहादी मानसिकता के लोगो ने कर दिया। हम लोगों के प्रयास से आज स्व. रूपेश पांडेय का प्रतिमा का अनावरण हो रहा है, लेकिन लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है, न्यायालय पर हम लोगों को पूर्ण भरोसा है। जिप जिला उपाध्यक्ष किसुन यादव ने कहा कि स्व. रूपेश पांडे का प्रतिमा का अनावरण तो हो गया अब उनके नाम से इस गली में सड़क बनाएंगे। वहीं भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी ने कहा कि कई सालों से सनातन संस्कृति पर हमला होता रहा है, लेकिन अब उन लोगों को मुंहतोड़ जवाब दी जा रही है। जिप जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा की अब सनातन धर्म जाग चुका है, वर्णित व्यस्था को खत्म करना है। स्व. रूपेश पांडेय की निर्मम हत्या ने सभी को झकझोर कर रख दिया। हत्यारों को फांसी की सजा मिले यही मेरी सच्ची श्रद्धांजलि होंगी। जिला परिषद सदस्या प्रीति गुप्ता ने कहा कि सभी सनातनी एकजुट रहे ताकि फिर से स्व. रूपेश पांडे की तरह दूसरा भाई को ना मारा जाए।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा दलित, आदिवासी व शोषित-पीड़ित वर्ग के लोगों के लिए है न्याय यात्रा



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अन्याय के खिलाफ न्याय का हक मिलने तक, देश में फैले नफरत के खिलाफ मोहब्बत का संदेश लेकर 6700 किलोमीटर की यात्रा पर राहुल गांधी निकले हैं जो अब तक की दुनिया की सबसे बड़ी यात्रा है। यह भारत जोड़ो यात्रा पूरे 66 दिन 6713 किलोमीटर चलेगी जिसका समापन 20 मार्च को मुंबई में किया जाएगा यह यात्रा लगभग 110 जिलों एवं 15 राज्यों से होकर गुजरेगी राहुल गांधी की यह भारत जोड़ो न्याय यात्रा दलित, आदिवासी और शोषित - पीड़ित वर्ग के लोगों पर किए जा रहे अन्याय और अत्याचार के खिलाफ है। भारत जोड़ों न्याय यात्रा को सफल और सशक्त बनाने के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सशक्त टीम का गठन किया है जिसके तहत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार कुशवाहा को राज्य समन्वयक की जिम्मेदारी सौंपी गई जिसको लेकर विनोद कुशवाहा ने संगठन के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अपनी जिम्मेदारियां को बखूबी अंजाम दिया। पांच दिनों की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में पूरे झारखंड प्रदेश में भ्रमण के दौरान राहुल गांधी के साथ बिताए पलों और झारखंड की जनता के राहुल गांधी से मिलने के उपरांत के पलों को साझा करते हुए भारत जोड़ों न्याय यात्रा के झारखंड राज्य समन्वयक विनोद कुशवाहा ने कहा कि झारखंड में जैसे ही राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रवेश किया झारखंड की जनता का उत्साह देखने लायक था इस भारत जोड़ो न्याय यात्रा के झारखंड पहुंचते ही झारखंड के लोग जननायक राहुल गांधी को एक झलक देखने के लिए बेताब थे। ऐसे में कांग्रेसियों का उत्साह देखने लायक था वह अपने नेता राहुल गांधी से मिलने के लिए बेताब नजर आए राहुल गांधी की यात्रा में शामिल होकर कांग्रेसियों का जोश और उत्साह देखने लायक था राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होकर कांग्रेसियों के अंदर एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। राहुल गांधी का सभी कांग्रेसियों ने बहुत ही गर्मजोशी के साथ झारखंड आगमन पर स्वागत किया। विनोद कुशवाहा ने इस मौके पर कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश में फैले नफरतों के बाजार को मिटाकर मोहब्बत का संदेश लेकर निकली है। कहा कि देश में भाजपा के द्वारा जिस प्रकार से नफरत फैलाई जा रही है पूरा देश खतरे में आ गया है आज पूरे विश्व में हमारे देश की बदनामी हो रही है। हमारे देश को सद्भावना की मिशाल के तौर पर विश्व पटेल में देखा जाता था मगर भाजपा के द्वारा सत्ता की लालच में जिस प्रकार से नफरत फैलाई जा रही है यह सिर्फ विकास के मामले में विफलताओं और बेरोजगारी के ऊपर पर्दा डालने की कोशिश है। देश भर में जिस प्रकार से नफरत का बाजार गर्म किया गया है इससे देश की एकता और अखंडता खत्म हो रही है। इसी को लेकर मणिपुर से राहुल गांधी की यह भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली गई है जिसमें पूरे देश भर के लोग राहुल गांधी की ताकत बनकर उनके साथ चल रहे हैं जो साफ तौर पर राहुल गांधी और कांग्रेस की लोकप्रियता को दर्शाता है। इस यात्रा के दौरान जिस प्रकार से लोगों का प्यार और स्नेह राहुल गांधी को मिल रहा है निश्चित तौर पर कांग्रेस की लोकप्रियता को दर्शाता है। आदिवासी, दलित और शोषित - पीड़ित वर्ग को न्याय दिलाने और देश भर में सांप्रदायिक तनाव और नफरतों को मिटाने के लिए है। देश की एकता और अखंडता को बरकरार रखने और समानता और सामाजिक समरसता को कायम रखने के लिए राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकल पड़े हैं और पूरा देश राहुल गांधी की ताकत बनकर उनके साथ चल रहा है ताकि देश की संप्रभुता को बचाया जा सके। विनोद कुशवाहा ने झारखंड में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सफलता का श्रेय प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को देते हुए कहा कि राजेश ठाकुर के कुशल नेतृत्व में झारखंड में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का सफल समापन किया गया है निश्चित तौर पर इसका लाभ कांग्रेस पार्टी को आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा।

## बिड़ला कॉर्पोरेशन का दिसंबर तिमाही का शुद्ध लाभ 87% बढ़ा

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिड़ला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अपनी दिसंबर तिमाही के लिए 109 करोड़ रुपये के अपने अपने शुद्ध लाभ की सूचना दी है. जो क्रमिक रूप से 87% अधिक है. कंपनी बिक्री बढ़ाने और परिचालन खर्च कम करने में कामयाब रही है. दिसंबर तिमाही में कंपनी का इबीआइटीडीए 395 करोड़ रुपये और नकद लाभ 298 करोड़ रुपये वर्ष-दर-वर्ष क्रमशः 160% और 359% की वृद्धि दर्शाता है. दिसंबर तिमाही के लिए प्रति टन सीमेंट उत्पादन की कुल लागत रु 4,375 वर्ष-दर-वर्ष 8% और क्रमिक रूप से 3त्न की गिरावट दर्शाता है. साथ ही कई आंतरिक लागत अनुकूलन उपाय परिणाम देने लगे हैं, बिड़ला कॉर्पोरेशन अब देश में उत्पादन लागत के मामले में सबसे कुशल सीमेंट निर्माताओं में से एक है. कंपनी का सीमेंट से परिचालन लाभ मार्जिन दिसंबर तिमाही के लिए 17% था और नौ माह की अवधि के लिए 13% रहा. पिछले वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में बिड़ला कॉरपोरेशन ने प्रोजेक्ट शिखर लॉन्च किया था जो परिचालन दक्षता में सुधार और लागत अनुकूलन के लिए एक बहुआयामी अभियान था. इसके कारण अब तक विभिन्न बदलाव किये गये जिसके परिणामस्वरूप तिमाही में सीमेंट उत्पादन लागत में कम से कम 55 रुपये प्रति टन की बचत हुई. तिमाही के लिए कंपनी का समेकित राजस्व 2,328 करोड़ रुपये रहा जो पिछले वर्ष की तुलना में सीमेंट के प्रेषण में 15त्न की वृद्धि दर्शाता है. मुकुटबन से सीमेंट डिस्पैच लगातार बढ़ायी गयी और प्रीमियम उत्पादों की बिक्री का प्रमुख बाज़ारों में विस्तार हुआ।

## ओला देश में इलेक्ट्रिफ़िकेशन को बड़ा प्रोत्साहन देकर ईवी अपनाने में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए तैयार है

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत में इलेक्ट्रिफ़िकेशन को प्रोत्साहन देकर टू व्हीलर का विस्तार करने की ओर एक बड़ा कदम बढ़ाते हुए ओला इलेक्ट्रिक ने आज शक्तिशाली 6kW मोटर और 190 किलोमीटर की लंबी रेंज के साथ S1X 4kWh लॉन्च किया है। ऑल न्यू S1X 4kWh की कीमत 1,09,999 रुपये है और इसकी डिलीवरी अप्रैल 2024 से शुरू की जाएगी। कंपनी ने बैटरी को लेकर ग्राहकों की चिंताओं और ईवी अपनाने में आने वाली सबसे बड़ी बाधा को दूर करते हुए उद्योग में पहली बार अपने सभी उत्पादों पर 8 साल या 80,000 किमी तक की एक्सटेंडेड बैटरी वारंटी की घोषणा भी की है। ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के संस्थापक, चेयरमैन एवं एमडी, भाविश अग्रवाल ने कहा÷ ÷उत्पादों, सेवाओं चार्जिंग नेटवर्क और बैटरी वारंटी को लेकर हमारे नए प्रयास देश में ईवी को अपनाने में आने वाली बाधाओं को दूर करने की ओर एक बड़ी पहल हैं।

## आजसू पार्टी की एक बैठक रामगढ़ जिला कार्यालय में हुई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी जिला प्रधान कार्यालय मे बैठक की गई। इस् बैठक का मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और रामगढ विधायक सुनीता चौधरी के सुपुत्र युवा समाजसेवी पीयूष चौधरी उपस्थित रहे । इस कार्यक्रम के अध्यक्षता और संचालन ओबीसी मोर्चा के नगर अध्यक्ष रोहित कुमार सोनी ने किया। इस बैठक के मुख्य बिंदु यह है की रामगढ़ कैंट के सभी वार्ड के युवा लोगो से रूबरू किया गया और उनसे जुड़े तथ्यों को जाना गया । रामगढ़ के युवा समाजसेवी पीयूष चौधरी चौधरी की ओर से यहा आश्वासन दिया गया। कि युवाओं के हित के लिए जो भी हो उचित संभव कार्य किया जाएगा । उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य पर हर संभव कार्य किया जयेगा और साथ ही साथ रामगढ़ के आजसू पार्टी के जिला कार्यालय में युवाओं के स्वस्थ जीवन के लिए बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया गया है जिससे युवा लोग बैडमिंटन खेल कर अपने जीवन को स्वास्थ्य बनाएं। मुख्य रूप से केंद्रीय कोषाध्यक्ष विमल बुधिया , जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली , पवन करमाली, नीरज मंडल, रिंकू करमाली ,विक्की ठाकुर ,सतीश कुशवाहा,नीतीश कुमार दांगी चंदन ठाकुर,दीपू गुप्ता ,अजय कुमार, टिंकू कुशवाहा,आनंद जायसवाल,निशा चंद्रवंशी,अजित गुप्ता, खुशबू देवी,जयप्रकाश मंकी,राकेश साहू ,प्रियांशु वर्मा,अमर करमाली ,राकेश करमाली,सोहेल खान ,आदि उपस्थित थे।

## मांडू चट्टी पंचायत में पीसीसी पथ निर्माण का हुआ शिलान्यास

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू चट्टी पंचायत के धरानियाटांड़ में हरिया पेड़ से धनेश्वर शाह के घर तक पीसीसी पथ निर्माण 400 फीट कुल राशि 6 लाख 21 हजार का जिला परिषद योजना के तहत बुधवार को शिलान्यास किया गया । इस शिलान्यास कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य भोला तूरी , मांडू चट्टी पंचायत मुखिया अनीता देवी के द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद बालेश्वर भुईयां समाजसेवी धानेसर राजेश शर्मा साहू मनोज महतो भूषी भुईयां मगन भुईयां का जनमिया मदन भैया आदि उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में भारी अनियमितता का मामला हुआ उजागर

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के रकुआ पंचायत अन्तर्गत ग्राम लिपिया के जारा बस्ती से रालीबेड़ा तक बन रहे 3.150 कि.मी. की पक्की सड़क निर्माण में भारी अनियमितता का मामला प्रकाश में आया है। ये सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत बनाई जा रही है।



ग्रामीणों ने बताया कि ये सड़क निर्माण कार्य संवेदक जे.सिंह एन्ड कम्पनी द्वारा कराया गया है। इसमें पीसीसी, गार्ड वॉल एवं पुलिया में उपयोग किए गए मैटेरियल घटिया किस्म की है। सड़क बनाने के क्रम में गुणवत्ता पूर्ण मैटेरियल नहीं लगाये जाने के संबंध में ग्रामीणों ने संबंधित विभाग को कई बार सूचित कर चुके हैं तथा मिडिया के द्वारा भी उठाया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई तथा संवेदक द्वारा ग्रामीणों की बातों को अनसुना कर दी। जगह जगह बनाई गई सड़क उखड़ रही है। ग्रामीणों ने संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त पत्र स्थानीय विधायक सुनीता चौधरी को दी गई है तथा उनसे मामले में हस्तक्षेप करने की बात की गई है तथा मामले की गहराई से जाँच कराने की माँग की है। हस्ताक्षर करने वालों में श्रीधर सोरेन, मनोज प्रजापति, भूषण कुमार, नागेश्वर महतो, अरुण टुडू, विशु मुर्मू, सुरेश कुमार महतो, सुरेश प्रजापति, राजकुमार हेम्ब्रम,सुरेश कुमार रजक, गंगाराम महतो, प्यारेलाल महतो, टेकलाल महतो, दिनेश हेम्ब्रम सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल हैं।

# सीसीएल अरगडा प्रक्षेत्र की सिरका परियोजना की 229.57 एकड़ भूमि अधिग्रहण का मार्ग प्रसस्त, हर्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल अरगडा प्रक्षेत्र वासियों के लिए एक अच्छी खबर है। भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा सी सी एल अरगडा प्रक्षेत्र के सिरका परियोजना को एक नई सौगत दी गई है। भारत सरकार द्वारा सिरका परियोजना के लिए 229.57 एकड़(लगभग) भूमि या 92.91 हेक्टेयर (लगभग) माप की भूमि तथा उक्त भूमि में या उस पर सभी अधिकारों के अर्जन करने के अपने आशय की सूचना कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन एवं विकास) अधिनियम 1957 की धारा 7(1) के तहत दी गई है। इस आशय की अधिसूचना भारत सरकार (कोयला मंत्रालय) के गज़ट नोटिफिकेशन संख्या का.अ. 357(अ) के द्वारा दिनांक 29.01.2024 को जारी की गई है।कोई व्यक्ति, जो किसी भूमि में जिसकी बाबत धारा 7(1) के अधिन अधिसूचना निकाली गई है, हितबद्ध है, अधिसूचना के निकाले जाने के तीस दिनों के भीतर सम्पूर्ण भूमि या उसके किसी भाग या ऐसी भूमि में या उस पर के किन्हीं अधिकारों का अर्जन किये जाने के बारे में आपति दर्ज कर सकेगा। यह जानकारी अरगडा प्रक्षेत्र के अमला अधिकारी (भूमि एवं राजस्व) अमरेन्द्र कुमार ने दी है। श्री अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा सिरका परियोजना के लिए 229.57 एकड़(लगभग) भूमि या 92.91 हेक्टेयर (लगभग) माप की भूमि तथा उक्त भूमि में या उस पर सभी अधिकारों के अर्जन करने के अपने आशय की सूचना कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन एवं विकास) अधिनियम 1957 की धारा 7(1) के तहत दी गई है। श्री कुमार ने बताया कि उक्त भुमि की कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन एवं विकास) अधिनियम 1957 की धारा 9 (1) के तहत अधिग्रहण का प्रस्ताव शीघ्र ही भारत सरकार को भेजा जाएगा।

# नियमित पानी छिड़काव को लेकर राकोमयू व विसमो ने दो घंटे तक ट्रांसपोर्टिंग ठप रखा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (इंटक) कार्यालय के समक्ष राकोमयू के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव सह विस्थापित संघर्ष मोर्चा के संरक्षक राजू यादव के नेतृत्व में सड़क पर उड़ रही धूल-गर्द से प्रभावित होकर बुधवार को ट्रांसपोर्टिंग कार्य बाधित किया गया। वहीं राजू यादव ने कहा कि उरीमारी परियोजना एवं बिरसा परियोजना अपने अड़ियल रवैया के कारण उरीमारी के ग्रामीणो को प्रदुषण से बीमार कर रहा है। प्रबंधन टेकंर के द्वारा पानी का छिड़काव सड़क पर नहीं कर रहा है। लगभग एक महिने से उरीमारी के सड़कों पर पानी छिड़काव नहीं किया गया है। यहां के ग्रामीण बिमारी से ग्रसित हो रहे हैं। इसी आलोक में उरीमारी व बिरसा परियोजना का ट्रांसपोर्टिंग दो घंटे तक बाधित किया गया। क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने यह भी कहा कि प्रबंधक उरीमारी के सड़कों पर नियमित पानी छिड़काव नहीं करती है तो जोरदार आंदोलन किया जाएगा। वहीं उरीमारी परियोजना प्रबंधक से वार्ता कर प्रतिदिन सुबह-शाम पानी का छिड़काव करने कि बात कही गई। जिसपर प्रबंधक ने राजू यादव को सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिलाया।वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू, विसमो सचिव महादेव बेसरा, डा जीआर भगत, कानू मरांडी, बाल्मिकी यादव, संजय कुमार यादव,सीगू मांझी,राज कुमार सिंह, राजेन्द्र यादव, शिवा उरांव, बिनोद प्रजापति,रतन मांझी, राधेश्याम बैठा,दीपक कुमार यादव, सुरेश, मनोज,राम कुमार,नन्दू प्रजापति, लालदेव सोरेन, रमेश सोरेन आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

**माडर्न चिल्ड्रेन स्कूल ने 26वां वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया**

# शिक्षा व कला को किसी कीमत में खरीदा नहीं जा सकता : संजीव बेदिया





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सयाल मंगलवार बाजार स्थित माडर्न चिल्ड्रेन कान्वेंट स्कूल ने बुधवार को अपना 26वा वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। वहीं इस वार्षिकोत्सव समारोह के मुख्य अतिथि झामुमो केन्द्रीय सचिव सह राज्य परिवहन प्रधिकार समिति के सदस्य संजीव बेदिया रहे।वही आए हुए सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वार्षिकोत्सव समारोह कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें विधालय के सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। इसदौरान मुख्य अतिथि संजीव बेदिया ने कहा कि शिक्षा व कला को किसी भी कीमत में खरीदा नहीं जा सकता है। स्कूल के शिक्षक ही बच्चों में मार्ग दर्शक होते हैं। वहीं संजीव बेदिया ने यह एलान किया कि विधालय की जोभी कमीया है उसे मैं जल्द ही पुरा करूंगा। आठवीं कक्षा के विद्यार्थी परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उन्हें 51सौ रूपए व सातवीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 21 सौ रुपए और बाकी निचे क्लास के बच्चों को 11सौ रूपए से सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर संजीव बेदिया ने विधालय प्रबंधक व स्कूली बच्चों को उपहार एवं 26 वर्ष पुरा करने पर शुभकामनाएं दी।वहीं विधालय के मेधावी छात्र छात्राओं मे घनश्याम कुमार,रूपा कुमारी,रकीबा प्रवीन, स्निग्धा सिन्हा,सायरस सिन्हा, बबलू कुमार, विनीत कुमार,स्रुति कुमारी, आरती कुमारी, रूद्राक्ष कुमार, खुशबू कुमारी, प्रिंस कुमार को मेडल व शोल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।वहीं विशिष्ट अतिथि में समाजसेवी पम्मी कुमार,सयाल उतरी पंचायत मुखिया आशा देवी, पुर्व मुखिया सह झामुमो नेता सतेन्द्र यादव, संजय शर्मा,के के मुखिया रीता कुमारी, विधालय के व्यवस्थापक सुनील प्रसाद, कार्यक्रम व्यवस्थापक सुलेखा बनर्जी, प्राचार्य प्रदिप राय, शिक्षक अनुराधा कुमारी,सफी आलम, सुनील सिन्हा, सुरेन्द्र प्रसाद, तरन्नुम प्रवीन,रूपा कुमारी,दीपा कुमारी, आरती कुमारी, पंकज कुमार,मनीष कुमार, सुमित्रा बक्सी,पुजा कुमारी एवं बच्चों के गार्जियन उपस्थित थे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-04-2024, दिनांक: 06.02.2024।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** एडीईएन/आरएनसी के क्षेत्राधिकार में बाकुडीह/बड़हरवा/पिनरगड़िया/पाकुड़/राजग्राम/तालझारी खदान साइडिंग पर 50 मिमी आकार के 40000 घन मी. मशीन क्रश्ड हार्ड स्टोन ट्रैक बैलास्ट की आपूर्ति तथा उसकी रेलवे वैगनों/हॉपर में लोडिंग करना (माप गंतव्य पर किया जाएगा)। **निविदा मूल्य :** ₹ 5,83,99,200/-। **बयाना राशि :** ₹ 4,42,000/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** 29.02.2024 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जा सकते हैं।

(PR-1111)


**आरसीएमएस ने अरगड्डा-सिरका प्रबंधन द्वारा पत्रकारों के साथ सौतेला व्यवहार का किया विरोध, आंदोलन की भी दी चेतावनी**

# सीसीएल से सीएसआर, वेलफेयर के तहत पत्रकारों को मिले लाभ : समसूद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** आरसीएमएस ने अरगड्डा- सिरका के पत्रकारों के साथ स्थानीय प्रबंधन द्वारा सौतेला व्यवहार पर विरोध जताया हैं। साथ ही इसे लेकर आंदोलन की चेतावनी दी हैं। बुधवार को प्रेस बयान जारी करते हुए आरसीएमएस अरगड्डा क्षेत्र सचिव सह कांग्रेस महासचिव समसूद खान ने यह बातें कही हैं। उन्होंने कहां है कि स्थानीय सिरका-अरगड्डा प्रबंधन पत्रकारों, समाजसेवियो, संस्था सदस्यों के साथ भेदभाव व अलग-थलग आचरण कर रही हैं। जो कंपनी व राष्ट्रीय हित में नहीं हैं। मांग किया कि सीसीएल प्रबंधन सीएसआर, वेलफेयर फंड व अन्य योजनाओं के तहत पत्रकारों समाजसेवियों संस्था से जुड़े सदस्यों को इसका लाभ दिलवाये। जिससे क्षेत्र का निर्माण कलम के मार्गदर्शन में हो पाए। कहां कि पत्रकार प्रबंधन की कार्यशैली व सकारात्मक दृष्टिकोण, इसके साथ हम सबों के नजरियों को अपने कलम और कैमरो के द्वारा पूरे राज्य सहित देश को दिखाने का काम करते हैं। इनके हक, अधिकार, रक्षा का ख्याल रखना सभी की जिम्मेवारी हैं। कलम के पुजारियो को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। प्रबंधन इसे लेकर सकारात्मक पहल कर आगे कदम बढ़ाये, जिससे तालमेल बनाते हुए, कोयला उत्पादन व सुरक्षित वातावरण को बनाया रखा जा सकें। यदि सीसीएल प्रबंधन इस पर ध्यान नहीं देती हैं, तो आंदोलन का रुख अख्तियार किया जाएगा। जिसकी जिम्मेवारी स्थानीय सिरका- अरगड्डा क्षेत्र प्रबंधन की होगी।

## रजरप्पा क्षेत्र की मजदूरों की समस्या को दूर करने की दिशा में हमारी यूनियन काम करेंगी : योगेंद्र महतो

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के ऑफिसर क्लब में झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन का एकदिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन सह मिलन समारोह 2024 का आयोजन रजरप्पा क्षेत्र में संपन्न हुई. सम्मेलन के मुख्य अतिथि योगेन्द्र प्रसाद महतो केन्द्रीय उपाध्यक्ष जेसीएमयू, झारखंड ओबीसी आयोग के चेयरमैन एवं राज्य दर्ज़ा प्राप्त मंत्री, विशिष्ट अतिथि जय नारायण महतो जोनल सचिव जेसीएमयू, राजकुमार महतो जोनल उपाध्यक्ष क्षेत्रीय समिति रजरप्पा मौजूद रहे. मौके पर मंत्री योगेंद्र ने कहा किकेंद्र सरकार द्वारा लिए गए निर्णय सीसीएल को निजीकरण करने को लेकर जेसीएमयू संगठन विरोध कर रही हैं.आनेवाले दिनों में रजरप्पा क्षेत्र की मजदूरों की समस्या को दूर करने की दिशा में हमारी यूनियन काम करेंगी. उन्होंने कहा कि झारखंड मे पिछली सरकारों ने आयोग के पद पर बैठकर झारखंडियों को धोखा देने का काम किया है पिछड़ा समुदाय को अनदेखी करने का काम किया आज झारखंड सरकार ने मुझे पिछड़ाआयोग का अध्यक्ष बनाया है, जिसे मैं आने वाला समय में बखूबी से कार्य करने का काम करूंगा हमारे क्षेत्र में जो अधिकार एवं दायित्व मिला हैं, उसे झारखंड के पिछड़े वर्ग समुदाय के लोगों के लिए शत- प्रतिशत धरातल पर उतारने का काम करेंगे. इससे पूर्व यहां पहुँचे दर्जा प्राप्त मंत्री के पहुंचने पर यूनियन के कार्यकताओ के द्वारा माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया गया. मौके पर जेसीएमयू के क्षेत्रीय अध्यक्ष शंकर कुमार चौरसिया, सचिव महेन्द्र मिस्त्री, उपाध्यक्ष रोगन मांझी, कामेश्वर महतो उपाध्यक्ष वाशरी सहित मेहीलाल मांझी, रामलाल मांझी, जगन रविदास कोषाध्यक्ष, शिवराम, जीत राम, बालकुमार मांझी, संजय कुमार रवि, भरत मुंडा, लुकेश्वर चौधरी, सुखदेव करमाली, हरिलाल मांझी, आशुतोष, जयमंगल, कश्मीरा, राजु देदिया, मोहरलाल मांझी, सोमाय, रूपेश, भगवान दास मुर्मू, जीतलाल, भागीरथ राम, पुरुषोत्तम, प्रकाश, जगदीश, भागीरथ राम, सुधीर तिग्गा, सोमर सिंह, जेबी तिर्की आदि मौजूद थे। दूसरे पार्टी छोड़कर दर्जनों कामगारों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण किया जगन रविदास, वृजमोहन मांझी, सुधीर तिग्गा, राजु बेदिया, भरत मुंडा, रुपेश मुण्डा, सिमत राम, रोहन लाल मांझी, कशमीरा कुमार आदि शामिल हैं इस दौरान यूनियन के नेताओं द्वारा पार्टी की सदस्यता लेने वाले को माला पहनाकर स्वागत किया गया



## उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरियातू में मैट्रिक की परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड अधिविध परिषद के द्वारा आयोजित मैट्रिक व इंटर की परीक्षा बुधवार से शुरू हो गई। इसी के तहत उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरियातू को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।आज की परीक्षा में प्रथम पाली में मेट्रिक और द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न हुई।परीक्षा के सफल संचालन में केंद्राधीक्षक जितेंद्र कुमार महतो, महिला सुपरवाइजर रतना कुमारी कागड़ा,सहायक अवर निरीक्षक तरसिसिया लकड़ा तथा शिक्षकों में भागवत तिवारी,वरुण लाल ,बिनोद बिहारी महतो ,अभिषेक खत्री , अजय कुमार मिश्रा, गंधौरी राम , राजेश कुमार सेनापति , लालमोहन बेदिया,रुपनाथ महतो, टेरेसा पुस्पिका टोप्पो, दीप्ति रानी, उषा रंजन , भानुप्रताप महतो, कृष्णानंद शर्मा , जितेंद्र रजक ,राजेश कुमार सेनापति , बालेश्वर प्रसाद सिन्हा , ईश्वर दयाल महतो , बिनोद कुमार सोनी , आनंद कुमार मिश्रा, सरस्वती नायक ,रीता बाला , रीता करमाली, मुकेश यादव ,राधेश्याम साहू, नरेश भगत आदि सभी शिक्षक शिक्षिका का अहम योगदान रहा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा**

**शुद्धि-पत्र**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत् ई–निविदा संख्या–11/2023-24/RWD/CHATRA,दिनांक–25.01.2024 (**P.R. No.**317062 (**RURAL WORK DEPARTMENT**) 23–24***D** है, उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

**निविदा की शर्तें संख्या–**

2 वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि :– 13.02.2024

3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 23.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।

4 ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 27.02.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे।

उक्त् ई–निविदा में कार्य समाप्ति की अवधि 09 माह रखी गयी थी, परन्तु दिनांक–29.01.2024 को मुख्य अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में कार्य समाप्ति की अवधि 09 माह से बढ़ाकर 15 माह की गई है। साथ ही Bid Document में Bid Capacity की गणना के लिए Factor के रूप में Assessed Available Bid Capacity = (AxNx2-B) के स्थान पर **Assessed Available Bid Capacity = (AxNx2.5-B)** किया गया है।

**(Applicable for tender amount more than 2.5 cr.).**

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO.318118 Rural Work Department(23-24):D


# सीसीएल खुली खदान सिरका अगलगी क्षेत्र से कोयले की लूट लगातार जारी, प्रबंधन सुरक्षा के इंतजाम नाकाफी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के खुली खदान सिरका से प्रतिदिन हजारों टन कोयला लूट की वारदात नहीं रुक पा रही हैं। प्रबंधन इसे रोकने में बिल्कुल नाकाम हैं। सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह लचर बनी हुई हैं। सुरक्षा कर्मियों के अभाव के कारण कोयला उठाने वालों के साथ हाथापाई बकझक तक हो रही हैं। इधर इसका फायदा आस-पास के कोयला उठाने वाले लोगों ने उठा रखा हैं। कोलयरी सिरका में शिफ्ट बदलते ही कोयला चोरी करने की होड़ में दर्जनो महिला, पुरुष खदान के नीचे उतर जाया करते हैं। इसके बाद बोरियों, टोकरियों में भरकर कोयला लेकर भाग खड़े होते हैं। बतलादे कि जिस स्थल के आस-पास कोयला उठाया जाता हैं, उस खदान क्षेत्र में फायर जोन हैं, जहां कोयले के नीचे आग धधक रही हैं, जिससे बड़ी घटना दुर्घटना होने का भी अंदेशा बना रहता है। सूत्र बताते हैं कि बीते 5 फरवरी को कोयला डंपिंग क्षेत्र में एक महिला कि चोटिल होकर आहत होने की संभावना हैं, इसके बाद भी प्रबंधन अपने लापरवाह और लचर रवैया को सुधार नहीं पाया हैं। जिसका खामियाजा कंपनी के हजारों रुपए मूल्य के कोयला चोरी होते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। इधर मामलों से जुड़े बातों पर सिरका पीओ श्रीकांत शर्मा कहते हैं कि कोयला चुनने के दौरान किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं हैं। मेरे माइंस क्षेत्र में ऐसा नहीं हुआ हैं। जबकि कोयला चोरी को लेकर पुलिस रिपोर्ट करने की बात कह कर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं।


**कार्यालय, प्रभारी न्यायाधीश, प्रशासन, व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

**निविदा संदर्भ सं0 व्य0न्या0, लोहरदगा/04/2023–24**

व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा, झारखंड के कार्यालय के लिए 25 के0वी0ए (25 KVA) जेनरेटर के लिए एक ऑटो स्टार्ट एण्ड स्टॉप यूनिट (AMF Panel) की खरीदगी करने की आवश्यकता है।

अतः इच्छुक एजेन्सियों से बंद लिफाफे में दस दिनो के लिए न्यूनतम मूल्य पर निविदा आमंत्रित की जा रही है।

| | | |
|---|---|---|
| 01. | कार्य का नाम | व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा, झारखंड के कार्यालय लिए 25 के0वी0ए (25 KVA) जेनरेटर के लिए एक ऑटो स्टार्ट एण्ड स्टॉप यूनिट (AMF Panel) |
| 02. | आपूर्ति करने की अवधि | 15 दिन |
| 03. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | 24/02/2024, समय 02:00 बजे अपराह्न तक |
| 04 | निविदा खुलने की तिथि | 24/02/2024, समय 02:00 से 04:00 बजे अपराह्न तक |
| 05. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के नाम एवं पता | प्रभारी न्यायाधीश, प्रशासन, व्यवहार न्यायालय लोहरदगा |
| 06. | कॉनटेक्ट नंबर | 8825206756 |
| 07. | हेल्पलाइन नंबर | 9430121770 |

ह/0–
प्रभारी न्यायाधीश, प्रशासन,
व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा

PR 318189 (Lohardaga)23-24*D



**Govt. of Jharkhand**
**Energy Department**
**Jharkhand Renewable Energy Development Agency, (JREDA)**
**3rd Floor, S.L.D.C. Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002.**
**Ph.: 0651-2491161, Fax: 0651-2491165,**
**E-mail: info@jreda.com; Website: www.jreda.com**

**Short Notice Inviting Bid , (Urgent)**

**Tender Reference No.: 48/JREDA/EE/23-24** **Dated: 06.02.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | **"Engagement of Agencies to Conduct Capacity- Building under Municipal Demand Side Management Demand Side Management (MuDSM) Awareness for the State of Jharkhand".** |
| 2 | Estimated Cost (in Rs.) | 10,00,000/- (Rs. Ten Lakhs) including GST & all other taxes. |
| 3 | Last date & and time for receipt of offline bids. | 23.02.2024(Friday) upto 03:00PM |
| 4 | Bid Opening, Bid evaluation & Price bid Opening Date & Time | 26.02.2024(Monday) upto 03:30PM |
| 5 | Bid Fee (in Rs.) (Non-refundable) | Rs. 1,475/- (Rs. One Thousand Four Hundred Seventy-Five) only |
| 6 | Earnest Money Deposit (EMD) (in Rs.) (Refundable) | Rs. 20,000/- (Rs. Twenty Thousand only) |
| 7 | Availability of tender document. | Tender documents can be purchased from the JREDA Office on all working days up to 21.02.2024 till 12.00 PM. |
| 8 | Method to apply | Interested bidders will have to apply the tender document in a sealed envelope which will contain two separate sealed envelopes: - 1. First Envelope: Techno-Commercial Part. 2. Second Envelope: Price Part. |
| 9 | Name and address of office inviting tender. | Director, Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA) 3rd Floor, SLDC Building, Kusai, Doranda, Ranchi- 834002 (Jharkhand) |
| 10 | Helpline no. of e-procurement. | 0651-2491163/67/61/7903935514 |

**Terms & conditions:**

1. Tender documents can be purchased from the office of the undersigned during office hours on any working day till the day before submission of the tender after depositing the cost of the Tender document (Non-refundable) in the shape of Bank Demand Draft in favour of "**Director, JREDA**" payable at Ranchi.
2. No postal request for the issue of a Tender document will be entertained.
3. The tender must be accompanied by the Earnest Money Deposit (refundable) in the shape of **(DD/BG/FDR)** issued from any Indian nationalized/scheduled bank in favour of **"Director, JREDA"** payable at Ranchi. The Proof of EMD must be attached with tender documents otherwise the tender will be rejected without assigning any reason.
4. The undersigned reserves the right to issue the tender document /extend the date of sale/submission of tender/opening of tender and cancellation of tender without assigning any reason thereof.

**Sd/-**
**Director,**
**JREDA, Ranchi**

**PR 318112 Energy(23-24)#D**

## वैन की चपेट में आने से महिला की मौत, एक घायल



**बगोदर/गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर थाना क्षेत्र के औंरा बाजार में सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया । घटना को लेकर बताया जाता है औंरा चौक के पास एक महिला रोड पार करने के दौरान अनियंत्रित 608 वैन ने अपनी चपेट मे ले लिया जिसे युक्त महिला की मौत घटना स्थल पर ही हो गई । जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया घायल व्यक्ति चना बेचने का काम करता है । फिलहाल ग्रामीणों के सहयोग से एनएच आई एम्बुलेंस से डुमरी अस्पताल भेज दिया गया । मृतक महिला औंरा गांव के बताया जा रहा जबकि घायल व्यक्ति निमियाघाट थाना क्षेत्र के रंगामाटी का बताया जा रहा है । बगोदर पुलिस घटना स्थल पहुंचें और वाहन को जब्त कर लिया गया । घटना की सूचना पर विधायक विनोद सिंह उपप्रमुख हरेन्द्र सिंह घटना स्थल पर पहुंचे और घटना के प्रति दुःख जताये । जबकि शव को कब्जे में लेकर बगोदर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए बगोदर अस्पताल भेज दिया गया ।

## ट्रक ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, दो युवक की हालात गंभीर

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को 2 बजे के करीब चोंगाखार पंचायत के ग्राम दासोडीह में तेज गति से आ रही है ट्रक संख्या जेएच 11 आर 5539 ने विपरीत दिशा से आ रही एक मोटरसाइकिल को अपने चपेट में ले लिया, जिसके कारण मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, घायलों की हालत अत्यंत नाजुक है। जैसा कि लोगों ने बताया की ट्रक पास में हीं इरगा नदी में बन रहे जलमिनार से ईंट खाली कर वापस गिरिडीह की ओर लौट रहा था जबकि मोटरसाइकिल सवार जोरासांख से बिरनी की ओर जा रहा था। स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की जानकारी बिरनी प्रशासन को दी गई, जिसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा के द्वारा एंबुलेंस के माध्यम से घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरनी ले जाया गया, जहां घायलों की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने रांची रेफर कर दिया। इधर घटना की जानकारी मिलते हीं भरकट्टा ओपी प्रभारी सुमंत प्रसाद सदलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर ट्रक एवं ट्रक ड्राइवर मनोरंजन मंडल जो गांडेय प्रखंड के कसकुटैया का रहने वाला है, उसे अपने कब्जे में लेकर थाने ले गई। समाचार लिखे जाने तक घायलों की पहचान नहीं हो पाई है, परंतु स्थानीय लोगों के अनुसार एक युवक जमुआ प्रखंड के ग्राम परमानिकडीह का 24 वर्षीय पिंकू पंडित एवं दूसरा युवक पिंकू का रिश्तेदार है जो ग्राम घाघरा का रहने वाला बताया जा रहा है। मौके पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि रामलखन वर्मा, आजाद तुरी, भाकपा माले नेता अशरेष तुरी, महेश यादव समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बाइक की टक्कर से परीक्षा देने जा रही इंटर का छात्रा हुई घायल

**बगोदर/गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर थाना क्षेत्र के सरिया



रोड स्थित दो बाइक की टक्कर से एक स्कूली छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की बाइक की रफ्तार काफी तेज थी जहां दुसरे बाइक के टक्कर बाद एक स्कूली छात्रा को अपनी चपेट में लिया । घटना को लेकर बताया जाता है कि छात्रा अपनी सहेली के साथ पैदल इंटर की अंग्रेजी विषय की परीक्षा देने परीक्षा सेंटर जा रही थी इसी दौरान बाइक की चपेट मे आ गई । गंभीर रूप से घायल स्कूली छात्रा महादेव ठाकुर की पुत्री हेमन्ति कुमारी अड़वारा पंचायत के तुकतुको गांव की थी घायल छात्रा को बेको पश्चिमी पंचायत पंचायत समिति प्रतिनिधि व पीएचडी जेईई लालू महतो ने अपनी कार से बगोदर सीएच सी अस्पताल पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार किया गया ।

## बिरहोर बच्चों के लिए शुरु हुआ मिल्क प्रोजेक्ट



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विलुप्त प्राय आदिम जन जाति समाज के कुपोषित बच्चों के उपचार हेतु मिल्क प्रोजेक्ट शुरु किया गया। अमनारी बिरहोरटण्डा मे बनवासी विकास आश्रम बगोदर गिरिडीह के द्वारा तथा जीव दया फाउंडेशन के सहयोग से स्कूल से पूर्व शिक्षा एवं पोषण के तहत मिल्क प्रोजेक्ट का शुभारंभ मुख्य अतिथि उप प्रमुख रामदेव यादव, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, अमनारी बिरहोर टंडा के सहायक अध्यापक द्वारिका मंडल तथा सुरेश कुमार शक्ति के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। विषय प्रवेश करते हुए श्री बनवासी विकास आश्रम के सुरेश कुमार शक्ति शक्ति ने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य बिरहोर बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाना है। इस परियोजना में बिरहोर टांडा के 6 माह से लेकर 5 साल तक के बच्चों को प्रतिदिन 150 एम एल दूध तथा बिस्किट या तिल का लड्डू दिया जायेगा, ताकि बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाया जा सके साथ ही साथ वैसे एनेमिक महिलाएं जो माँ बनने वाली हैं को साल में दो बार पचीस किलो अनाज देने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि विलुप्त प्राय आदिम जाति के लोग आज भी हासिये पर खडे हैं। संस्था का यह छोटा प्रयास मील का पत्थर सावित होगा। वहीं सरिया उप प्रमुख रामदेव यादव ने परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि यह परियोजना बिरहोर परिवार के लिए बहुत ही कारगर साबित होगा एवं बच्चों से पहले उनके परिजन को सजग होना होगा।उन्होंने इस परियोजना में हर सम्भव मदद पहुंचाने की बात कही। इस कार्यक्रम में बनवासी विकास आश्रम के ओमप्रकाश महतो, समन्वयक उत्तम कुमारजयंती देवी, बुधन बिरहोर, सुरेंद्र मंडल,की सराहनीय भूमिका रही।

## अखिल भारतीय कला साधक सगम बेंगलुरू में सम्पन्न

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कला संस्कार देने के लिए है, समाज को समरस बनाने के लिए है। कलाकार अपने संस्कार और चरित्र से संपूर्ण कला जगत को संदेश दे। इन्हीं उद्देश्यों के लिए संस्कार भारती निरंतर काम कर रहा है। अब संस्कार भारती के लिए प्रोग्रेसिव अनफोल्डमेंट की जरूरत आ गई है। कला के क्षेत्र में संस्कार भारती ऐसी स्थिति में आ गई कि अब कला के माध्यम से समाज में परिवर्तन ला सकती है। इसके लिए अब हमें आगे क्या करना है इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। उक्त बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन मधुकर भागवत रविवार को बेंगलुरु के आर्ट ऑफ लिविंग के अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में संस्कार भारती द्वारा एक से चार फरवरी तक आयोजित चार दिवसीय अखिल भारतीय कला साधक संगम के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कलाकारों को संबोधित कर रहे थे।

# गिरिडीह में गर्भवती महिला को खाट पर लेकर जाते अस्पताल, नही है गाड़ी जाने का सड़क




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह में एक बार फिर एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जो विकास के दावों की पोल खोलती है।

जिले के देवरी प्रखंड के आदिवासी बहुल हरियाडीह पंचायत के मदनाडीह गांव से ये मामला सामने आया है। पक्की सड़क के अभाव में मंगलवार को ये हृदय विदारक दृश्य देखने को मिला। दरअसल, मदनाडीह गांव में मंगलवार को आदिवासी गर्भवती महिला बसंती हेंब्रम को उसके परिजन एक खाट पर सुला कर गांव से तीन किलोमीटर दूर कंधे पर टांग कर एंबुलेंस तक ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवरी के मदनादीह गांव में मिलीजुली आबादी है। यहां कभी आवागमन के लिए पक्की सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। जिस वजह से बसंती हेंब्रम को उसके परिजन खाट पर सुला कर टांगते हुए नदी नाला पार किए।

## आईआईटी आईएसएम में होने जा रहा दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से धनबाद स्थित आईआईटी आइएसएम में 9 से 10 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 2024 का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें देश-विदेश के 91 कैंडिडेट्स भाग लेंगे। इससे पूर्व आज आईआईटी आइएसएम के मैनेजमेंट स्टडीज सभागार में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर संस्थान के प्रबंधक ने इसकी जानकारी दी। जानकारी देते हुए संस्थान के डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एन्ड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विभाष चंद्र ने बताया कि इस सम्मेलन का थीम सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड मैनेजमेंट प्रैक्टिसेज पर आधारित है। उन्होंने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय सम्मिट में 91 कैंडिडेट्स भाग ले रहे हैं। वहीं किनोट स्पीकर्स के रूप में कई प्रोफेसर भी भाग लेंगे। विभागध्यक्ष ने बताया कि इस वर्कशाप के माध्यम से शोधकर्ता यह समझ पाएंगे कि आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में जहां-जहां भी नवाचार है, इन्नोवेशंस है उस इनोवेशन को लेकर के एक बड़े एंटरप्राइज में विकसित किया जा सकता हैं। इस वर्कशाप का यही उद्देश्य भी है। इस वर्कशॉप में सभी स्टूडेंट्स सहित कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सारे पार्टिसिपेंट्स एक साथ जुड़ेंगे। ताकि इस कांफ्रेंस के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा नवाचार को बढ़ावा दिया जा सके।

## ससुराल में संदेहास्पद स्थिति में महिला की मौत, ससुराल वालों पर लगाया आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** जमुआ थाना क्षेत्र के नवडीहा निवासी खुशबू कुमारी की मौत उसके ससुराल में संदेहास्पद स्थिति में हो गई जिसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग लड़की के परिवार ने प्रशासन से इंसाफ की गुहार लगाई है। मंगलवार रात इसके शव को सदर अस्पताल, गिरिडीह लाया गया। आरोप है कि ससुराल वालों ने गला घोट कर इसकी हत्या कर दिया और बाद में इसके शव को लगे की लड़की फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया है इस तरह से परिवार वालों ने लटका दिया। हालांकि पुलिस फिलहाल मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बताया गया कि मुकेश कुमार वर्मा की पत्नी खुशबू कुमारी का मायका हीरोसिंहा गांव में है। लोग बताया गया कि इसकी शादी 3 साल पहले ही हुई थी। इसका डेढ़ साल का बच्चा भी है। मायका पक्ष ने आरोप लगाया कि घर में सभी लोग मिलकर दहेज के कारण दुपट्टा से इसका गला दबाकर हत्या की गई बाद में शव को फांसी के फंदे से लटका दिया गया। घटना के बाद से ही सुसराल पक्ष के लोग फरार चल रहा हैं। मृतका के पिता सुधीर प्रसाद वर्मा ने इसको लेकर हीरोडीह थाना में आवेदन के कर मृतका के पति मुकेश कुमार, उसके ससुर परमेश्वर महतो, सास चंपा देवी, देवर मुन्नू कुमार आदि पर हत्या का आरोप लगाया है और इन्साफ की मांग की है की मौत के बदले सरकार दोषी को फांसी की सज़ा हो और कड़ी से कड़ी सजा मिले और हमारी बेटी जिंदा कर के उसके परिवार वापस करे नहीं तो आगे चल कर औरों का भी मनोबल बढ़ेगा।

# विद्यालय में शिक्षक की अनुपस्थिति में बच्चा आपस में झगड़ा, घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** बेंगाबाद प्रखंड के बदवारा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सहियारी गांव में लगभग 2:00 बजे शिक्षक की अनुपस्थिति में बच्चे आपस में झगड़ा जिसके कारण एक बच्चे की मथा में चोट आई है।वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि शिक्षक हमेशा विद्यालय में अटेंडेंस बनाकर अनुपस्थित रहते हैं जिसके कारण आज यह घटना हुआ। घायल बच्चा का प्राथमिक उपचार निजी क्लीनिक में चल रहा है इस संबंध में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन नहीं हो पाया। वहीं स्थानीय ग्रामीण का कहना है की लगातार 2:00 बजे से पहले शिक्षक गायब हो जाना बच्चों में वापस झगड़ा प्रत्येक दिन देखने को मिलता है आज तो बाल बाल बच्चे की बाद घटना से बच्चे एक छोटी घायल ही हुआ है किसी



का जान भी जा सकता था इस तरह की वहीं कई ग्रामीण ने शिक्षा पदाधिकारी बेंगाबाद को संपर्क किया मगर किसी ने फोन से रिसीव करना नहीं समझा।

## कोयला खदान क्षेत्र में बंद खदानों से निकल सकता है जल संकट का समाधान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कोयला खदान क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग राज्यसभा में सांसद खीरू महतो ने उठाया है। इनका कहना है कि कोल इंडिया ने कोयला खनन क्षेत्र में लाखों एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। बड़े-बड़े ओपन कास्ट प्रोजेक्ट चल रहे हैं जिससे सैकड़ो गांव विस्थापित हुए हैं। इन विस्थापितों की समस्याओं का निदान करना भी कोल इंडिया की नैतिक जिम्मेदारी बनती है। लेकिन इन क्षेत्रों में विस्थापितों को पेयजल की समुचित व्यवस्था अब तक नहीं कराई गई है। ऐसे में भूमि स्थापित परिवार पेयजल पूर्ति की गंभीर समस्या से जूझ रही है। गांव में कुआं सूख गया है तथा चापाकल भी पानी की अभाव में जवाब दे चुका है।ऊपर से वायु प्रदूषण ने लोगों को जीना मुहाल कर दिया है। उन्होंने भारत सरकार से मांग की है कि कोयला खदान क्षेत्र जहां कई कोयला खदान बंद पड़े हैं। उन खदानों में एकत्रित जल का उपयोग क्षेत्र के निवासियों को पेयजल समस्या का समाधान निकल सकता है।

# राजेन्द्र पुल के समानांतर निर्माणाधीन नये पुल का महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा आज सोनपुर मंडल के हाजीपुर-बरौनी रेलखंड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने शाहपुर पटोरी एवं बरौनी स्टेशनों का निरीक्षण किया। इसके उपरांत महाप्रबंधक द्वारा राजेन्द्रपुल के समानांतर बनाये जा रहे पुल का गहन निरीक्षण किया गया। महाप्रबंधक द्वारा सबसे पहले शाहपुर पटोरी स्टेशन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पर साफ-सफाई, कैटरिंग सेवा, एफओबी सहित यात्री सुविधा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का गहन



मुआयना किया। उन्होंने स्टेशन के पैनल रुम का भी निरीक्षण किया तथा ऑन ड्यूटी रेलकर्मी से संरक्षा के संबंध में पूछताछ की एवं संरक्षा नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन हेतु दिशा निर्देश दिया । इसके साथ ही महाप्रबंधक द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत शाहपुर पटोरी स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का गहन मुआयना किया गया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के अगले क्रम में महाप्रबंधक महोदय ने बरौनी स्टेशन पर यात्री सुविधा से जुड़े सभी व्यवस्थाओं का मुआयना किया तथा बरौनी स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया । उन्होंने बरौनी जं. के नॉर्थ साइड के न्यू यूटीएस काउंटर का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने यहां पर चल रहे यूटीएस काउंटर को और ज्यादा पैसेंजर फ्रेंडली बनाने और आगे शेड का विस्तार करने के निर्देश दिए।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग में लाखों की सम्पत्ति जल कर हुई खाक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** मंगलवार की देर रात लगभग 11 बजे प्रखंड क्षेत्र के पेशम पंचायत के ग्राम सुइयाडीह निवासी कैलाशपति महतो एवं जगदीश महतो के घर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में सारा घर जल कर राख हो गया। आग की लपटों को उठता हुआ देख हो हल्ला करने पर दौड़े ग्रामीणों के प्रयास एवं घटना स्थल पर पहुंचे दमकल कर्मियों के कड़ी मेहनत से सुबह चार बजे तक आग पर काबू पाया गया। इस दौरान घर में रखा हुआ सारा सामान जैसे चावल, बिचाली, इमारती लकड़ी, लगभग 30 बोरा सीमेंट, जरूरी कागजात समेत लाखों रुपए के जेवरात जल कर राख हो गया। गृह स्वामी कैलाशपति महतो ने कहा कि रात को खाना खाने के बाद हमलोग सोने के लिए दूसरे घर में चले गए। ग्रामीणों के द्वारा हल्ला करने पर पता चला कि हमारे घर में हीं आग लगा है। इस अगलगी में हम दोनो भाईयो का लगभग 5 लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ है। इस बीच रात को हीं घटना स्थल पर पहुंचे पूर्व मुखिया टूपलाल प्रसाद वर्मा ने कहा कि रात की घटना बहुत हीं दुखद घटना थी, आग की लपटें पूरे मकान को अपने लपेटे में ले चुकी थी। आग को बुझाना मुश्किल था, दमकल विभाग को फोन किया गया तब ग्रामीणों और दमकल कर्मियों के सहयोग से कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया। साथ हीं उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार गरीब है, प्रशासन द्वारा उन्हें उचित मुआवजा मिलनी चाहिए। वहीं सुबह घटना स्थल पर पहुंचे स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मनीष सिन्हा ने कहा कि पीड़ित परिवार के द्वारा नुकसान हुए संपत्ति के सारे कागजात तैयार कर प्रशासन से उचित मुआवजा के लिए हरसंभव कोशिश करेंगे और फिलहाल पीड़ितों के रहने के लिए अंबेडकर आवास दिलाने का भरसक प्रयास करूंगा।

## मतदाता जागरुकता अभियान के तहत दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** झारखंड मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन सुभाष शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय कोलडीहा गिरिडीह में आयोजित किया गया। सुभाष शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय गिरिडीह के प्रांगण में 'चुनाव का पर्व देश का गर्व ' थीम पर पोस्टर मेकिंग कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का शुभारंभ डायरेक्टर अध्यक्ष संजय कुमार सिंह एवं डिप्टी डायरेक्टर आकाश परमहंस द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनुज कुमार ने कहा कि प्रशिक्षणार्थियों में छुपी प्रतिभा को निखारने का प्रयास इस कार्यक्रम के माध्यम से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर कौशल राज है। सभी प्रशिक्षुओं ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए अलग-अलग पोस्ट को बनाया। इनमें प्रथम पुरस्कार शिल्पा कुमारी, द्वितीय पुरस्कार



सुधीर कुमार वर्मा, तृतीय पुरस्कार सोनी कुमारी तथा सांत्वना पुरस्कार तनु कुमारी और दृष्टि को दिया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में 7.2. 24 को मतदाता जागरूकता रैली का नगर भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर सभी प्रशिक्षुओं ने तख्ती में वोट सबके लिए जरूरी है पर अलग-अलग स्लोगन द्वारा नारा लगाकर नगर में नारेबाजी किया गया।

## प्रिंसिपल कमर्शियल मैनेजर ने किया कतरास रेलवे स्टेशन का निरीक्षण



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हाजीपुर से आए प्रिंसिपल कामर्शियल मैनेजर शिव प्रसाद ने अमृत भारत योजना के तहत कतरासगढ़ स्टेशन में चल रहे विकास कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान बुकिंग कार्यालय में बुकिंग सुपरवाइजर उमेश कुमार साह से कतरासगढ़ में होने वाले रेवेन्यू की जानकारी ली। कतरास रेल स्टेशन के विभिन्न कार्यालय का निरीक्षण किया। मौके पर सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार,सीएएम केशव आनंद, ई डब्लू राजेश कुमार पासवान, कार्यालय अधीक्षक बीके महाजन, बुकिंग सुपरवाइजर उमेश कुमार साह उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा माह : डीटीओ ऑफिस में पंपलेट बांटकर चलाया जागरुकता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर प्रसाद द्विवेदी के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत जिला परिवहन कार्यालय में आए लोगों के बीच पैंपलेट बांटकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर लोगों को सड़क सुरक्षा की जानकारी दी गई तथा दुर्घटना में घायल लोगों की मदद करने को कहा गया। साथ ही हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग, ओवरटेकिंग,



ट्रैफिक सिग्नल, गुड समेरिटन के बारे में जानकारी दी गई। लोगो ने सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली तथा यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली। वहीं एक अन्य कार्यक्रम में अशोका बिल्डकॉन एनएच 19 कांडेडीह में 'निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वाहन चालकों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की गई। साथ ही उन्हें सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। शिविर में एएसजी आई होस्पिटल के डॉक्टर्स तथा एनएचएआइ धनबाद का मुख्य योगदान रहा। साथ ही मनईटांड के भर्ती पब्लिक स्कूल में बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर प्रधानाचार्य रमेश सिंह तथा सभी शिक्षक उपस्थित रहे। बलियापुर और कर्माटांड में नुक्कड़ नाटक के जरिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# नीरू शांति भगत ने बाबा दुखनशाह मजार पर चादरपोशी कर क्षेत्र की खुशहाली के लिए दुआ मांगी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** 99 वां पाक उर्स के मौके पर आजसू पार्टी के लोहरदगा जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष शाहिद अंसारी के नेतृत्व में बाबा दुखनशाह के मजार पर चादरपोशी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड आंदोलनकारी और लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व लोकप्रिय विधायक स्व कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी केंद्रीय महासचिव और लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की आजसू पार्टी की भावी प्रत्याशी नीरू शांति भगत ने दुखनशाह बाबा के मजार पर पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ चादरपोशी कर क्षेत्र की



जनता की खुशहाली और अमन चैन के लिए दुआ मांगी । नीरू शांति भगत ने कहा कि प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम गंगा -जमुनी तहजीब को बढ़ावा देते हुए आपसी भाईचारगी का संदेश देता है और सभी धर्म के लोग बाबा दुखनशाह के मजार पर चादरपोशी कर एवं माता टेक कर खुशहाली के लिए मन्नतें मांगते हैं। उल्लेखनीय है कि आयोजित चादरपोशी कार्यक्रम में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो उपस्थित होने वाले थे किंतु अचानक उन्हें राजस्थान एक कार्यक्रम में शरीक होने के लिए जाना पड़ा और उनका प्रतिनिधि के रूप में केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत शरीक हुई। उनके साथ केंद्रीय सचिव एवं किस्को तथा पेशरार के प्रभारी लाल गुडडू नाथ शाहदेव, केंद्रीय सदस्य एवं लोहरदगा नगर प्रभारी राजू गुप्ता, जहांगीर आलम, जिला महासचिव विलियम कुजूर, जिला प्रवक्ता रामचंद्र गिरि, जिला उपाध्यक्ष मुन्ना अग्रवाल, विजय उरांव, सलीम पांडु,महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अनीता साहू, कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, छात्र संघ के जिला अध्यक्ष आयुष कुमार महतो,बिजय कुमार, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष समीम अंसारी, खलील अंसारी, छोटू पटाखा, रिंकू खान, तोहिद कुरैशी, रियाज अंसारी, रहमान अंसारी, लोहरदगा प्रखण्ड महासचिव आनंद राम, शकील अंसारी, देवी पहान, फैयाज अंसारी, समीर सौरभ, सहाबुद्दीन खान, फिरोज खान सहित सैकड़ो की संख्या में आजसू कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित हुए।

# संतोष मांझी के शोकाकुल परिवार से मिले नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, बंधाया ढांढस

## कहा, राज्य में अपराधी बेलगाम, भय व आतंक के वातावरण में जीने पर लोग विवश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कूडू-लोहरदगा :** झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष सह पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी मंगलवार को कूडू पहुंचे और मृतक पूर्व पसस संतोष मांझी की पत्नी पूनम देवी सहित परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढाढस बंधाया एवं न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। परिजनों से मुलाकात करने के बाद उंन्होने कहा कि संतोष मांझी की हत्या से हम सभी मर्माहत है। कूडू में दो साल में चार गोली चालन और हत्या की घटना की वजह पूछने पर अमर बाउरी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इस राज्य में अपराधी बेलगाम हो गए हैं वहीं पुलिस की सुस्ती लोगों को भय व आतंक के वातावरण में जीने पर विवश कर दिया है। सरकार का सिर्फ चेहरा बदला है। भजपा पार्टी एवं



समाज त्वरित न्याय का मांग करता है। प्रशासन ने जल्द अपराधियों को गिरफ्तार नही किया तो हमलोग सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करने पर बाध्य हो जाएंगे। मौके पर पीड़ित परिवार से मिलने वालों में सिमरिया विधायक किसुन दास, बीजेपी के वरिष्ठ नेता प्रवीण कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, जिला अध्यक्ष मनीर उराँव, राजकुमार वर्मा,राज मोहन राम, अनुशुचित जाती के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राजू कुमार रजक, महामंत्री यदुनंदन तिवारी, जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू, सरजू साहू, बालकृष्णा सिंह, संजय चौधरी, सुदामा प्रसाद, विनोद राम, राजकुमार वर्मा, कृष्णा मोदी, रामखेलावन राम, शंकर महतो, पासवान समाज के झारखंड प्रदेश संयोजक रोहित रंजन सहित कई भाजपा कार्यकर्ता समाज और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# जनजातीय महासम्मेलन को लेकर किया गया समिति का गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधानसभा के अंतर्गत सेवई मंडल में भाजपा मंडल अध्यक्ष देवकी नन्दन साय के अध्यक्षता में बैठक कर भाजपा प्रदेश अनुसूचित जनजाति मोर्चा के निदेर्शानुसार अगामी 11 फरवरी कार्यक्रम जनजातीय महासम्मेलन को लेकर मंडल कार्यक्रम प्रभारी राकेश रविकांत प्रधान के नेतृत्व में संचालन समिति का गठन किया गया बैठक में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मण्डल प्रभारी राकेश रविकांत प्रधान शामिल होकर कार्यक्रम का संचालन समिति गठन पर मार्गदर्शन दियेङ्ग वहीं केन्द्र सरकार द्वारा जनजाति समुदाय को दी जाने वाली



महत्त्वपूर्ण योजनाओं का जानकारी देते हुए कहा कि मोदी सरकार केनेतृत्व वाली सरकार जनजातीय समाज के विकास के हमेशा कार्य कर रही आने वाले समय में जनजातीय समाज विकास कि नयी किरण के स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनेंगे। बैठक एसटी मोर्चा मंडल का विस्तार करते हुए संगठन को मजबूत करने संकल्प का लिया गया बैठक में उपस्थित संदीप भगत सतीश प्रसाद श्रीपूजन साव सज्जन दास संदीप टोप्पो नीलांबर नायक फिरवाह नायक सतीश प्रसाद लखपति बड़ाईक धीरन प्रधान किशोर लोहगड़ीया इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त सम्पन्न हुआ मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा के दूसरे दिन बुधवार को प्रखण्ड क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा के बीच कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा संपन्न हुई। प्रखंड क्षेत्र स्थित नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में वाणिज्य व गृह विज्ञान की परीक्षा ली गई। जिसमें सभी 80 छात्र छात्राओं ने वाणिज्य और गृह विज्ञान का परीक्षा दिया। वही केंद्राधीक्षक सीमा नैन्सी लकड़ा ने कहा कि परीक्षा कदाचारमुक्त तथा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। वीर्य पदाधिकारीयों के निर्देशानुसार परीक्षा की निगरानी सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से भी किया जा रहा है।



परीक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो जिस के लिये मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी सह मजिस्ट्रेट मनोज कुमार सिंह,ए एस आई राजेश राम लोहरा दल बल के साथ उपस्थित थे।

# होटल में आगजनी से बड़ी दुर्घटना टला अग्निशमन दल का रहा सराहनीय प्रयास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा में बुधवार सुबह शुशील उराँव के झोपड़ी होटल में गैस लीक होने के कारण आग लग गया जिससे होटल में रखा कंबल तथा खाद्यान सामग्री जलकर नष्ट हो गया। वही घटना में किसी का हताहत होने की सूचना नही है। आगजनी घटना की सूचना तत्काल अग्निशमन दल को मिलते ही तत्प्रता दिखाते हुए घटना स्थल बक्सीडीपा पहुंच आग बुझाने की दिशा में पहल करते हुए होटल में



लगे आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि होटल में समोसा बनाने के दौरान गैस लीक होने के कारण होटल में आग लग गई थी जिससे होटल का समान जलने की बात बताई जा रही है। वही सूचना मिलते ही ससमय अग्निशमन दल घटना स्थल नही पहुंचती तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। और आसपास के झोपड़ी में भी आग की लपटें पकड़ सकता था। लेकिन बड़ी दुर्घटना होने से बचाने में अग्निशमन दल के द्वारा सफल प्रयास रहा जिससे होटल संचालक शुशील उराँव के साथ आसपास के दुकानदारों को बड़ी राहत मिली घटना में खाद्यान सामग्री सहित कंबल जलने से लगभग पांच हजार का नुकसान होने की बात जुशिक उराँव द्वारा बताई जा रही है।

# सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो युवक घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के प्रखंड मुख्यालय गेट के समीप बुधवार अहले सुबह एन एच 143 ए पर हुई सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को गम्भीर चोटें आई है। घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार को मिलते ही उनके निर्देश पर गस्ती दल घटना स्थल पहुंच दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जबकि क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को जप्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा गया है। वही बताया जाता है कि मोटरसाइकिल जे एच 01 टी 9086 पर सवार हो चार लड़का लोहरदगा उर्स मेला देख घर लौट रहे थे उसी दौरान मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने पर बिजली खम्भा में सीधा जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें भड़गांव निवासी स्वर्गीय सगीर अंसारी के पुत्र सलाउद्दीन अंसारी तथा अरु बांधटोली निवासी नईम अंसारी के पुत्र कलाम अंसारी को गम्भीर चोटें आई है। जबकि दो लोग को चोट नही लगने की बात ग्रामीणों द्वारा बताया गया।

# फाइलेरिया का दवा खायेंगे और सभी को खिलायेंगे : अजय राठौड़



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन हेतु दवा सेवन कार्यक्रम के तहत परिमल सेवा संस्थान द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन का जानकारी दिया गया। वही एमटीएस इंचार्ज,एमपीडब्ल्यू और पिरामल टीम सदस्य द्वारा लोगों को फाइलेरिया बीमारी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमे फाइलेरिया के लिए एमडीए कार्यक्रम आगामी 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलने का निर्देश दिया गया। जिसमे सभी लोगो को फाइलेरिया का दवा सेवन कराने की बात कही गई। साथ ही दवा कितनी है कब कब खानी है और किन किन लोगों को नही खानी है उसके बारे में भी जानकारी दिया गया। तथा फाइलेरिया का दवाई खाना क्यों जरूरी है जिस पर भी जागरूक करते हुए बताया गया। उपस्थित मुखियाओं के साथ अपने अपने पंचायत को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए सभी लोगो ने शपथ लेते हुए कहा कि हम सब लोग दवाई खायेंगे और सबको भी खिलायेंगे। मौके पर पिरामल टीम के सदस्य अजय राठौड़, मुखिया, एमटीएस इंचार्ज और एमपीडब्ल्यू उपस्थित थे।

# बाबा दुखद शाह की दरबार में सबकी झोली भरी जाती है : मौलाना अशरफी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय सहसंयोजक सह भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना मो. जियाउल हक अशरफी अपने परिवार के सदस्यों के साथ शहंशाहे लोहरदगा हजरत बाबा दुखद शाह रहमतुल्लाह अलयह की दरबार में हाजिरी दी। तथा चादर पोशी कर राज्य राष्ट्र की शांति के लिए और अपने नेक और जाइज मुरादों के लिए दुआएं मांगी। वली अल्लाह का मतलब होता है अल्लाह का दोस्त और वालियों की दरबार में वसीला बनाते हुए रसूले पाक सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के सदके से जो दुआ मांगी जाती है वह अल्लाह कबूल करता है और वली फकीर ऐसे हैं जैसे सूरज किसी धर्म मजहब को बगैर देखे फायदा पहुंचता है। इसी तरह सभी



की झोली भरी जाती है कोई खाली नहीं लौटते शहंशाहे लोहरदगा की दरबार में दूसरे राज्यों से भी आते हैं और मन्नतें उनकी पूरी होती हैं।

# ट्रक मालिकों की एक शिष्टमंडल ने राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि से की मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** बुधवार को सरेंगदाग पाठ क्षेत्र में चलने वाले ट्रक मालिकों की एक शिष्टमंडल राज्यसभा सांसद सह ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के संरक्षक श्री धीरज प्रसाद साहू के प्रतिनिधि श्री अशोक यादव जी से मुलाकात कर सरेंगदाग प्लेटो में चलने वाले ट्रक मालिकों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया,माननीय धीरज प्रसाद साहू जी आवश्यक कार्य से बाहर निकल गए थे, उनसे चार दिन के बाद मुलाकात किया जाएगा,सरेंगदाग माइंस से परिवहन कार्य करीबन 4 माह से बंद है और इस क्षेत्र के अन्य माईस से भी करीबन एक माह से



बंद है आदि सभी परिस्थितियों से उन्हें अवगत कराते हुए सभी गाड़ियां सुचारू रूप से चले इसका निराकरण हेतु आग्रह की जाएगी, जिससे कि परिवहन कार्य सुचारू रूप से चल सके, और ट्रक मालिकों के साथ-साथ चालक-सहचालक, मजदूर एवं इनसे जुड़े लोगों के परिवार का भरण पोषण हो सके। मुलाकात करने वालों में सत्येंद्र मिश्रा, शशि भूषण सिंह, दीपक सराफ, मोहम्मद हलीम अहमद, प्रदीप पाठक, संदेश साहू, मोहम्मद सिराजुद्दीन, सत्यम, राजेश कुमार आदि थे।

# ताइक्कांडो प्रशिक्षक अरविंद कुमार यादव ने कुडू के अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह के कार्यों सरहाना की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** मंगलवार को कुडू के निवर्तमान सीओ प्रवीण कुमार सिंह को कुडू प्रखंड सह आंचल कर्मियों तथा क्षेत्र के स्थानीय लोगों के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन कर विदाई दिया गया। इस अवसर पर ताइक्कांडो प्रशिक्षक अरविंद कुमार यादव ने इस पल को यादगार बनाने को लेकर कुडू सीओ प्रवीण कुमार सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर ताइक्कांडो प्रशिक्षक अरविंद कुमार यादव ने कुडू के निवर्तमान अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि सरकारी सेवा में स्थानांतरण एक आवश्यक प्रक्रिया है। साथ ही कहा कि कोई भी पदाधिकारी के द्वारा किये गए कार्य और व्यवहार से उनकी अमिट छाप बनती है। प्रवीण जी ने अंचल क्षेत्र में जो कार्य किया है वह अनुकरणीय और काफी प्रशंसनीय भी है इस मौके पर अंचल सा प्रखंड कर्मी एवं काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

# आदिवासी छात्र संघ ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से की शिष्टाचार मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** बुधवार को कुडू प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवेश कुमार साव से लोहरदगा जिला आदिवासी छात्र संघ अध्यक्ष अवधेश उरांव ने मुलाकात किया कहा क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं करनी है। क्षेत्र के विकास में सभी लोगों का रखें ध्यान ताकि लोगों कभी भी प्रखण्ड कार्यालय आने में परेशानी न हो,वहीं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने भी कहा मैं अपने कर्तव्यों पर तत्पर हूँ सरकार द्वारा प्रदत योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगी। मौके पर आदिवासी छात्र संघ



कुडू प्रखंड अध्यक्ष अमित उरांव, राजी पढ़हा सरना प्रार्थना सभा प्रखंड समिति के सचिव जतरु उरांव, मीडिया प्रभारी बिन्देश उरांव, अनिल उरांव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# झारखंड पार्टी की बैठक का हुआ आयोजन

## 19 फरवरी को पंडरीपानी में होगा नगाड़ा पिटावन रैली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** झारखंड पार्टी की आवश्यक बैठक बुधवार को ईट प्लान्ट पंडरीपानी मे आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मतीयस बागे के द्वारा की गई, मौके पर मुख्य रूप से पूर्व मंत्री एनोस एक्का मौजूद रहे। जहां पर जिला अध्यक्ष ने बताया कि आगामी 12 फरवरी को जलडेगा के लम्बोई में एव 19 फरवरी को ईट प्लांट पंडरीपानी मे नगाड़ा पिटावन रैली का आयोजन किया जाएगा जिसको लेकर सभी अभी से ही तैयारी में जुट चुके हैं। मौके पर मौजूद पूर्व मंत्री ने कहा कि कार्यकर्ताओं की बदौलत की हम आने वाला लोकसभा और विधानसभा का चुनाव में जीत दर्ज करेंगे, इसलिए अभी सही प्रत्येक





कार्यकर्ता अपने बूथ को मजबूत करने का काम करें। उन्होंने कहा पार्टी को कैसे तेजी से फैलाएं और लोगों को उनका हक अधिकार दिलाये इस सम्बंध में काम करें। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें दूर करने के लिए प्रयास करें और जमीन से जुड़कर कार्य करते हुए आने वाले चुनाव में हम जीत हासिल करेंगे। मौके पर अन्य वक्ताओं के द्वारा संबोधित किया गया। मौके पर युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का, केंद्रीय महिला मोर्चा अध्यक्ष आइरिन एक्का, जिला कार्यकारी अध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष विष्णु दयाल शर्मा, कोचेडेगा मुखिया शिशिर टोप्पो, बोलबा जीप सदस्य अणिमा सोरेंग, प्रियंका केरकेट्टा, अमर कुल्लु, ललित समद, शशि खेस सहित सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**चलते चलते एक नजर**

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में बड़ा बदलाव, बुमराह बने दुनिया के नए नंबर-1 गेंदबाज

**नई दिल्ली :** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने ताजा आईसीसी टेस्ट रैंकिंग जारी कर दी है। इस रैंकिंग में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट के नए नंबर-1 गेंदबाज बन गए हैं। खास बात ये है कि उन्होंने अपने ही साथी खिलाड़ी आर अश्विन से नंबर -1 का ताज छीना है। जसप्रीत बुमराह ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ कमाल का प्रदर्शन किया था, जिसका उन्हें फल मिला है। जसप्रीत बुमराह 881 रेटिंग अंक के साथ पहले नंबर पर पहुंचे हैं। वहीं, आर अश्विन पहले से तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। उनके रेटिंग अंक 841 हैं। वहीं, कगिसो रबाडा दूसरे स्थान पर पर बने हुए हैं। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस चौथे नंबर पर आ गए हैं। उनके रेटिंग अंक 828 हैं। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में चोट के चलते ना खेलने वाले रवींद्र जडेजा को इस रैंकिंग में नुकसान हुआ है। वह 8वें नंबर पर आ गए हैं। ये पहला मौका है जब जसप्रीत बुमराह टेस्ट में नंबर पर गेंदबाज बने हैं। इससे पहले वह वनडे और टी20 में ये कारनामा कर चुके हैं। इसी के साथ उन्होंने क्रिकेट के इतिहास में अपना नाम भी दर्ज करवा लिया है। वह दुनिया के पहले ऐसे गेंदबाज बने हैं जो अपने करियर में तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 बने हैं। इससे पहले ये कारनामा दुनिया का कोई भी गेंदबाज नहीं कर सका था।

## उतार-चढ़ाव के बीच सपाट बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 34 अंक लुढ़का

**नई दिल्ली** : हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन शेयर बाजार उतार-चढ़ाव के बीच सपाट बंद हुआ। बुधवार को कारोबार के अंत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 34.09 अंक यानी 0.04 फीसदी टूटकर 72,152.00 के स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 1.10 अंक यानी 0.0050 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ 21,948.75 के स्तर पर बंद हुआ।कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 शेयरों में तेजी रही है, जबकि 12 शेयरों में गिरावट दिखी है। आज दिनभर के उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच घरेलू शेयर बाजार का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि निफ्टी मामूली बढत के साथ बंद होने में कामयाब रहा। पेटीएम के सीईओ विजय शेखर शर्मा की वित मंत्री से मुलाकात की खबरों के बीच कंपनी के शेयर में 10 फीसदी की तेजी रही। पेटीएम का शेयर 45.10 रुपये बढ़कर 496.25 रुपये पर बंद हुआ।कारोबार की शुरुआत में शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक हरे निशान पर खुला। बीएसई का सेंसेक्स 353 अंकों की उछाल के साथ 72,546 पर खुला था, जबकि एनएसई का निफ्टी 0.54 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 22,048 पर कारोबार की शुरुआत की थी। हालांकि, आज कारोबार के दौरान डिजिटल पेमेंट कंपनी पेटीएम शेयर में लगातार दूसरे दिन तेजी देखने को मिली। आज कारोबार के अंत में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), जेएसडब्ल्यू स्टील, एचडीएफसी लाइफ, ग्रासिम इंडस्ट्रीज टॉप गेनर की सूची में शामिल रहे। वहीं, पावर ग्रीड, इंफोसिस, टेक महिन्द्रा, अडाणी पोर्ट के शेयरों में गिरावट दर्ज हुआ है।इससे एक दिन पहले शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली थी।

# भव्य और दिव्य रूप से संपन्न होगा 2025 का महाकुंभ : सीएम योगी

**एजेंसी**

**लखनऊ :** सीएम योगी ने बुधवार को सदन में आश्वासन दिया कि 2025 के महाकुंभ को 2019 से भी अधिक भव्य और दिव्य रूप से संपन्न कराया जाएगा। राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि हम 2025 के महाकुंभ को भव्य दिव्य रूप में संपन्न कराएंगे। 2019 में जब प्रयागराज कुंभ था, तब काशी, अयोध्या, चित्रकूट, नैमिषारण्य और विंध्यवासिनी का धाम इस रूप में नहीं था। हमारा अनुमान है कि 19 के कुंभ की तुलना में दोगुना श्रद्धालु यहां आएंगे। उनके लिए अवस्थापना की सुविधाएं विकसित करने के लिए अभी से कार्य शुरू हो चुका है। 9 आरओबी बनाए गए हैं, नया सिविल टर्मिनल बनाने का कार्य किया गया, 250 से अधिक सड़कों का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का कार्य हुआ। 114500 शौचालयों का निर्माण हुआ। इस साल भी माघ मेला में अब तक 40 लाख श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं।

**2019 कुंभ ने सुरक्षा, स्वच्छता और सुव्यवस्था का प्रस्तुत किया मॉडल:** सीएम योगी ने कहा कि माघ मेले को 2025 के प्रयागराज महाकुंभ के पूर्व के रिहर्सल के रूप में सरकार लेकर चल रही है। हमारे सामने 2019 के प्रयागराज को आयोजित करने का उदाहरण है। पहली बार 24 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पहुंचकर नया कीर्तिमान स्थापित किया। सुरक्षा, स्वच्छता और सुव्यवस्था का क्या मॉडल हो सकता है, ये प्रयागराज कुंभ में देखने को मिला। दुनिया के 100 से अधिक



देशों के राजनयिक वहां आए थे। इतने बड़े जनसमुदाय को देखकर सबने व्यवस्था की सराहना की थी। आजादी के बाद पहली बार मौनी अमावस्या पर 5 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई थी। पहली बार आजादी के बाद अक्षय वट, सरस्वती कूप के दर्शन श्रद्धालुओं ने किए थे। उन्होंने कहा कि आज भारत जिस सांस्कृतिक पुनर्जागरण में प्रवेश कर चुका है, उसमें अयोध्या का दीपोत्सव, ब्रज का रंगोत्सव, काशी की देव दीपावली पूरे देश में अपनी पहचान बना रही है।

**टूरिज्म के क्षेत्र में अग्रणी बन रहा उत्तर प्रदेश :** सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद, श्रीदेवीपाटन तीर्थ विकास परिषद, ब्रज तीर्थ विकास परिषद, विंध्य धाम तीर्थ विकास परिषद, शुक्रतीर्थ विकास परिषद, चित्रकूट धाम तीर्थ एवं नैमिषारण्य धाम तीर्थ विकास परिषद का गठन करके धार्मिक स्थलों के विकास को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम कॉरीडोर पूरा हो चुका है, मां अन्नपूर्णा की प्रतिमा का 100 साल बाद पुनः प्रतिष्ठापन हुआ है। सोरों-सूकर क्षेत्र का विकास आदि अद्भुत कार्य हुए हैं। कहीं रामायण परिपथ, कहीं बौद्ध परिपथ, आध्यात्मिक परिपथ, शक्तिपीठ परिपथ, कृष्ण/ब्रज परिपथ, बुंदेलखंड परिपथ, महाभारत परिपथ पर सरकार कार्य कर रही है। इसी का परिणाम है कि पिछले साल 6.30 करोड़ श्रद्धालुओं ने श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के दर्शन किए। मथुरा-वृंदावन में पिछले साल 6.20 करोड़ श्रद्धालुओं/पर्यटकों का आगमन हुआ। नैमिषधाम में 10 लाख श्रद्धालुओं ने पिछले साल दर्शन किए। बुंदेलखंड में 2.55 करोड़ पर्यटकों का आगमन हुआ। बुद्धिष्ट सर्किट में 29 लाख पर्यटकों का आगमन हुआ। शुक्रतीर्थ में 8.50 लाख श्रद्धालुओं का आगमन हुआ। सीएम योगी ने कहा कि बुंदेलखंड और यूपी के ऐतिहासिक स्थलों के व्यवस्थित विकास के लिए सरकार कार्य कर रही है। बहुत जल्द इन्हें हेरिटेज टूरिज्म के रूप में विकसित किया जा रहा है। आज उत्तर प्रदेश टूरिज्म के क्षेत्र में नंबर एक पर पहुंच गया है। यहां लाखों लोगों को नौकरी और रोजगार का अवसर मिल रहा है। यूपी की इकोनॉमी में बढ़ोतरी हो रही है।

## एबीवीपी शैक्षणिक परिदृश्य से क्षुब्ध, राजभवन से श्वेतपत्र की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि पूरे झारखंड प्रदेश में शिक्षण व्यवस्था बदहाली की कगार पर है। राजभवन एवं साथ ही राज्य सरकार से यह पूछना चाहता हूं कि ऐसी क्या मजबूरी है कि कुलपति नियुक्तियों को बीच में ही रोक दी गई। राजभवन को इसे लेकर एक श्वेत पत्र जारी करके आम छात्रों को स्पष्टीकरण देनी चाहिए कि कुलपति नियुक्ति प्रक्रिया को बीच में ही क्यों रोक दी, कुलपतियों की नियुक्ति की विज्ञापन निकलने के बाद भी 9 महीने से अभी तक कुलपतियों की नियुक्ति नहीं होने के कारण विश्वविद्यालय हाशिए पर चला गया है। साथ ही कुलपतियों की नियुक्तियां की विज्ञापन को निरस्त करना विश्वविद्यालय और छात्रों का सर्वांगीण विकास न होने में बड़ा रुकावट नजर आ रहा है। आखिर ऐसा क्या कारण है की नियुक्तियों को बीच में रद्द किया गया। उल्लेखनीय है कि कि 2007 के बाद किसी भी प्रकार की स्थाई नियुक्ति प्राध्यापकों की नहीं हुई है। साथ ही सभी महाविद्यालयों में 90 प्रतिशत अस्थाई प्रभारी प्राचार्य के सहारे महाविद्यालय चल रही है। वहां के शिक्षण व्यवस्था कैसी होगी आप परिकल्पना कर सकते हैं। शुक्ल बुधवार को प्रेस क्लब में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि रांची विश्वविद्यालय में 1032 पोस्ट अध्यापकों की स्वीकृत की हुई है। अभी तक 686 पोस्ट रिक्त पड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि आप समझ सकते हैं की बार-बार नियुक्ति प्रक्रिया को रद्द किया जाना कहीं ना कहीं पूरे सिस्टम पर सवालिया निशान खड़ा करती है।

## अजा मोर्चा पार्टी के लिए समर्पित होकर कार्य करे : बावरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास का बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में जोरदार स्वागत किया गया। झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर बावरी ने पगड़ी बांधकर किशुन कुमार दास का उनके पद का दायित्व सौंपा। अमर बावरी ने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा का विशाल जन समूह झारखंड प्रदेश में है और सभी एकजुट होकर पार्टी के लिए समर्पित होकर कार्य करें। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि झारखंड प्रदेश में अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों के हितों की रक्षा हर संभव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश में सामाजिक आर्थिक और प्रशासनिक किसी भी तरह के अत्याचार जुल्म होगा तो अनुसूचित जाति मोर्चा एक



परिवार की भांति उन पीड़ति परिवारों के लिए एकजुट होकर उनको न्याय दिलाएगी। किशुन कुमार दास ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि झारखंड में तकरीबन 50 लाख आबादी अनुसूचित जाति की है। झारखंड प्रदेश में अनुसूचित जाति की 22 जातियां हैं।

उन्होंने कहा कि पार्टी का यह दायित्व मुझ पर सौंपा गया है और यह मेरी पूरी जिम्मेवारी है कि सभी 50 लाख परिवार के लिए हमेशा उनकी सेवा में उपलब्ध रहूंगा।

**कर्मवीर सिंह ने संगठन के दायित्व और अनुसूचित जाति मोर्चा के कर्तव्यों से कराया रूबरू:** भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त अध्यक्ष की जिम्मेदारी काफी बड़ी है और सभी पार्टी के कार्यकर्ता एकजुट होकर अपने-अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि सम्मान समारोह का उद्देश्य है कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता एक दूसरे से रूबरू हो और संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में सदैव प्रयास करें।

कार्यक्रम का आयोजन संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की पत्नी रमा बाई अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ शुरू हुआ। इससे पहले झारखंड प्रदेश भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यालय कक्ष में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को सम्मान पूर्वक बैठाया गया। नेता प्रतिपक्ष अमर बावरी ने अपने कार्यालय में किशन कुमार दास का शिष्टाचार पूर्वक स्वागत किया। इनके साथ संगठन महामंत्री कर्मवीर, प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान, प्रदेश मंत्री सीमा पासवान, पूर्व विधायक राम चंद्र नायक सहित अन्य पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

# हड्डियों में जमे यूरिक एसिड को बाहर निकाल देता है कच्चा पपीता

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** यूरिक एसिड एक वेस्ट पदार्थ है जो हम सबकी बॉडी में पाया जाता है। यूरिक एसिड को किडनी फिल्टर करती है और बॉडी के बाहर निकाल देती है। लेकिन जब बॉडी में इसकी मात्रा बढ़ने लगती है तब किडनी यूरिक एसिड को फिल्टर नहीं कर पाती इस वजह से यूरिक एसिड आपकी बॉडी में जमने लगते हैं। ऐसे में यूरिक एसिड बढ़ने से पैरों में सूजन आ जाती है, जॉइंट्स में दर्द शुरू हो जाता है और शुगर हाई हो जाती है, किडनी में स्टोन के साथ किडनी के फेल होने का खतरा बढ़ जाता है। इस बीमारी में घुटनों में दर्द इतना ज्यादा बढ़ जाता है कि उठने बैठने में भी समस्या होने लगती है। ऐसे में इस समस्या से जूझ रहे लोगों को उन फूड्स का सेवन करना चाहिए, जिसमें भरपूर



मात्रा में विटामिन और मिनरल्स मौजूद होते हैं। कच्चा पपीता यूरिक एसिड के मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद है।कच्चा पपीता यूरिक एसिड के मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद हैं।कच्चे पपीते में विटामिन-सी, एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लामेटरी जैसे गुण मौजूद होते हैं। पपीते में मौजूद फाइबर, यूरिक एसिड के मरीजों को जोड़ों में दर्द से राहत दिलाने में मदद करता है। कच्चे पपीते में मौजूद 'पपाइन' ब्लड में यूरिक एसिड को बढ़ने से रोकने में मदद करता है। इसके साथ ही यह प्रोटीन पचाने में मदद करता है। इसलिए इसके मरीजों को अपनी डाइट में कच्चा पपीता जरूर शामिल करना चाहिए।शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा को कंट्रोल करने के लिए आप पपीते का अलग-अलग तरीकों से सेवन कर सकते हैं। कच्चे पपीते के काढ़ा का सेवन आप सुबह के समय कर सकते हैं। कच्चे पपीते का काढ़ा स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। काढ़ा बनाने क लिए 2 लीटर पानी उबालें। अब एक कच्चे पपीते को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें और उसके अंदर से बीज निकाल लें। इन टुकड़ों को उबलते हुए पानी में डालें और करीब 5 मिनट तक उबालें। फिर इस पानी में 2 चम्मच ग्रीन टी डालकर उबाल लें। इस काढ़े का दिन में 3 से 4 बार सेवन करना फायदेमंद साबित हो सकता है। इससे आपके शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा नियंत्रित हो जाएगी। इसके साथ ही आप कच्चे पपीता की सब्जी का सेवन भी कर सकते हैं।

## एमएसपी पर होगी सरसों की खरीद : मुंडा



**नई दिल्ली** : केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि इस वर्ष किसानों ने भारी मात्रा में सरसों का उत्पादन किया है। इसके लिए सभी किसान भाई-बहन बधाई के पात्र हैं। मुंडा ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि उन्होंने संबंधित विभागों को सरसों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने के लिए कहा है। ताकि किसानों को उपज बेचने में कोई कठिनाई ना आए और उन्हें उपज की समुचित राशि मिल सके। हमारी सरकार का प्रयास है कि किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य मिल सके और उन्हें अपने उत्पाद को बेचने में कोई दिक्कत न आए।

## अमेरिका में तय वक्त से पहले ही पैदा हो रहे बच्चे, डॉक्टर भी नहीं समझ पा रहे वजह

**एजेंसी**

**वाशिंगटन:** अमेरिका में बच्चों के जन्म को लेकर अजीब सी स्थिति बन गई है। इसकी वजह डॉक्टर भी नहीं समझ पा रहे है। दरअसल अमेरिका में निर्धारित समय से 3 हफ्ते पहले ही बच्चों का जन्म हो रहा है। इस संबंध में सीडीसी रिसर्च जारी हुई है। इस रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार 40 हफ्ते का गर्भ का समय अमेरिका में घटकर अब 37 सप्ताह रह गया है। हैरानी की बात यह है कि खुद डॉक्टरों को भी इसकी वजह नहीं पड़ता चल पा रही है कि ऐसा आखिर क्यों हो रहा है। 2014 के साल के मुकाबले देखा जाए तो 2014 से 2022 के बीच समय से पहले ही बच्चों के पैदा होने की जन्म दर 12 फीसदी बढ़ गई है। इसकी वजह से बच्चे और मां दोनों को शारीरिक परेशानियां हो रही हैं, दोनों बीमार पड़ रहे हैं। वक्त से पहले नए जन्मे



बच्चे को संक्रमण, सांस और पेट की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार श्वेत महिलाओं की अपेक्षा अश्वेत और हिस्पैनिक महिलाओं में समय से पहले बच्चों को जन्म देने की ये दर ज्यादा है।

वहीं जिन महिलाओं की उम्र ज्यादा है, उनका प्रसवकाल कम हो गया है।हाल के वर्षों की रिपोर्ट देखें तो वॉशिंगटन इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मैट्रिक्स एंड इवेल्यूएशन के मुताबिक 15 से 19 के आयु वर्ग में जन्मदर सालभर में 8त्न घटी है। यह 1991 के बाद से लगातार घट रही है। वहीं, एशियाई-अमेरिकी महिलाओं में जन्मदर 8त्न, हिस्पैनिक में 3त्न और श्वेत महिलाओं में 6त्न घटी है। वहीं सिजेरियन डिलीवरी 32त्न बढ़ी है। पिछले साल अमेरिका में करीब 36 लाख बच्चे पैदा हुए थे। 2019 में यह करीब 38 लाख थे। 2007 में यह आंकड़ा करीब 43 लाख था।

## ईशा देओल और भरत तख्तानी हुए अलग, शादी के 12 साल बाद टूटा रिश्ता



**एजेंसी**

**मुंबई :** धर्मेंद्र और हेमा माहिली की बेटी एक्ट्रेस ईशा देओल ने 12 साल पहले बिजनेमैन भरत तख्तानी से शादी की थी। दोनों की शादीशुदा जिंदगी काफी अच्छी चल रही थी। सोशल मीडिया पर भी ईशा पति के साथ तस्वीरें साझा किया करती थीं, लेकिन अब दोनों के बीच पहले जैसा कुछ भी नहीं रहा है। दोनों ने अलग होने का फैसला कर लिया है। ईशा देओल और भरत तख्तानी शादी के 12 साल बाद अलग हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि दोनों ने आपसी सहमती से अलग होने का निर्णय लिया है। एक संयुक्त बयान में उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने रास्ते अलग करने का फैसला किया है। सामने आए बयान में कहा गया, हमने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। हमारे जीवन में इस बदलाव के माध्यम से हमारे दो बच्चों का सर्वोत्तम हित और कल्याण हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और रहेगा। हम इस बात की सराहना करेंगे कि हमारी गोपनीयता का सम्मान किया जाए। ईशा देओल ने भरत तख्तानी के साथ आखिरी बार तस्वीर अपनी एनिवर्सी पर पोस्ट किया था। ये तस्वीर एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर थी। इसके कैप्शन में लिखा, अनंत काल तक बनाए रखने के लिए। फिलहाल अब दोनों साथ नहीं है। इसके अलावा दोनों आखिरी बार एक साथ हेमा मालिनी की जन्मदिन पार्टी में स्पॉट हुए थे। ये स्टार कपल अक्सर सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर करता रहता था। हालांकि, भरत 2023 में ईशा देओल के जन्मदिन समारोह से गायब थे। इसके अलावा एक सोशल मीडिया यूजर ने 17 जनवरी को रेडिट पर एक पोस्ट शेयर किया और उसमें बताया कि ईशा और भरत पहले ही एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं। यही कारण है कि वे अब सार्वजनिक रूप से एक साथ नजर नहीं आते हैं। इतना ही नहीं इस पोस्ट में यूजर ने ये भी दावा किया है कि भरत अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं।

## शादी की सालगिरह पर भावुक हुईं कल्पना सोरेन, पति हेमंत सोरेन के लिए किया इमोशनल मैसेज

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन का 18 वीं शादी का सालगिरह बुधवार को है। हेमंत की पत्नी कल्पना ने एक्स के जरिए ट्वीट किया है कि झारखंड के अस्तित्व और अस्मिता की रक्षा के लिए हेमन्त सोरेन ने झुकना स्वीकार नहीं किया। उन्होंने षड्यंत्र से लड़ना और उसे हराने के लिए अपने आप को समर्पित करना बेहतर समझा। बुधवार को हमारी शादी की 18वीं सालगिरह है, पर हेमन्त परिवार के बीच नहीं हैं। बच्चों के साथ नहीं हैं। विश्वास है वो इस षड्यंत्र को हरा विजेता बनकर हम सभी के साथ शीघ्र होंगे। मैं एक वीर योद्धा की जीवन साथी हूं। आज के दिन मैं भावुक नहीं होऊंगी। हेमन्त की तरह ही विषम परिस्थितियों में भी मुस्कुराते हुए उनके साहस और संघर्ष की शक्ति बनूंगी।

**पेटीएम सीईओ ने लगाई गुहार**

# आरबीआई के साथ मिलकर सुलझाएं मामला : वित्त मंत्री

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से फिनटेक फर्म पेटीएम पर की गई कार्रवाई के बाद कंपनी पर संकट गहराता जा रहा है. इस बीच केंद्रीय बैंक के पेटीएम पेमेंट बैंक पर एक्शन के बाद पहली बार कंपनी के सीईओ विजय शेखर शर्मा ने मंगलवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन से मुलाकात की मामले में अपना पक्ष रखा. रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त मंत्रालय की ओर से उन्हें इस मामले को रिजर्व बैंक के साथ मिलकर सुलझाने के लिए कहा गया है.पेटीएम सीईओ विजय शेखर शर्मा ने वित्त मंत्री के साथ मुलाकात कर आरबीआई की कार्रवाई के बाद अपनी स्थिति बताते हुए अपना पक्ष रखा. इससे पहले एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि प्रवर्तन निदेशालय केंद्रीय बैंक द्वारा उठाए गए प्रमुख मुद्दों की औपचारिक जांच शुरू कर कर सकता है. हालांकि, कंपनी के ओर से पहले ही किसी भी तरह की ईडी जांच की बात से साफ इनकार कर चुकी है. फिलहाल, वित्त मंत्री के साथ हुई उनकी मुलाकात में इसे एक कंपनी से जुड़ा मामला बताते हुए कथित तौर पर विजय शेखर शर्मा को सीधे नियामक से निपटने के लिए कहा गया है.

**बैन की डेडलाइन आगे बढ़ाने की मांग:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ मुलाकात से पहले पेटीएम फाउंडर विजय शेखर शर्मा ने आरबीआई अधिकारियों से भी मुलाकात की थी. रिपोर्ट के मुताबिक, इस मुलाकात के दौरान उन्होंने केंद्रीय बैंक द्वारा पेटीएम पेमेंट बैंक पर बैन के आदेश को आगे बढ़ाने की गुहार लगाई है. उन्होंने अधिकारियों से 29 फरवरी 2024 की डेडलाइन बढ़ाने और आरबीआई द्वारा उल्लेखित समस्याओं को दूर करने के लिए एक रोडमैप की मांग की है.

**आरबीआई से मामले पर फिर विचार का आग्रह:** आरबीआई अधिकारियों और वित्त मंत्री से मुलाकातों के इस दौर से पहले पेटीएम फाउंडर विजय शेखर शर्मा की ओर से पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर कार्रवाई को लेकर फिर से विचार करने का आग्रह किया गया था. उन्होंने कहा कि पेटीएम पर हुई कार्रवाई का दूरगामी प्रभाव पड़ेगा, जिस कारण इसका असर कुछ अन्य स्टार्टअप्स पर भी हो सकता है.

**क्यों लिया गया पेटीएम पर एक्शन ? :** यहां ये जान लेना जरूरी है कि आखिर भारतीय रिजर्व बैंक ने फिनटेक फर्म पेटीएम पर ये कार्रवाई क्यों की है? तो बता दें कि आरबीआई ने गैर-अनुपालन और सुपरवाइजरी चिंताओं पर पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ नियामक कार्रवाई का आदेश दिया है. इसने बैंक से कस्टमर अकाउंट, वॉलेट, फास्टाग्स, एनसीएमसी, कार्ड में डिपॉजिट, ट्रांजेक्शन, प्रीपेड और टॉप-अप को रोकने के लिए कहा है. इसके साथ ही 29 फरवरी 2024 के बाद से कोई भी नया ग्राहक बनाने पर प्रतिबंध लगाया है.